सूर्योदय 6:3 सूर्यास्त 6:42

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.0 न्यू | 26.0 अधि |
| धर्मशाला | 15.9 न्यू | 31.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73137.90 |
| निफ्टी | 22161.60 |

सोना 90,380 चांदी 92,167

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




मेरे पास यह तय करने के लिए 10 महीने हैं कि मैं एक और साल खेलूं या नहीं: धोनी
पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 8 अप्रैल 2025 | 26 चैत्र, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 99, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## आज के मैच

कोलकाता नाइट राइडर्स vs लखनऊ सुपर जायंट्स
समयः दोपहर 3:30 बजे (इडेन गार्डेस)

पंजाब किंग्स vs चेन्नई सुपर किंग्स
समयः रात 7:30 बजे (मुल्लानपुर)

# पेट्रोल-डीजल की एक्साइज ड्यूटी 2-2 रुपए बढ़ी

## पेट्रोलियम कंपनियां उठाएंगी खर्चा, ग्राहकों की नहीं कटेगी जेब



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 2-2 रुपए प्रति लीटर बढ़ा दी है। हालांकि, आधे घंटे बाद यह भी साफ किया कि इससे पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़ेंगे। यह खर्चा पेट्रोलियम कंपनियां उठाएंगी। अभी सरकार पेट्रोल पर 19.90 रुपए लीटर और डीजल पर 15.80 रुपए लीटर एक्साइज ड्यूटी वसूल रही है।

इस बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल पर 21.90 रुपए लीटर और डीजल पर 17.80 रुपए लीटर ड्यूटी लगेगी। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि ड्यूटी को कच्चे तेल की घटी कीमतों से एडजस्ट किया जाएगा। आगे भी कच्चे तेल के दाम घटे तो पेट्रोल-डीजल के दामों में गिरावट आ सकती है। वहीं, पेट्रोलियम मंत्रालय ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने सूचित किया है कि उत्पाद शुल्क दरों में की गई वृद्धि के बाद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई वृद्धि नहीं होगी। आदेश के मुताबिक, पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क को बढ़ाकर 13 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 10 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। शुल्क वृद्धि आठ अप्रैल, 2025 से लागू होगी।

### 4 बातों पर निर्भर करते हैं पेट्रोल-डीजल के दाम

- कच्चे तेल की कीमत
- रुपए के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की कीमत
- केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा वसूले जाने वाला टैक्स
- देश में फ्यूल की मांग

## और इधर... रसोई गैस सिलेंडर 50 रुपए महंगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि वितरण कंपनियों ने रसोई गैस या एलपीजी की कीमत में प्रति सिलेंडर 50 रुपए की बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि यह बढ़ोतरी उज्ज्वला योजना और सामान्य उपभोक्ताओं दोनों के लिए लागू होगी।

सामान्य उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले वाले रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 803 रुपए से बढ़कर 853 रुपए हो जाएगी। उज्ज्वला योजना के तहत उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम वाले एक सिलेंडर की कीमत अब 503 रुपए से बढ़कर 553 रुपए होगी। इससे पहले सरकार ने 8 मार्च, 2024 को महिला दिवस पर सिलेंडर के दामों में 100 रुपए की कटौती थी। तब दिल्ली में सिलेंडर 903 रुपए का था। ऑयल कंपनियों ने 1 अप्रैल को 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम 44.50 तक घटाए थे। दिल्ली में इसकी कीमत 41 रुपए घटकर 1762 रुपए हो गई। पहले 1803 में मिल रहा था। कोलकाता में यह 44.50 रुपए घटकर 1868.50 में मिल रहा है, पहले इसके दाम 1913 रुपए थे।

### कंपनियों ने घाटे को कम करने को लिया फैसला

**पेट्रोलियम** मंत्री ने कहा कि ऑयल कंपनियों को लागत से कम कीमत पर सिलेंडर बेचने के कारण लगभग 41,000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इस घाटे को कम करने के लिए कीमतें बढ़ाने का फैसला लिया गया।

## 'ट्रंप शुल्क' की चिंता में शेयर बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 2,226 अंक गिरा

**एजेंसी, मुंबई**

**अमेरिका** के जवाबी शुल्क को लेकर चिंता के बीच सोमवार को भारत समेत दुनिया भर के बाजारों में बड़ी गिरावट आई। स्थानीय शेयर बाजार बीएसई सेंसेक्स 2,226.79 अंक का गोता लगा गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 743 अंक लुढ़क गया। दस माह में यह शेयर बाजार में सबसे बड़ी गिरावट है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से शुल्क बढ़ाए जाने और चीन के जवाबी कदम से आर्थिक नरमी की आशंका के बीच बाजार में गिरावट आई है।



### बीएसई सेंसेक्स में लगातार गिरावट

**तीस** शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और यह 2,226.79 अंक यानी 2.95 प्रतिशत के नुकसान के साथ 73,137.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 3,939.68 अंक यानी 5.22 प्रतिशत तक लुढ़क गया था।

### निफ्टी भी 3.24 प्रतिशत गिरा

**नेशनल** स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 742.85 अंक यानी 3.24 प्रतिशत टूटकर 22,161.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय निफ्टी 1,160.8 अंक तक लुढ़क गया था। हिंदुस्तान यूनिलीवर को छोड़कर सेंसेक्स में शामिल सभी शेयर नुकसान में रहे। टाटा स्टील में सबसे ज्यादा 7.33 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि लार्सन एंड टुब्रो 5.78 प्रतिशत के नुकसान में रहा। इसके अलावा टाटा मोटर्स, कोटक महिंद्रा बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे आए। हिंदुस्तान यूनिलीवर मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ।

### गिरावट की तीन वजह

**ट्रंप का रेसिप्रोकल टैरिफः** अमेरिका ने भारत पर 26 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। चीन पर 34 फीसदी, यूरोपीय यूनियन पर 20 फीसदी, साउथ कोरिया पर 25, जापान पर 24, वियतनाम पर 46 और ताइवान पर 32 फीसदी टैरिफ लगेगा।

**चीन ने जवाबी 34 फीसदी टैरिफ लगाया :** चीन ने शुक्रवार को अमेरिका पर 34 फीसदी जवाबी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। नया टैरिफ 10 अप्रैल से लागू होगा। 3 अप्रैल को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दुनियाभर में जैसे को तैसा टैरिफ लगाया था।

**इकोनॉमिक स्लोडाउन की चिंता :** टैरिफ से सामान महंगा होने पर लोग कम खरीदारी करेंगे, जिससे अर्थव्यवस्था की रफ्तार धीमी हो सकती है। साथ ही, मांग कम होने से कच्चे तेल की कीमतें भी गिरी हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### आसाराम को फिर पहली जुलाई तक अंतरिम जमानत



**जोधपुर।** जोधपुर के आश्रम में नाबालिग से रेप के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम को गुजरात के बाद अब राजस्थान हाईकोर्ट से भी राहत मिली है। कोर्ट ने उसकी अंतरिम जमानत की अवधि 1 जुलाई तक बढ़ा दी है। हाईकोर्ट ने आसाराम को सुप्रीम कोर्ट की ओर से पूर्व में जारी शर्तों का पालन करने के लिए कहा है। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस विनीत कुमार की खंडपीठ में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने आसाराम को 30 जून तक की अंतरिम जमानत दी, तो वकील ने अंतिम दिन छुट्टी होने की बात कहते हुए इसे 1 जुलाई तक करने का आग्रह किया।

### सपा नेता विनय शंकर के 10 ठिकानों पर ईडी की रेड

**लखनऊ।** सपा नेता और चिल्लूपार सीट से पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के गोरखपुर, लखनऊ, नोएडा और मुंबई के ठिकानों सहित दस जगहों पर ईडी ने एक साथ रेड डाली है। सूत्रों के अनुसार, ईडी ने चार्जशीट तैयार की है, जिसे जल्द ही कोर्ट में पेश किया जाएगा। जांच में सामने आया था कि मेसर्स गंगोत्री एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपने प्रमोटरों, निदेशकों, गारंटरों के साथ मिलकर बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले सात बैंकों के कंसोर्टियम से 1129.44 करोड़ की क्रेडिट सुविधाओं का लाभ लिया था।

### कॉमेडियन कुणाल की जमानत अवधि बढ़ाई

**चेन्नई।** मद्रास हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बारे में अपनी टिप्पणियों को लेकर मुश्किलों में घिरे 'स्टैंडअप' कॉमेडियन कुणाल कामरा की अंतरिम अग्रिम जमानत की अवधि 17 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी है। कामरा ने उक्त मामले में गिरफ्तारी की आशंका के बीच अग्रिम जमानत देने के लिए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने याचिकाकर्ता कामरा को संबंधित अदालतों से संपर्क करने के लिए कदम उठाने का भी निर्देश दिया। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील वी. सुरेश ने बताया कि याचिकाकर्ता (कामरा) के खिलाफ महाराष्ट्र में तीन और प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

## विमल नेगी मौत मामला : एमडी हरिकेश को अंतरिम जमानत

**पुष्पेंद्र, शिमला**

**चीफ** इंजीनियर विमल नेगी की मौत से जुड़े मामले में पावर कॉरपोरेशन के एमडी हरिकेश मीणा को हाईकोर्ट से अंतरिम अग्रिम जमानत मिल गई है। याचिका पर आगामी सुनवाई 9 अप्रैल को होगी।

दस मार्च से लापता एचपीपीसीएल के चीफ इंजीनियर रहे विमल नेगी का शव 18 मार्च को बिलासपुर स्थित गोबिंदसागर झील में मिला था। नेगी के लापता होने के बाद उनकी पत्नी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पावर कॉरपोरेशन के एमडी हरिकेश मीणा, निदेशक देसराज समेत अन्य उच्च धिकारियों पर उनके पति को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। (अनंत ज्ञान)

### राजन सुशांत और बेटे को 5 मई को हाईकोर्ट के समक्ष हाजिर होने के आदेश

**शिमला।** प्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व लोकसभा सांसद राजन सुशांत और उनके बेटे धैर्य सुशांत को 5 मई को कोर्ट के समक्ष उपस्थित रहने के आदेश जारी किए हैं। प्रतिवादियों को कोर्ट की आपराधिक अवमानना से जुड़े मामले में कारण बताओ नोटिस जारी किया था। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान की खंडपीठ ने 3 सप्ताह के भीतर जवाब दायर करने के आदेश दिए। प्रतिवादियों पर हाईकोर्ट परिसर से 11 फरवरी को फेसबुक पेज पर लाइव आकर न्यायपालिका की छवि को धूमिल करने का आरोप है।

## बिजली बोर्ड में जल्द भर्ती होगा फील्ड स्टाफ : सुक्खू

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**शिमला** में सोमवार को सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक हुई। सीएम ने कहा कि हिमाचल राज्य बिजली बोर्ड लिमिटेड में बड़े पैमाने पर फील्ड स्टाफ भर्ती होगा, ताकि राज्य में बिना बाधा के बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा समय में कई अधिकारी ऊर्जा निदेशालयों, एचपीपीसीएल और पावर कॉर्पोरेशन में प्रतिनियुक्तियों पर कार्यरत हैं, उन्हें 30 अप्रैल तक संबंधित स्थानों में स्थायी रूप से समायोजित होने का विकल्प मिलेगा।



ऊर्जा विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### बोले- ऊहल चरण-3 जल बिजली परियोजना का जल्द होगा लोकार्पण

**मुख्यमंत्री** ने बताया कि 100 मेगावॉट क्षमता की ऊहल चरण-3 जल बिजली परियोजना का शीघ्र लोकार्पण कर दिया जाएगा। इस परियोजना को 17 मई, 2020 को पेनस्टॉक फटने से नुकसान पहुंचा था। वर्तमान राज्य सरकार ने इस परियोजना का कार्य तेजी से आगे बढ़ाया और परियोजना के लिए 185 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की। इस परियोजना से अब तक 2.97 करोड़ यूनिट का विद्युत उत्पादन हो चुका है। वर्ष, 2003 में आरंभ हुई यह परियोजना 22 वर्ष के बाद कार्यशील हो पाई है। यह परियोजना पूरी तरह संचालित होने के उपरांत प्रतिवर्ष लगभग 392 मिलियन यूनिट बिजली का उत्पादन करेगी, जिससे राज्य को लगभग 200 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित होगा।

### अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने राज्य में बिना विलंब के विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने में एचपीपीटीसीएल के अधिकारी और कर्मचारी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की।

## कांगड़ा 35 और ऊना 36 डिग्री पार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में गर्मी प्रचंड रूप दिखाने लग पड़ी है। मैदानी इलाके बुरी तरह से तप उठे हैं। बीते 24 घंटों में ऊना और कांगड़ा जिला सबसे गर्म दिखे। हालांकि, मंगलवार से गर्मी में कुछ हद तक राहत मिल सकती है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पांच जिलों में हल्की बर्फबारी और बारिश होने के आसार हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 8, 9 और 12 अप्रैल को चंबा, कुल्लू, कांगड़ा, लाहौल-स्पीति और किन्नौर जिले के एक स्थानों पर हल्की बारिश, बर्फबारी की संभावना जताई है। वहीं, 10 और 11 अप्रैल को कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है, जबकि निचले पहाड़ी-मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, आगामी 2-3 दिनों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी।



**अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| ऊना | 36.8° |
| कांगड़ा | 35.0° |
| धौलाकुआं | 34.9° |
| बिलासपुर | 34.5° |
| सुंदरनगर | 34.3° |
| नालागढ़ | 33.9° |
| नाहन | 33.9° |
| मंडी | 33.6° |
| बरठीं | 33.4° |
| भुंतर | 33.2° |
| सोलन | 31.5° |
| चंबा | 31.2° |
| धर्मशाला | 31.0° |

## वक्फ कानून के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई सहमति

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने की सहमति दे दी है।

जमीयत उलेमा-ए-हिंद के वकील कपिल सिब्बल ने अदालत से अर्जेंट हियरिंग की मांग की थी। इस पर सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि आप वकीलों से कहें कि हमें मेल या पत्र भेजें। इस पर सिब्बल ने कहा कि यह प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है।

### मुस्लिम लॉ बोर्ड भी पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** देशभर में नए वक्फ कानून को लेकर सियासी गर्माहट तेज है। आरोप प्रत्यारोप की राजनीति भी अपने चरम पर है। विपक्ष और कई मुस्लिम लीग इस संशोधन के विरोध में अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। इसी बीच ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने भी नए वक्फ कानून 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है।

### वीवीपैट पर्चियों की हाथ से गिनती की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मतगणना के दौरान मतों की इलेक्ट्रॉनिक गिनती कराए जाने के अलावा वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों की हाथ से शत-प्रतिशत गिनती किए जाने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने संबंधी याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के 12 अगस्त, 2024 के फैसले के खिलाफ हंस राजजैन की याचिका पर सुनवाई की।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- विमल नेगी मामले की जांच पर सियासत तेज -पेज 3
- 15 तक पेमेंट नहीं हुई तो परिवार के साथ सड़कों पर करेंगे प्रदर्शन-पेज 6
- सोलन नहीं रहेगा प्यासा, 8 करोड़ से बिछेंगी नई लाइनें -पेज 12
- आरएसएस-भाजपा जातीय जनगणना नहीं चाहती, हम करवाकर रहेंगेः राहुल -पेज 13
- रुद्रांक्ष ने शूटिंग वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल में जीता गोल्ड -पेज 14

**राजनीति** भाजपा में गुटबाजी चरम पर; कांग्रेस में भी कई गुट कर रहे काम, सरकार और संगठन में तालमेल की कमी

# संगठनात्मक ढांचे की दरार भरने में उलझी कांग्रेस-भाजपा

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

**हिमाचल** प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा अपने संगठनात्मक ढांचे की दरार भरने में उलझी हुई है। दोनों दलों के अंदर सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। गुटबाजी की लड़ाई थमने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेस पार्टी जहां सरकार के साथ तालमेल बिठाने में नाकाम है, तो वहीं, भाजपा संगठनात्मक चुनाव के बाद अध्यक्ष पद पर सहमति नहीं बना पा रही है।

मौजूदा समय में डॉ. राजीव बिंदल पर एक राय नहीं बन पा रही है। पहले नवरात्र में नए अध्यक्ष के ऐलान की बात की गई थी, लेकिन आम सहमति नहीं बनने से ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। साल 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा किसी सर्वमान्य नेता के साथ उतरना चाह रही है, ऐसा नेता फिलहाल पार्टी के पास नहीं है। यह देखकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर उम्मीदें टिकी हैं, जो अपने संसदीय क्षेत्र मंडी में सशक्त नेता के तौर पर उभरे हैं, अन्य क्षेत्रों में भी उनकी अच्छी पकड़ है। उलझन यह है कि सत्ता में अभी ढाई साल शेष है, अगर पार्टी जयराम ठाकुर पर दाव खेलती है, फिर सदन के अंदर कांग्रेस सरकार पर हमले की धार कुंद हो जाएगी। विपिन परमार, सतपाल सिंह सत्ती और विक्रम सिंह बतौर भाजपा विधायक सरकार पर हमलावर जरूर हैं, लेकिन जयराम के अनुभव के आगे इतना आसान नहीं लग रहा है। फिलहाल, अध्यक्ष का पेंच फंसा हुआ और गुटबाजी की आड़ में यह पेंच सुलझने का नाम नहीं ले रहा है। (अनंत ज्ञान)

### नड्डा और जितेंद्र सिंह के हाथ में गेंद

**अब** गेंद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र कुमार के हाथ में है, जिनकी सहमति से ही किंतु-परंतु पर विराम लगेगा और नया अध्यक्ष मिल जाएगा।

### कुलदीप राठौर दिखा चुके हैं सार्वजनिक विरोध का रूप

**सत्तासीन** कांग्रेस पार्टी भी इसी पसोपेश में फंसी है। अध्यक्ष पद पर तो पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का चुना जाना लगभग तय है। यहां पर जिला अध्यक्ष और संगठन की राज्य स्तरीय टीम चुने जाने में दिक्कत आ रही है। गुटबाजी का दंश लगातार गहरा रहा है। पार्टी और सरकार के बीच मतभेद चल रहे हैं, जिसकी झलक सार्वजनिक रूप से विधायक कुलदीप सिंह राठौर दिखा चुके हैं। पहले जिला अध्यक्षों की घोषणा होनी है। इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों का ऐलान होगा। हालांकि, पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा सिंह जिला अध्यक्ष सहित तमाम पदाधिकारियों के नाम को फाइनल बता रही है, मगर बावजूद इसके जिला अध्यक्षों के साथ पदाधिकारियों के नाम सामने नहीं आ रहे हैं, जो कहीं न कहीं गुटबाजी की तरफ साफ इशारा करते हैं, जिसमें कांग्रेस पार्टी की राज्य प्रभारी रजनी पार्टी कांग्रेस की अंदरुनी कलह रोकने में विफल रही है, उनके निरंतर प्रयास भी कोई सुखद नतीजा नहीं निकाल पा रहे हैं, ऐसे में कांग्रेस के अंदर गुटबाजी की स्थित साफ दिखने लगी है।

### भाजपा अध्यक्ष पद पर आम राय न बनने से परेशान

**भाजपा** भी कई गुटों में बंटी नजर आ रही है। जहां भाजपा ने बूथ व जिलास्तर पर नामों की घोषणा कर दी है, लेकिन अध्यक्ष पद पर सहमति नहीं बन पा रही है।

### कांग्रेस बूथ, जिला और नए पदाधिकारियों के नामों में उलझी

**कांग्रेस** अध्यक्ष पद पर तो सहमत है, मगर जिला अध्यक्षों से लेकर संगठन की नई टीम की घोषणा में पूरी तरह से उलझ गई है, अब देखना होगा कि दोनों दल कैसे पार पाते हैं।

## वित्त वर्ष 23-24 में भाजपा को मिला सबसे ज्यादा चंदा

### एडीआर ने जारी की राजनीतिक दलों को मिले चंदे की रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**चुनाव** अधिकार निकाय एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने वित्त वर्ष 2023-24 में राजनीति दलों को मिले चंदे की रिपोर्ट जारी की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, राष्ट्रीय दलों में भाजपा को सबसे अधिक चंदा मिला। भाजपा को 8358 दानदाताओं की ओर से कुल 2,243 करोड़ रुपए से अधिक राशि चंदे में मिली। राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग को चंदे में मिली रकम की जानकारी सौंपी है। राजनीतिक दलों ने चुनाव आयोग को उन दान राशियों की जानकारी दी है, जो 20 हजार रुपए से अधिक थीं। राष्ट्रीय दलों को 12,547 कुल दान मिले हैं। इन चंदों की कुल राशि 2,544.28 करोड़ रुपए है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 199 प्रतिशत अधिक है।

### कांग्रेस ने चंदे से 281.48 करोड़ जुटाए

**सभी** राजनीतिक दलों को मिले कुल चंदे का सिर्फ 88 फीसदी भाजपा को मिला है। कांग्रेस ने 1994 चंदों के जरिए कुल 281.48 करोड़ रुपए जुटाए और दूसरे स्थान पर रही। आम आदमी पार्टी (आप), कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी), और नेशनल पीपल्स पार्टी छोटे चंदे मिले, जबकि बहुजन समाज पार्टी को 20 रुपए से अधिक की राशि का कोई चंदा नहीं मिला।

## न्यूज ब्रीफ

### पोक्सो एक्ट के तहत दोषी को 5 वर्ष का कारावास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विशेष न्यायाधीश हमीरपुर भुवनेश अवस्थी ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए धारा 10 पोक्सो एक्ट के तहत 5 वर्ष का कठोर कारावास तथा 20,000 रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का साधारण कारावास, धारा-354 आईपीसी के साथ धारा 3(2)(वीए) एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध के लिए 6 माह का कारावास तथा 5000 रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने पर एक माह का साधारण कारावास, धारा-506 आईपीसी के साथ धारा 3(2)(वीए) एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध के लिए 6 माह का कारावास तथा 2000 रुपए का जुर्माना व धारा 3(1)(डब्ल्यू) एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध के लिए एक वर्ष का कारावास तथा 5000 रुपए का जुर्माना लगाया। 30 दिसंबर 2021 को आरोपी ने अपनी कार में पीड़िता को अनुचित तरीके से छुआ, जबकि वह आरोपी की कार में अपने स्कूल जा रही थी। आरोपी पीड़िता के स्कूल में शिक्षक था। मामले को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने 14 गवाहों की जांच की। मुकदमा संदीप अग्निहोत्री, जिला अटॉर्नी हमीरपुर द्वारा चलाया गया।

### महिला ने सोने की अंगूठी पर किया हाथ साफ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन शहर में एक ज्वैलरी की दुकान में गहने देखने के नाम पर एक महिला ने सोने की अंगूठी पर हाथ साफ कर लिया, जिसकी क्षेत्र में काफी चर्चा है। मिली जानकारी के अनुसार एक महिला प्रसिद्ध धर्मवीर ज्वैलर्स की दुकान में गई। वहां उसने सोने की अंगूठी दिखाने की बात कही। दुकानदार में कार्यरत सेल्समैन ने अंगूठी दिखाने के लिए अंगूठियों की ट्रे महिला के सामने काउंटर पर रखी, ताकि वह पसंद कर ले। महिला ने बड़ी चालाकी से 19.380 ग्राम सोन की अंगूठी चुरा ली और उसकी जगह नकली अंगूठी रख दी, ताकि सेल्समैन को पता न चले। महिला अंगूठी चोरी कर यह कह कर चली गई कि पसंद नहीं आ रही है। अंगूठी चोरी का दुकानदार को उस समय पता चला, जब एक अन्य ग्राहक अंगूठी खरीदने के लिए आई, तो ग्राहक को कुछ संदेह हुआ उसने यह बात दुकानदार को बताई दुकानदार ने जांचा तो पाया कि इस अंगूठी पर न तो टैग है और न ही असली अंगूठी है। एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।



जोल सप्पड़ में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कलश यात्राएं निकालती महिलाएं।

### डिजिटल टूल्स फॉर को-ऑपरेटिव पर चर्चा की

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के उपलक्ष्य पर विकासखंड सुजानपुर के उपवृत्त जंगलबैरी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें प्रबंधक समिति सदस्य, सभा सदस्य, सभा सचिव, सभा विक्रेता व अन्य कर्मचारी उपस्थित हुए। कार्यशाला का आयोजन डॉक्टर मनोज कुमार खंड निरीक्षक सहकारी सभाएं सुजानपुर द्वारा किया गया व उनके द्वारा एक विषय ट्रेनिंग ऑन डिजिटल टूल्स फॉर को-ऑपरेटिव पर चर्चा की गई तथा दूसरा विषय को-ऑपरेटिव फार्मिंग टेक्निक्स ट्रेनिंग में नेचुरल /ऑर्गेनिक फार्मिंग पर मनीष कुमार सभा सचिव बजरोल द्वारा चर्चा की गई। इस कार्यशाला में समस्त प्रबंधक सदस्यों ने बढ़-चढ़कर कर भाग लिया। इसके आयोजन के लिए समस्त उपस्थित सदस्यों ने सहकारिता विभाग व सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं हमीरपुर बीना भाटिया का धन्यवाद किया।

### गोशाला में तीन टीन शेड का होगा निर्माण

**एसके ठाकुर, बड़सर।** विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बेसहारा पशुओं को धूप से बचाने के लिए तीन टीन शेडों के निर्माण के लिए विधायक निधि से 11 लाख धनराशि देने की घोषणा की है। क्षेत्र के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल उनसे इस समस्या को लेकर मिला, जिसके चलते जब रविवार के दिन विधायक यहां मेले में पहुंचे, तो उन्होंने कहा जल्द राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। तीन किस्तों में यह पैसा आएगा। लगभग 70 पशु इस गोशाला में हैं और दो-तीन सालों से स्थानीय लोग साथ में बिझड़ी बाजार से भी लोग इस कमेटी के साथ जुड़े हैं। स्थानीय पंचायत के लोगों ने इसमें अपना काफी सहयोग किया है। इसके चलते दिन-प्रतिदिन इस गोशाला की स्थिति बेहतर हो रही है, चाहे पशुओं की तूड़ी की बात हो या फिर साफ-सुथरा पानी, हरे चारे की व्यवस्था पशुओं के लिए यहां पंखे भी लगे हुए हैं। सठवीं पंचायत के प्रधान बलविंद्र कौर, डॉक्टर दलवीर राणा, अजय गोशाला कमेटी के प्रधान केहर सिंह ने इसके लिए विधायक इंद्र दत्त लखनपाल का आभार प्रकट किया।

### विधायक ने किया सीएससी भवन का उद्घाटन

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विधायक कै. रणजीत सिंह ने सुजानपुर विधानसभा की पंचायत पटलांदर के सीएससी भवन का पूजा-अर्चना कर उद्घाटन किया। विधायक ने जनता को संबोधित कर जनसमस्याएं सुनीं। इस मौके पर पंचायत प्रधान, उपप्रधान, वार्ड सदस्य, सचिव, टेक्निकल सहायक, खंड विकास अधिकारी व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजिंद्र वर्मा, रंगड़ पंचायत के प्रधान संजीव, विनय शर्मा, सुभाष व अन्य मौजूद रहे।

### बस किराये में बढ़ोतरी का निर्णय गलत : मुकुल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एबीवीपी जिला हमीरपुर के तहसील संयोजक हमीरपुर मुकुल राणा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बस किराये में बढ़ोतरी का फैसला प्रदेश सरकार का गलत निर्णय है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश सरकार ने प्रदेश में बसों के किराये में बढोतरी की है, उससे प्रदेश का छात्र समुदाय सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। हमें देखने को मिलता है कि अपने घरों से दूर विद्यार्थी विद्यालयों, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए बसों में सफर करते हैं और अब जब यह किराये में बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया है, तो सबसे ज्यादा प्रभाव छात्रों पर पड़ा है।

### एनआईटी में हैक 5.0 ग्रैंड फिनाले संपन्न

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हैक 5.0 के अंतिम दिन रचनात्मकता और तकनीकी उत्कृष्टता की एक तीव्र परिणति देखी गई क्योंकि प्रतिभागियों ने निर्णायकों द्वारा अंतिम मूल्यांकन के लिए अपनी परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। मूल्यांकन के बाद, समापन समारोह की शुरुआत नाटी क्लब के अद्भुत प्रदर्शनों के साथ हुई। इस कार्यक्रम में निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी, रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नैनोटी, डीन छात्र कल्याण डॉ. अशोक कुमार, कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. सिद्धार्थ चौहान और सीएसईसी की प्रभारी अधिकारी डॉ. ज्योति श्रीवास्तव सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद थे। उनके प्रोत्साहन भरे शब्दों ने एक प्रेरक कार्यक्रम की शुरुआत की। विजेताओं की घोषणा एक गर्मजोशी भरे और उत्सवी माहौल में की गई। विशेष ट्रैक में, टीम नल प्वॉइंटर्स ने एआई एमएल ट्रैक में अपने असाधारण काम के लिए सुर्खियां बटोरकर, पहला पुरस्कार जीता, जबकि दूसरा और तीसरा स्थान टीम नेक्स्टमेड और टीम हंटर्स ने हासिल किया।

### महिला मंडल भवन का किया भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** नादौन विकास खंड की पंचायत गलोड़ खास के गांव बुधवीं हरिजन बस्ती में 5 लाख रुपए की लागत से बनने वाले महिला मंडल भवन का भूमि पूजन किया गया। पंचायत प्रधान संजीव शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री सुक्खू ने ग्रामीणों की सुविधा के लिए महिला मंडल के भवन के लिए पांच लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। प्रधान ने विधिवत रूप से भूमि का पूजन किया।

### पेंशन समय पर न मिलना चिंता का विषय

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच हमीरपुर इकाई की मासिक बैठक बस संस्थान हमीरपुर में जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजमेर ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित हुए। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने बैठक में कहा कि पेंशन समय पर न मिलना बहुत ही चिंता का विषय है। इस बारे में कई बार सरकार व प्रबंधन से गुहार लगाई गई, लेकिन अभी तक सरकार ने कल्याण मंच को वार्ता तक के लिए नहीं बुलाया। एक तरफ प्रदेश सरकार व्यवस्था परिवर्तन की बात कर रही है और दूसरी तरफ पेंशनर्स को इस बुढ़ापे में अपने देय भत्तों को लेकर उच्च न्यायालय में जाना पड़ रहा है।

### लोगों को स्वास्थ्य के बारे में किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन डॉ. रमेश रतू, खंड चिकित्सा अधिकारी टौणी देवी के दिशा निर्देशानुसार पंचायत बनाल में प्रधान रीना देवी की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर खंड स्वास्थ्य शिक्षक कमल मनकोटिया ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक करना है। स्वास्थ्य शिक्षक ने बताया कि व्यक्ति वही स्वस्थ है, जो शारीरिक तौर पर मानसिक तौर पर, सामाजिक तौर पर एवं आध्यात्मिक तौर पर पूर्णतया फिट है, उसी को ही हम स्वस्थ व्यक्ति मान सकते हैं।

# होली मेले के बाद भी चौगान में डटे दुकानदार

## मेले की अवधि बढ़ाने को लेकर विधायक कै. रणजीत सिंह से मिले दुकानदार

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



राष्ट्रीय स्तरीय होली मेले में दुकानदारों द्वारा लगाई गई दुकानों की अवधि सोमवार को समाप्त हो गई है। बावजूद इसके दुकानदार सामान सजाकर दुकानदारी करने में डटे हुए हैं। स्थानीय प्रशासन की माने, तो निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद दुकानदारों को चौगान से सामान हटाना होगा। सोमवार को होली मेले की अवधि समाप्त हो चुकी है, लेकिन फिर भी दुकानदारों ने अपना सामान नहीं उठाया है।

होली मेले में आए दुकानदारों ने सोमवार को विधायक कै. रणजीत सिंह से मुलाकात की और मेले को कुछ दिन बढ़ाने का आग्रह किया। दुकानदारों का कहना है कि जिस तरह से उन्होंने प्लाट खरीदे थे, उस हिसाब से उनकी कमाई नहीं हुई है। ऐसे में दुकानदारों को कुछ और दिन यहां पर दुकानें लगाने की परमीशन दी जाए। बता दें कि होली मेला शुरू होने से पहले स्थानीय दुकानदारों से आग्रह किया था कि निर्धारित अवधि तक ही होली मेले में दुकानदारों को दुकानें लगाने की परमीशन दी जाए। दुकानदारों ने कहा कि होली मेले में अवधि बढ़ाने से स्थानीय दुकानदारों को नुकसान उठाना पड़ता है इसलिए दुकानदारों को निर्धारित अवधि से अधिक दुकानें लगाने की अनुमति न दी जाए। हालांकि, स्थानीय प्रशासन की दो टूक चेतावनी है कि यदि मंगलवार तक दुकानदारों ने अपन सामान चैगान से नहीं उठाया, तो ऐसे दुकानदारों पर कार्रवाई की जाएगी। कुछ दुकानदारों ने अपना सामान समेटना शुरू कर दिया है। वहीं, कुछ दुकानदार अभी भी चौगान में डटे हुए हैं, अब देखना यह है कि मंगलवार को स्थानीय प्रशासन द्वारा चैगान में दुकानदारी कर रहे दुकानदारों पर क्या कार्रवाई करता है। जबकि, मेले में दुकाने लगाने की अवधि बढ़ाने संबंधी कोई भी पत्र जारी नहीं किया गया है। ऐसे में दुकानदारों को अपना सामान चौगान से हटाना होगा। इस बारे में एसडीएम संजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि जब सब कुछ तय हो गया तो मेला बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है। दुकानदारों को अपना सामान चौगान से उठाना ही होगा। (अनंत ज्ञान)

### स्थानीय दुकानदार करते हैं विरोध

**मेला** की अवधि बढ़ाने का स्थानीय दुकानदार विरोध करते हैं क्योंकि एक महीने तक चैगान में लोग खरीददारी करते हैं और उनकी दुकानदारी पर असर पड़ता है। एक बार प्रशासन ने मेले की अवधि बढ़ाई थी, तो दुकानदारों ने इसका जमकर विरोध किया था। उसके बाद होली मेले को लेकर आयोजित बैठक में ही तय कर दिया जाता है कि मेले की अवधि को नहीं बढ़ाया जाएगा।

# धमरोल बाजार में वाहनों की लगी लंबी-लंबी कतारें

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



भोरंज उपमंडल के धमरोल बाजार में जाम की समस्या लगातार विकराल रूप धारण कर रही है। धमरोल बाजार में सोमवार को वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लगी रही, जिससे 2 घंटे तक जाम लग गया। इसके लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा।

भोरंज उपमंडल का मुख्य कस्बा होने के कारण दिन भर इस बाजार की सड़कों से सैकड़ों गाड़ियां गुजरती हैं, लेकिन जाम के कारण वाहन चालकों व राहगीरों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती हैं। धमरोल बाजार दंगल के चलते दिन में कई बार जाम लगा है। जाम लगने का कारण सड़क का संकरा होना है, लेकिन इस समस्या को सड़क किनारे खड़े दोपहिया वाहन व गाड़ियां और भी गंभीर बना देती हैं। नतीजा बड़ी गाड़ियों को पास देने के लिए जगह नहीं मिलती, जिससे लगभग आधे किलोमीटर लंबे बाजार में गाड़ियां रिवर्स करवानी पड़ती हैं। इसके अलावा इतने बड़े बाजार में पार्किंग की व्यवस्था न होना भी जाम लगने का कारण है। जाम से वाहन चालकों को अच्छी खासी परेशानी होती है। स्कूल बसें, तो अकसर इस जाम में फंसकर लेट हो ही जाती हैं, लेकिन अगर गंभीर मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस इस लंबे जाम में फंस जाए तथा मरीज की जान पर बन आए, तो जिम्मेदार कौन होगा। लोगों में शशि, बलवीर शर्मा, विनोद शर्मा, रजनीश कुमार, सतीश कुमार, विजय शर्मा, पवन ठाकुर, रमन व अन्य दुकानदारों सहित वाहन चालकों ने प्रशासन से इस समस्या से निजात दिलवाने की मांग की है।

# पीएचसी भोटा पहले डिनोटिफाई किया और अब रात्रि सेवा भी कर दी बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विकास खंड बड़सर की पंचायत सौर से पंचायत समिति सदस्य विनोद धीमान ने एक गंभीर मुद्दे को उठाते हुए बताया कि हाल ही में उनके परिवार के एक सदस्य की अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसे वह रात 4 बजे भोटा स्थित पीएचसी लेकर पहुंचे, लेकिन वहां अस्पताल बंद पाया गया।

मजबूरी में उन्हें लगभग 15 किलोमीटर दूर हमीरपुर के प्राइवेट अस्पताल का रुख करना पड़ा। उन्होंने बताया कि पीएचसी भोटा एक केंद्रीय स्थान पर स्थित है, जिसके अंतर्गत लगभग 20 से 25 पंचायतें आती हैं। यहां के ग्रामीणजन प्राथमिक इलाज के लिए इसी पीएचसी पर निर्भर रहते हैं, लेकिन रात को अस्पताल बंद होने के कारण लोगों को प्राइवेट अस्पतालों की ओर जाना पड़ता है, जिनका खर्च वहन करना हर किसी के लिए संभव नहीं है। विनोद धीमान ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस महत्वपूर्ण पीएचसी को अपग्रेड करने के बाद कांग्रेस सरकार द्वारा डीनोटिफाई कर दिया गया और अब इसकी रात्रि सेवा भी बंद कर दी गई है, जिससे यह केवल एक सामान्य डिस्पेंसरी बनकर रह गया है। पहले यह अस्पताल 24 घंटे खुला रहता था और स्थानीय लोग निर्बाध रूप से इलाज करवा पाते थे। उन्होंने प्रदेश सरकार, विशेष रूप से मुख्यमंत्री सुक्खू, जो कि स्वयं हमीरपुर जिले से हैं, उनसे अपील की है कि वे धरातल पर आकर लोगों की समस्याएं समझें और उनका जल्द समाधान करें। अगर अस्पताल में स्टाफ की कमी है, तो सरकार को तुरंत आवश्यक भर्ती करवानी चाहिए। विनोद धीमान ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि पीएचसी भोटा को पुन: 24 घंटे चालू किया जाए, ताकि ग्रामीण जनता को स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर मिल सकें और उन्हें आर्थिक तथा मानसिक परेशानियों से राहत मिले।

# भरेड़ी के जंगलों में लगी आग, वन संपदा राख

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंडल के वन विश्राम गृह भरेड़ी के पास जंगलों में लगी भीषण आग ने क्षेत्र को दहला दिया है। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास रखा लकड़ी का भंडार भी इसकी चपेट में आ गया।

वन विभाग का कहना है कि आगजनी की यह घटना सुनियोजित लग रही है, जिसमें असामाजिक तत्वों की भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता। जंगल में आग लगने की सूचना मिलते ही वन विभाग हरकत में आया और तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर अथक प्रयासों से आधी लकड़ी को जलने से बचा लिया, लेकिन तब तक आधे से अधिक लकड़ी और वन संपदा राख हो चुकी थी। इस घटना के बाद वन्य जीव-जंतुओं में हड़कंप मच गया। जान बचाने के लिए कई पशु पक्षी रिहायशी इलाकों की ओर भागते देखे गए हैं। वहीं, हवा की गति के कारण चीड़ की सूखी पत्तियों से आग बार-बार भड़क रही है, जिससे आग पर नियंत्रण पाना चुनौती बन गया है।



### सामाजिक जिम्मेदारी की अपील

**वन** विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे जंगलों में आग लगाने से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत विभाग को दें। यह न केवल पर्यावरण की रक्षा का मामला है, बल्कि हमारे भविष्य की सुरक्षा का सवाल भी है।

### वन विभाग ने दी चेतावनी

**वन** विभाग ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति जंगल में आग लगाते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भरेड़ी के वन रक्षक योग राज ने बताया कि आग से भारी नुकसान हुआ है। हमारी टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आग को फैलने से रोका, लेकिन जनता से अपील है कि खेतों और घासनियों में आग लगाते समय पूरी सावधानी बरतें। इस मौके पर रेंजर अघार अंकुश सिंह, बीइओ पवना कुमारी व समस्त वन विभाग की टीम भी पहुंच गई थी। वन विभाग रेंज ऑफिस अघार रंजर अंकुश सिंह ने बताया कि वन विश्राम गृह में रखी लकड़ी जल गई है। लकड़ी को कॉर्पोरेशन को सौंप दिया था, लेकिन उन्होंने इसे समय पर नहीं उठाया। आग सड़क की ओर से कैसे लगी इसकी कोई जानकरी नहीं लगी है। आगजनी से चौकीदार का कमरा भी थोड़ा जल गया है। आगजनी के नुकसान के लिए कमेटी गठित की जाएगी, उसके बाद ही नुकसान का आकलन होगा। समाचार लिखे जाने तक अभी अग्निशमन विभाग के कर्मचारी आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने भी चिंता जताई है कि आग हर दिन विकराल रूप ले रही है और यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं पाया गया, तो रिहायशी इलाकों तक भी इसका खतरा बढ़ सकता है। कई लोग रात-रात भर जागकर आग पर नजर बनाए हुए हैं।

# पड़ोसी पर चुपके से फोटो खींचने और वीडियो बनाने का आरोप

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बड़सर उपमंडल की बल्ह-विहाल पंचायत के एक गांव की महिला ने पड़ोसी युवक पर पीछा करने और चुपके से फोटो और वीडियो बनाने का आरोप लगाया है।

महिला ने इसकी शिकायत पुलिस थाना में दर्ज करवाई है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि युवक ने फोटो व वीडियो घर पर काम करते हुए बनाए थे, जिस पर उसके परिवार के सदस्यों ने दीपक कुमार के फोन से फोटो व वीडियो को डिलीट करवा दिया था। 4 अप्रैल को दोबारा जब महिला बाथरुम में हाथ मुंह धोने गई, तो युवक ने बाथरुम से वीडियो बनानी शुरू कर दी, जिस पर 5 अप्रैल को शिकायतकर्ता के पति ने इससे पूछा व इसका फोन चैक किया, उसमें उसकी पत्नी की वीडियो पाई गई तथा युवक फोन लेकर वहां से चला गया। महिला का आरोप है कि आरोपी युवक उसे पिछले कुछ समय से परेशान कर रहा था। वह घर में अकेली होने पर चुपके से उसकी फोटो और वीडियो बनाता था। डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने बताया कि पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

**पुलिस मामले की गहनता से कर रही जांच**

# कांग्रेस का कोई भी कार्यकर्ता भाजपा में नहीं हुआ शामिल : कै. रणजीत सिंह



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने रविवार को भाजपा के स्थापना दिवस पर बाहर से आदमी लाकर पटके पहनाकर पार्टी में शामिल किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कोई भी कार्यकर्ता भाजपा में शामिल नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के पार्टी के कार्यक्रम में पूरे जिले के लोगों को बुलाया गया था। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू का सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र से भरपूर लगाव है। बीते होली मेले में मुख्यमंत्री से जो भी मांगा गया, उन्होंने दिल खोल कर दिया। सुजानपुर का विकास करवाना ही उनका एकमात्र लक्ष्य है। सुजानपुर शहर विधानसभा क्षेत्र का दिल है। सुजानपुर के ऐतिहासिक मुरली मनोहर मंदिर की रंगत पुरानी तर्ज पर लाई जाएगी। इसको लेकर कार्य आरंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हमेशा जनहित के कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि सैनिक स्कूल के लिए भी मुख्यमंत्री ने 3 करोड़ की धनराशि मंजूर की है। मुख्यमंत्री ने नशे के खिलाफ भी सख्त कानून बनाएं हैं, ताकि लोग नशे की लत से दूर रहें तथा इसके सौदागरों को भी कड़ी से कड़ी सजा मिले। कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि सुजानपुर के विकास को लेकर हर संभव प्रयास कर रहे हैं तथा सुजानपुर के दिन संवर रहे हैं।

# एनजीओ गलोड़ के प्रधान बने रमेश चंद

**अनंत ज्ञान, गलोड़**



एनजीओ गलोड़ द्वारा सोमवार को शिव मंदिर गलोड़ में संस्था का वार्षिक अधिवेशन बुलाया गया।

इस वार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता वीरेंद्र लखनपाल ने की। व इसके बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में देशराज शर्मा को फिर से प्रधान, रमेश चंद शर्मा को उपप्रधान, रविंद्र लखनपाल को सचिव, विपिन शर्मा को कोषाध्यक्ष, अमन गर्ग को संस्थापक, आशुतोष सोनी को संयुक्त सचिव, नेकचंद धीमान को सह सचिव तथा अश्विनी शर्मा, जगन्नाथ शर्मा, देशराज शर्मा, डॉ. जेएन शर्मा को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। संस्था के प्रधान देशराज शर्मा ने बताया कि संस्था नशे के खिलाफ गांव-गांव जाकर लोगों को नशे के खिलाफ संदेश पहुंचाएगी क्योंकि नशे से कई गरीब लोगों के घर तहस-नहस हो रहे हैं और युवा पीढ़ी भी नशे से बहुत बुरी तरह बर्बाद हो रही है।

इस बैठक में तीन परिवारों को 10-10 हजार रुपए की सहायता राशि भी प्रदान की गई। इसमें पनियाली पंचायत के बलोह के रजत ठाकुर पुत्र सुदेश कमार आयु 21 वर्ष तथा विकास कुमार पुत्र प्रीतम चंद गांव हटली, जो कि दुर्घटना के कारण विकलांग हो गए हैं, उनकी बीमारी के इलाज के लिए सहायता राशि प्रदान की गई। वहीं, जयचंद पुत्र जैसी राम गांव लहड़ा, जो कि पैरालाइज से चलने-फिरने में असमर्थ हैं, उन्हें भी 10000 रुपए की सहायता राशि एनजीओ की तरफ से प्रदान की गई। बैठक में 25 से अधिक सदस्यों ने भाग लिया। नवनियुक्त प्रधान ने फिर से उनकी नियुक्ति पर कहा कि संस्था का मूल उद्देश्य गरीब और असहाय लोगों की बुनियादी जरूरत को पूरा करना व उनकी समस्याओं के समाधान में मदद करना और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

**गुणवत्ता** बस्सी-तताहर सड़क का दिल्ली से आई टीम ने किया निरीक्षण

# सड़क को जल्द किया जाएगा पक्का

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

भोरंज उपमंण्डल के तहत बस्सी से तताहर सड़क के विस्तारीकरण का कार्य एफडीआर मशीन से हो रहा है, जिसका दिल्ली से आई टेक्निकल हेड टीम ने निरीक्षण किया। इस टीम के हेड चंद्रकांत मणी, प्रोजेक्ट मैनेजर वसीम अकरम, लोकनिर्माण विभाग भोरंज अनुभाग कनिष्ठ अभियंता परवीण कुमार व अन्य इंजीनियरों ने सोमवार को सड़क गुणवत्ता की जांच की।

इस सड़क का कार्य कंस्ट्रक्शन कंपनी उत्तर प्रदेश द्वारा किया जा रहा है। बस्सी से तताहर सड़क का कार्य उच्च गुणवत्ता से किया जा रहा है, ताकि लोगों को अच्छी सड़कों की सुविधा मिल सके। नई तकनीक से बनने वाली इस सड़क का शुभारंभ भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने अगस्त 2024 में किया था। भरेड़ी में नई तकनीक एफडीआर से बनने वाली बस्सी-तताहर सड़क वाया चंदरूही का निर्माण होना है। तकनीक से बनने वाली सड़कें 15 से 20 साल तक खराब नहीं होती हैं। अकसर देखने में आता कि सड़कें पक्का होने के बाद उखड़ना शुरू हो जाती है, लेकिन इन सड़कों के निर्माण से लोगों को अच्छी सुविधा मिलेगी। सड़कों के उखड़ने वाली सामग्री को फेंका नहीं जाएगा, बल्कि सड़क की उखाड़ी सामग्री, सीमेंट व कैमिकल का कंप्यूटराइज मिश्रण से सड़क का निर्माण होगा। इसके बाद 28 दिन सड़क वाहनों के लिए खुली रहेगी और उसके बाद एक पतली लेअर बिछाई जाएगी, जिससे ग्रामीणों को जल्द ही सड़क सुविधा मिलेगी। इस सड़क निर्माण पर लगभग 11 करोड़ की राशि खर्च कर की जा रही है और शीघ्र लोग की उच्च तकनीक से बनी सड़क का लाभ उठाएंगे।



**इस** बारे लोक निर्माण विभाग के अनुभाग भरेड़ी के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण शर्मा ने बताया कि सोमवार को दिल्ली से आई टीम ने सड़क की गुणवत्ता की जांच की, जिसमें सड़क निर्माण का कार्य ठीक पाया गया। जल्द सड़क को पक्का किया जाएगा।

# सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने पौहंज में जांचा 68 लोगों का स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रयास संस्था द्वारा हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में संचालित अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की सुजानपुर टीम ने जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाते हुए सुजानपुर विधानसभा के अंतर्गत पंचायत पौहंज गांव सवाना में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने स्वास्थ्य जांच शिविर में 68 लोगों की स्वास्थ्य जांच करते हुए 43 लोगों की रक्तजांच की व अच्छे स्वास्थ्य, संतुलित आहार, अच्छी दिनचर्या के प्रति लोगों को जागरूक किया। जिसमें उच्च रक्तचाप के 10, मधुमेह के 11, जोड़ों के दर्द के 14 व 33 मरीज अन्य बीमारियों से ग्रस्त पाए गए।

स्वास्थ्य शिविर के दौरान बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की सामान्य जांच एवं रक्तजांच निशुल्क की गई। शिविर में फार्मासिस्ट के रूप में पूजा, लैब टेक्निशन प्रवीण व चालक रजनीश ने डॉ. शिवानी के नेतृत्व में अपनी सेवाएं प्रदान की। मरीजों को उपयुक्त उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण भी निशुल्क किया गया।



### होशियारपुर रोड पर खुला पेट्रोल पंप

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन शहर की हर मुख्य सड़क पर अब लोगों को पेट्रोल पंप की सुविधा मिलेगी। नादौन से होशियारपुर रोड वाली सड़क पर भी फोरलेन के फलाईओवर के पास पेट्रोल पंप खुल गया है, जिससे लोगों को काफी सुविधा होगी। इस रोड पर वाहनों का आवागमन काफी ज्यादा होता है, लेकिन कोई पेट्रोल पंप न होने के कारण काफी असुविधा वाहन चालकों को होती थी। सोमवार को होशियारपुर रोड पर इंडियन ऑयल का सैनी पेट्राल पंप खुल गया है, जिसका उद्घाटन सुभाष सैनी ने किया। इस अवसर पर इंडियन ऑयल कंपनी के सेल्स मैनेजर गौरव जौहर के अलावा कांगड़ा बैंक के डायरेक्टर मोती जोशी, नादौन शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी मनोज जैन, संदीप कुमार, सुभाष कपिल, विकास कपिल आदि लोग उपस्थित रहे।

### हाई-वे पर लगाए पेवर उखाड़े

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन बस स्टैंड के पास नेशनल हाईवे पर विकास खंड अधिकारी नादौन द्वारा पंचायत समिति नादौन की जमीन के आगे नेशनल हाई-वे पर पेवर लगाने शुरू कर दिए, जिसकी भनक लगते ही कुछ दुकानदारों ने इसकी शिकायत एनएचएआई को कर दी। शिकायत मिलने पर एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विक्रम सिंह मीणा ने जेई को मौके पर भेजा। जेई ने मौका पर पाया कि लोगों की शिकायत सही है। कुछ देर बाद बीडीओ निशांत शर्मा भी मौके पर आए और उन्होंने कहा कि हमने निशानदेही ली है। जमीन पंचायत समीति की है। उन्होंने कागजात भी दिखाए, लेकिन नेशनल हाईवे वालों ने कहा कि नेशनल हाईवे के किनारे पेवर वर्क नहीं होगा। नेशनल हाईवे ने निमार्णाधीन फुटपाथ पर पेवर वर्क को बंद करवा दिया और जो पेवर लगाई थी, उन्हें भी उखड़वा दिया। इस बारे में बीडीओ का कहना है कि हम लोगों की सुविधा के लिए पेवर लगवा रहे थे। नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विक्रम सिंह मीणा ने कहा कि हमें शिकायत मिली थी कि नेशनल हाईवे पर पेवर वर्क का निमार्ण विकाख खंड अधिकारी द्वारा करवाया जा रहा है। हमने उस निमार्ण कार्य को उखड़वा दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### वाहन चोर से देसी कट्टा और दो कारें की बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** पांवटा पुलिस ने बीती रात अंतरराज्यीय कार चोर गिरोह के एक शातिर के कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद किया है। पुलिस ने हाल ही में लंबे समय से पांवटा एरिया में वाहनों को चुराने एक अंतरराज्यीय गैंग तीन शातिर चोरों को दबोचा था। ये सभी हिरासत में लिए गए शातिर सहारनपुर उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पूर्व में चुराई गई दो कारें भी बरामद हुई थी। डीएसपी पांवटा मानवेंद्र ठाकुर ने बताया कि पूछताछ के दौरान एक आरोपी हमजा पुत्र जावेद अली निवासी सहारनपुर के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद हुआ है। यह कट्टा आरोपी ने चुराई गई कार से तलाशी के दौरान मिला है। डीएसपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में भी मामला दर्ज किया गया है।

### अंबेडकर जयंती से पहले खाली करवाएं चौड़ा मैदान : भाटिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** संत श्री रविदास धर्म सभा के प्रदेशाध्यक्ष कर्म चंद भाटिया ने प्रदेश सरकार व जिला व पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि 14 अप्रैल बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के कार्यक्रम से पूर्व चौड़ा मैदान स्थित भीमराव अंबेडकर चौक अंबेडकर प्रतिमा स्थल के आसपास धरना व प्रदर्शन करने वालों से खाली करवाया जाए। उन्होंने कहा कि कहा कि 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती कार्यक्रम की तारीख नजदीक आ रही है, लेकिन अंबेडकर चौक पर अंबेडकर प्रतिमा स्थल के आसपास के स्थान को धरना-प्रदर्शन वालों ने पूरे स्थल को रखा है, जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है, इसलिए समय रहते इसे खाली करवाया जाए।

### नाहन में 572 ग्राम चरस समेत स्कूटी सवार दबोचा, केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** नाहन पुलिस ने नशे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए रेणुका जी-दोसड़का मार्ग पर एक स्कूटी चालक को 572 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस की सतर्कता और नाकाबंदी के चलते यह सफलता मिली है। पुलिस थाना नाहन की टीम गश्त और नाकाबंदी के दौरान रेणुका जी-दोसड़का पर मुस्तैद थी। इसी दौरान, उन्होंने एक स्कूटी सवार को जांच के लिए रोका तो उससे चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान अभिषेक बिंदल, निवासी नाहन के रूप में हुई है। सिरमौर के पुलिस अधीक्षक निश्चिंत सिंह नेगी ने कहा कि नाहन पुलिस की यह कार्रवाई नशे के कारोबार के खिलाफ हमारी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण है। हम जिले में नशे के सौदागरों को किसी भी कीमत पर पनपने नहीं देंगे।

### पांवटा साहिब में घर से मिली बोरियों में भरी भुक्की, दो तस्कर गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर पुलिस ने पांवटा साहिब क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो अलग-अलग कार्रवाइयों में एक घर से बोरियों में भरा भारी मात्रा में नशा और एक अन्य व्यक्ति से चूरा पोस्त बरामद किया है। इन मामलों में कुल 18 किलो से अधिक भुक्की जब्त की गई है और दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ही मामले हिमाचल-उत्तराखंड सीमा से सटे पांवटा साहिब उपमंडल के हैं। जिला पुलिस की विशेष जांच इकाई ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर जगतपुर गांव मिश्रवाला निवासी दाऊद खान पुत्र शुक्रदीन के घर पर छापे के दौरान तीन बोरियों में भरी 17.560 किलोग्राम चूरा पोस्त (भुक्की) बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी सफलता पुरूवाला पुलिस थाना की टीम को रामपुरघाट औद्योगिक क्षेत्र में जियोन कंपनी के पास मिली। पुलिस ने यहां गश्त के दौरान मिश्रवाला तहसील के ही रहने वाले इमरान खान पुत्र सूबेदीन को 425 ग्राम चूरा पोस्त (भुक्की) के साथ पकड़ा। पुलिस ने भी आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विमल नेगी मामले की जांच पर सियासत तेज

## जयराम ठाकुर बोले- बिना देर किए सीबीआई जांच की स्वीकृति दें मुख्यमंत्री

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि इससे पहले बड़ी देर हो जाए, सीएम सुक्खू को विमल नेगी की मौत की जांच सीबीआई को सौंप देनी चाहिए, क्योंकि यही वक्त की मांग और नैतिकता का तकाजा है। जब विमल नेगी के परिजन सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं, उसी सूरत में सरकार की जांच को उन्होंने खारिज कर दिया है, आखिर मुख्यमंत्री को यह प्रकरण सीबीआई को सौंपने में क्या परेशानी है? मुख्यमंत्री ने परिवार को 15 दिन का समय दिया था, लेकिन उन 15 दिनों में क्या हुआ?



इस केस का एक प्रमुख आरोपी 15 दिन पुलिस की नजर में फरार रहा। उसकी हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत की अपील खारिज हो गई है, लेकिन पुलिस ने उनसे पूछताछ करना भी जरूरी नहीं समझा। इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा कि जिस अधिकारी ने ईमानदारी और मेहनत से प्रदेश की सेवा करते हुए अपनी जान गंवा दी। उसके न्याय के लिए परिजनों को कैंडल मार्च निकालना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने मीडिया से कहा कि एक तो मुख्यमंत्री के मुंह से इस तरीके की बातें शोभा नहीं देती हैं। ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय का काम अलग है। वह भ्रष्टाचार और धन शोधन के मामलों की जांच करती है और साक्ष्यों के संकलन के लिए विधि सम्मत तरीके से छापेमारी करती है।

उन्होंने बताया कि पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर कानूनन कार्रवाई करती है। संविधान में उस एजेंसी को यह अधिकार दिया है। किसी मामले की सीबीआई जांच करने का आधार अलग है। उसके लिए राज्य सरकार को सीबीआई जांच के लिए केंद्र सरकार से मांग करनी पड़ती है या माननीय हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के डायरेक्शन के आधार पर सीबीआई को केस सौंपा जाता है। (अनंत ज्ञान)

### सीएम सुक्खू दे रहे बचकाने बयान

**मुख्यमंत्री** द्वारा यह कहना कि अगर उनके विधानसभा क्षेत्र में ईडी के छापे डलवा सकते हैं, तो अब सीबीआई जांच भी करवा ले, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और बचकाना बयान है। इससे सरकार की हताशा भी झलकती है और सरकार की मंशा भी साफ हो जाती है कि वह मामले की सीबीआई जांच नहीं करवाना चाह रही।

### सीबीआई जांच से क्यों भाग रही सरकार


**जयराम** ने कहा कि आखिर सरकार सीबीआई जांच से भाग क्यों रही है। देश की इतनी प्रतिष्ठत एजेंसी से जांच करवाने पर सरकार को ही फायदा है, जो सवाल आज सरकार की छवि पर, पावर कारपोरेशन के अधिकारियों पर, मुख्यमंत्री कार्यालय पर उठ रहे हैं। भ्रष्टाचार के जो आरोप पावर प्रोजेक्ट में लग रहे हैं अगर उनमें कोई सच्चाई नहीं होगी तो सरकार को क्लीन चिट मिल जाएगी, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस की सरकार आते ही पावर कारपोरेशन में भ्रष्टाचार, अराजकता और घोटालों के आरोपों की झड़ी लग गई और सरकार द्वारा उन आरोपों पर कोई भी निष्पक्ष जांच नहीं करवाई गई।

### सरकार पर्दा डालने की कर रही कोशिश

**कुछ** अधिकारियों को सुपर सीड करके सर्वेसर्वा बनाया गया है और आज उनके ऊपर लग रहे आरोपों पर सरकार द्वारा पर्दा डाला जा रहा है। इससे यह स्पष्ट है कि दाल में कुछ न कुछ काला जरूर है। तभी सरकार सीबीआई जांच से भाग रही है। मुख्यमंत्री के पास अभी भी समय है इसलिए वह बिना देरी किए सीबीआई जांच के लिए केंद्र सरकार को पत्र लिखें।

### सुक्खू बोले- विमल नेगी के परिवार के साथ खड़ी सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा पर हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) के मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में बताया कि हर कोई विमल नेगी की मौत के पीछे की सच्चाई जानना चाहता है। उनकी पत्नी ने भी मुझसे मुलाकात की है और हम शोक संतप्त परिवार के साथ पूरी सहानुभूति और एकजुटता के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार है। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीपीसीएल) के महाप्रबंधक (इंजीनियरिंग) विमल नेगी 10 मार्च से लापता थे और 18 मार्च को बिलासपुर में मृत पाए गए थे। मुख्यमंत्री सुक्खू ने विमल नेगी की मौत पर स्पष्ट किया कि सरकार उनके परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है और उनकी सरकार इस मामले में किसी भी तरह की कोताई नहीं बरत रही है। इस मामले में सरकार द्वारा जो भी जांच की जा रही। जल्द ही इस मामले में पुरी सच्चाई सामने आ आएगी और सभी लोगों को इस बारे में पता चल जाएगा कि विमल नेगी की आत्महत्या के पीछे क्या कारण रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कि विमल नेगी के परिवार के साथ सरकार शुरू से ही उनके साथ मजबूती से खड़ी है और उन्हें न्याय ध्यान दिलाने के हरसंभव प्रयास कर रही है, इसलिए विपक्ष को थोड़ा संयम रखना चाहिए और राजनीति करने से बाज आना चाहिए, क्योंकि लोगों को गुमराह करने से कोई फायदा नहीं होगा।



### विमल नेगी के परिजन बोले- सुक्खू सरकार बोल रही झूठ

- श्रद्धांजलि देने नहीं पहुंचा कोई बड़ा नेता
- सीबीआई जांच के लिए जाएंगे हाईकोर्ट

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के चीफ इंजीनियर विमल नेगी के परिजनों ने सरकार और कांग्रेस नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए है। विमल नेगी की पत्नी किरण नेगी और भाई सुरेंद्र नेगी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू और कांग्रेस नेता बार-बार सहयोग और परिवार से संपर्क की बात कर रहे हैं, मगर यह सही नहीं है। सुरेंद्र नेगी ने बताया कि सरकार की ओर से परिवार से कोई भी संपर्क में नहीं कर रहा। उन्होंने कहा कि 2 दिन पहले उन्होंने विमल नेगी को श्रद्धांजलि देने के लिए रिकांगपियों में एक कार्यक्रम रखा था। इसमें किन्नौर कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता नहीं पहुंचा। उन्होंने कहा कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम और कैंडल मार्च परिवार ने बुलाया था।

नेगी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता शोक जताने भी नहीं आया। केवल वहीं कांग्रेस नेता घर पहुंचे जो उनके रिश्तेदार हैं। उन्होंने पुलिस की अब तक की जांच पर भी सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि इस केस की सीबीआई जांच के लिए दो-तीन दिन के भीतर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। किरण नेगी ने बताया कि सरकार इस केस को गंभीरता से नहीं ले रही गंभीरता ली होती तो डायरेक्टर देसराज को जमानत नहीं मिलती। अब तक पूर्व एमडी हरिकेश मीणा और शिवम प्रताप के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## सांसद बनने के बाद कंगना का लडभड़ोल-जोगिंद्रनगर में पहला दौरा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मंडी संसदीय क्षेत्र की नव-निर्वाचित सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने सोमवार को अपने पहले एकदिवसीय दौरे पर लडभड़ोल और जोगिंद्रनगर क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान जगह-जगह उनका भव्य स्वागत किया गया। लोगों में उन्हें देखने और सुनने का उत्साह देखते ही बन रहा था।

विधायक प्रकाश राणा ने बताया कि सांसद सुबह 11 बजे लडभड़ोल पहुंचीं, जहां उन्होंने स्थानीय जनता को संबोधित किया। इसके बाद उन्होंने बीड़ की जनता से मुलाकात की। दौरे का अंतिम पड़ाव जोगिंद्रनगर रहा, जहां सामुदायिक भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विधायक प्रकाश राणा ने कंगना को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंच पर वीर नारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। इनमें भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय राणा, पंकज जम्वाल, जिला अध्यक्ष नयाल चंद शर्मा, जोगिंद्रनगर मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, चौतड़ा मंडलाध्यक्ष प्रवीण कुमार आदि शामिल रहे।



जनसभा को संबोधित करते हुए सांसद ने अपने चिर-परिचित अंदाज में पहाड़ी भाषा का इस्तेमाल करते हुए कहा कि 'घर जो कदी जाना, कड़ी जाना', जिसे सुनकर सभा में तालियों की गूंज सुनाई दी। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगी। उन्होंने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल प्रदेश की हालत बहुत खराब हो चुकी है। मंडी जिले की महिलाओं की छवि को भी नुकसान पहुंचाया गया है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

## हिमाचल के 7 एचएएस अधिकारी बनेंगे आईएएस

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा (एचएएस) के 7 ऑफिसर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) बनेंगे। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) इसके लिए सोमवार को शिमला में इंडक्शन कर रहा है। यूपीएससी की टीम राज्य के कार्मिक विभाग के साथ शिमला के पीटरहॉफ में मीटिंग ले रही है।

**केंद्रीय कार्मिक विभाग जारी करेगा प्रमोशन ऑर्डर**

इसमें एचएएस की प्रमोशन के लिए डीपीसी की जा रही है। इस दौरान प्रमोट होने वाले अधिकारियों के कामकाज का मूल्यांकन और एसीआर देखी जा रही है। डीपीसी के बाद केंद्रीय कार्मिक विभाग दिल्ली से एचएएस की प्रमोशन के आदेश जारी करेगा। प्रदेश में प्रमोशन कोटे से आईएएएस के 7 पद खाली है। ऐसे में कितने एचएएस प्रमोट किए जाते हैं, यह यूपीएससी की हिमाचल आ रही टीम की सिफारिश पर निर्भर करेगा।

बता दें कि हिमाचल सरकार ने जनवरी में ही एचएएस की प्रमोशन के लिए 2006 और 2007 बैच के 10 अधिकारियों के नाम का प्रस्ताव यूपीएससी को भेजा था। इस प्रस्ताव पर शिमला में आज इंडक्शन रखी गई है। एक-दो बार को छोड़कर ज्यादातर समय यह इंडक्शन दिल्ली में होती रही है।

राज्य सरकार ने आईएएस में प्रमोशन के लिए जो नाम यूपीएससी को भेजे हैं, उनमें साल 2006 बैच की मधू चौधरी, मनोज कुमार, प्रभा राजीव, सतीश कुमार शर्मा, आशीष कुमार कोहली और 2007 बैच के जितेंद्र सांजटा, वीरेंद्र शर्मा, हेमिस नेगी, अक्षय सूद और राजीव कुमार शामिल हैं।

## शांडिल ने स्वास्थ्य वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने आज यहां से जिला मंडी, कांगड़ा एवं सोलन के लिए 'केयर ऑन व्हील' पहल के तहत लोगों को स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए तीन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**मरीज को मिलेगी 25 प्रकार के टेस्ट की सुविधाएं**

इन वाहनों के माध्यम से मरीजों को लगभग 25 प्रकार की टेस्ट सुविधा प्रदान की जाएगी। इनमें एक्स-रे के माध्यम से टीबी जांच, ब्लड काउंट, एलबुमिन, एचडीएल, यूरिकेसिड और कॉलेस्ट्रोल आदि टेस्ट शामिल हैं। इन वाहनों में पैलिएटिव केयर, हेंड-हैल्ड एक्स-रे, एक्स-रे मशीन सहित आधुनिक स्वास्थ्य उपकरण की सुविधा उपलब्ध होगी। इनमें चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधा प्रदान करेंगे।

यह वाहन कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिल्टी के तहत अपोलो होस्पिटल्स और एचडीएफसी द्वारा प्रदान किए गए हैं। इस अवसर पर एनएचएम के मिशन निदेशक प्रियंका वर्मा, एनएचएम के उप-मिशन निदेशक डॉ. गोपाल बैरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बस किराया वृद्धि स्टूडेंट्स विरोधी कदम: नैंसी अटल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश अखिल विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल कहा है कि उनकी इकाई सरकार द्वारा बस किराया वृद्धि के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करती है। यह फैसला न केवल आर्थिक रूप से छात्रों पर अतिरिक्त बोझ डालेगा, बल्कि यह सरकार की छात्र विरोधी मानसिकता को भी उजागर करता है। नैंसी अटल ने यहां जारी बयान कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा विधायकों की तनख्वाह में बढ़ोतरी और आम जनता पर बस किराए का बोझ डालना घोर अन्याय है। यह निर्णय जनता की भावनाओं के विरुद्ध है और साफ दर्शाता है कि वर्तमान सरकार व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर सत्ता में आई, परंतु अब खुद उसी व्यवस्था को मजबूत कर रही है। एक ओर जनता महंगाई से त्रस्त है, दूसरी ओर जनप्रतिनिधि अपनी सुविधाएं बढ़ा रहे हैं। जिसमें आम जनता की उम्मीदों से धोखा किया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के लिए बस सेवा किसी भी सुविधाजनक साधन से अधिक एक आवश्यकता है। विशेषकर ग्रामीण व पहाड़ी क्षेत्रों से आने वाले विद्यार्थी, जिनके लिए निजी वाहन या अन्य विकल्प नहीं होते, उनके लिए यह बढ़ोतरी अत्यंत अन्यायपूर्ण है। विद्यार्थी परिषद सरकार से यह मांग करती है कि बस किराया बढ़ोतरी का यह फैसला तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए और छात्रों को राहत प्रदान की जाए। यदि सरकार ने इस फैसले को वापस नहीं लिया, तो विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध आंदोलन करेगी, जिसमें कॉलेज स्तर से लेकर जिला व राज्य स्तर तक प्रदर्शन किए जाएंगे।






**पहल** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में उठाया यह कदम

## सुक्खू ने हल्दी खरीद के लिए जारी किया पंजीकरण प्रपत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश के किसानों से प्राकृतिक खेती पद्धति द्वारा उगाई गई हल्दी की खरीद के लिए पंजीकरण प्रपत्र जारी किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में राज्य सरकार द्वारा प्राकृतिक पद्धति द्वारा उगाई गई हल्दी को 90 रुपए प्रतिकिलो के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने का प्रावधान किया था।

यह पहल न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी प्रदान करते हुए किसानों की आर्थिकी एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ ही प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देगी। कृषि विभाग द्वारा इस सम्बंध में किसानों का पंजीकरण किया जाएगा तथा उन्हें प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि पंजीकृत किसानों से खरीदी गई कच्ची हल्दी का स्पाइस पार्क, हमीरपुर में प्रसंस्करण किया जाएगा। प्रोसेस्ट हल्दी का विपणन 'हिमाचल हल्दी' के ब्रांड के नाम से किया जाएगा, जो कि इसे बाजार में अलग पहचान प्रदान करेगी और गुणवत्ता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने कहा कि यह पहली बार होगा कि राज्य सरकार किसानों से सीधे तौर पर कच्ची हल्दी की खरीद करेगी, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र की आर्थिकी को मजबूती मिलेगी और इन क्षेत्रों में रह रहे लोगों को आजीविका के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, विधायक विनोद सुल्तानपुरी, हिमाचल प्रदेश वन विकास निगम के उपाध्यक्ष केवल सिंह खाची तथा सचिव कृषि सी पालरासू भी उपस्थित थे।



### 60 रुपए प्रति किलो खरीद रहे प्राकृतिक गेहूं

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक पद्धति से उगाए गए गेहूं को 60 रुपए प्रति किलो और मक्की को 40 रुपए प्रति किलो के समर्थन मूल्य पर किसान से खरीद रही है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा गत दो वर्षों में दूध के समर्थन मूल्य में भी 21 रुपए प्रति लीटर की वृद्धि की गई है। वर्तमान में गाय के दूध को 51 रुपए प्रति लीटर और भैंस के दूध को 61 रुपए प्रति लीटर के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जा रहा है।


### अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी हल्दी की डिमांड

**वर्तमान** में प्रदेश में 2,042.5 हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की जा रही है। जिससे प्रतिवर्ष लगभग 24,995 मीट्रिक टन हल्दी उत्पादन हो रहा है। हल्दी उत्पादन में प्रदेश में मुख्य रूप से हमीरपुर, कांगड़ा, बिलासपुर, सिरमौर, मंडी और सोलन जिला अग्रणी हैं। हल्दी की औषधीय महत्ता के दृष्टिगत विशेषकर कोविड-19 के उपरांत घरेलू एवं अन्तरराष्ट्रीय बाजारों में इसकी बढ़ती मांग के कारण यह किसानों के लिए आजीविका का एक प्रमुख विकल्प बन गई है।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 8 अप्रैल 2025



*भगवान शिव को समर्पित महामृत्युंजय मंदिर उत्तर प्रदेश के वाराणसी में स्थित एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। यह ऐसा चमत्कारी मंदिर है जहां मौजूद कुएं के जल से कई बीमारियां ठीक होने का दावा किया जाता है। इस मंदिर के प्रति भक्तों में अटूट आस्था है। शिवपुराण के अनुसार, महादेव ने 'महामृत्युंजय मंत्र' गढ़ा था और इसका रहस्य माता पार्वती को ही बताया था। तब से, रुद्र अभिषेक या रुद्र यज्ञ के दौरान महामृत्युंजय मंत्र का जाप करने से अकाल मृत्यु भी दीर्घायु में बदल जाती है। ऐसा भी कहा जाता है कि यह मंत्र भक्तों को तीव्र और दीर्घकालिक रोगों से मुक्ति दिलाता है।*



# यहां अकाल मृत्यु से अभय प्रदान करते हैं महादेव

## वाराणसी के महामृत्युंजय मंदिर के कुएं के जल से बीमारियां ठीक होने का दावा

### वाराणसी मंदिर का इतिहास

**वाराणसी** में दरनगर से कालभैरव मंदिर के रास्ते पर स्थित मंदिर का इतिहास शिवलिंग और एक पुराने कुएं की छाया में पूरी तरह से छिपा हुआ है। मृत्यु पर विजय पाने वाले भगवान मृत्युंजय महादेव की परिभाषा है। ऐसा माना जाता है कि इस मंदिर में स्थित शिवलिंग सभी भक्तों को अप्राकृतिक मृत्यु से बचाता है। अपनी अप्राकृतिक मृत्यु पर विजय पाने के लिए, भक्त भगवान शिव की मृत्युंजय महादेव के रूप में पूजा करते हैं।

***भारत भर से पर्यटक अपनी परेशानियों को हल करने के लिए मृत्युंजय पथ का संचालन करने के लिए यहां आते हैं। मंदिर के परिसर में एक पुराना कुआं (जिसे कभी-कभी कूप भी कहा जाता है) देखा जा सकता है। इस कुएं का पानी लोगों के लिए औषधीय गुण प्रदान करता है। ऐसा माना जाता है कि इसमें कई भूमिगत जल धाराओं का मिश्रण है और इसमें कई तरह की बीमारियों के लिए चमत्कारी उपचार शक्ति यां हैं।***

ऐसा कहा जाता है कि प्रसिद्ध धन्वन्तरि (आयुर्वेद के जनक) ने अपनी सारी औषधियां इसी कुएं में डाल दी थीं, यही कारण है कि इस कुएं का पानी पवित्र है और इसमें ऐसे उपचारात्मक गुण हैं जो विभिन्न प्रकार की बीमारियों का इलाज कर सकते हैं।

### मृत्युंजय महादेव मंदिर का स्थान

**महामृत्युंजय** मंदिर भारत के उत्तर प्रदेश के वाराणसी (बनारस) में स्थित है। वाराणसी को काशी के नाम से भी जाना जाता है। यह शहर भारत के उत्तर में गंगा नदी के तट पर स्थित है।

***गोला घाट से 1.7 किमी पश्चिम, पंच गंगा घाट से 1.1 किमी उत्तर तथा कोटावाली से 500 मीटर दक्षिण-पूर्व में।***

### महादेव मृत्युंजय मंदिर का समय

***वाराणसी में महामृत्युंजय मंदिर सप्ताह के हर दिन खुला रहता है। आप सुबह 4 बजे से 12 बजे के बीच किसी भी दिन मंदिर जा सकते हैं। इस मंदिर में हजारों की संख्या में महादेव भक्त आते रहते हैं जो महामृत्युंजय मंत्र का पाठ करना चाहते हैं।***

**आरती का समयः मंदिर में तीन बार आरती होती है। पार्थ आरती-सुबह 5:30 बजे।संध्या आरती-शाम 6:30 बजे और रात्रि आरती-रात 11: 30 बजे**

### मंदिर जाने का सबसे अच्छा समय

**महामृत्युंजय** मंदिर में जाने का सबसे अच्छा समय जुलाई से अगस्त तक सावन मेले के दौरान होता है, जब मंदिर का कायाकल्प होता है। वाराणसी के सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक महामृत्युंजय मंदिर है।



### मंदिर की आध्यात्मिक महिमा

**ऐसा** माना जाता है कि यदि कोई भक्त लगातार 40 सोमवार तक महामृत्युंजय मंदिर में आता है और मूर्तियों पर फूल, दूध और जल चढ़ाता है, तो उसकी समस्याएं एक पल में दूर हो जाती हैं। यदि कोई व्यक्ति मंदिर में पूरे मन से 1.25 लाख बार महामृत्युंजय मंत्र का जाप करता है, तो यह व्यक्ति को अकाल मृत्यु से बचाता है। कहा जाता है कि पूजा में नारियल का उपयोग सकारात्मक प्रभाव डालता है। शिवलिंग पर नारियल चढ़ाया जाता है जिससे भक्त की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। मनोकामना पूरी होने पर नारियल को वापस घर ले जाया जाता है। यह भी माना जाता है कि जब कोई पूजा या यज्ञ किया जाता है, तो 11 बेलपत्रों पर ऊं या राम लिखकर मूर्ति पर चढ़ाने से पूजा अधिक प्रभावी होती है और लोग अपने लक्ष्यों को तेजी से प्राप्त कर सकते हैं।

❖ **वास्तुकला :** महामृत्युंजय मंदिर में जटिल नक्काशी और डिजाइन के साथ सुंदर वास्तुकला का प्रदर्शन किया गया है। भव्य प्रवेश द्वार और ऊंचा शिखर विशेष रूप से आकर्षक है।

❖ **भक्त अनुष्ठान :** भक्तों द्वारा किए जाने वाले कई समारोहों को देखने और उनमें भाग लेने के लिए आगंतुकों का स्वागत है। इन समारोहों में रुद्राभिषेक शामिल है, जिसमें पवित्र मंत्रों का जाप किया जाता है और शिवलिंग पर जल, दूध और अन्य उपहार डाले जाते हैं।

❖ **मंदिर परिसर :** मंदिर परिसर में भगवान गणेश और देवी पार्वती सहित विभिन्न देवताओं के कई छोटे मंदिर हैं। आगंतुक परिसर का भ्रमण करके भगवान शिव से जुड़ी विभिन्न धार्मिक प्रथाओं को देख सकते हैं।

### महामृत्युंजय मंदिर कैसे पहुंचें ?

**यहां** कार, बस या ट्रेन जैसे परिवहन के विभिन्न साधनों द्वारा आसानी से पहुंचा जा सकता है। आप शहर के किसी भी हिस्से में जाने के लिए आसानी से सार्वजनिक परिवहन का उपयोग कर सकते हैं। इस क्षेत्र में कार, टैक्सी और ऑटो-रिक्शा जैसे परिवहन हमेशा चलते रहते हैं। इस क्षेत्र के आसपास पर्यटकों के लिए कई होटल, चाय की दुकानें, फास्ट फूड स्टॉल आदि उपलब्ध हैं।

**हवाई मार्ग से :** अगर आप हवाई यात्रा में रुचि रखते हैं तो सबसे नजदीकी हवाई अड्डा बाबतपुर में लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है। यह हवाई अड्डा महामृत्युंजय मंदिर से 24.5 किमी दूर है। हवाई अड्डे से, आप महामृत्युंजय मंदिर तक पहुंचने के लिए जल्दी से टैक्सी या ऑटो रिक्शा ले सकते हैं।

**रेलवे द्वारा :** यदि आप रेलवे से यात्रा करने में रुचि रखते हैं तो निकटतम रेलवे स्टेशन वाराणसी जंक्शन और बनारस रेलवे स्टेशन हैं। वाराणसी जंक्शन से 3.6 किमी दूर है। महामृत्युंजय मंदिर तक पहुंचने के लिए आप रेलवे स्टेशन से टैक्सी या ऑटो और टुक टुक रिक्शा आसानी से ले सकते हैं।

**सड़क मार्ग से :** वाराणसी बस द्वारा आस-पास के शहरों और कस्बों से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। मंदिर चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय बस स्टॉप से लगभग 3.4 किमी और बीएचयू (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) से 6.6 किमी दूर है। बस स्टॉप से, आप महामृत्युंजय मंदिर तक पहुँचने के लिए जल्दी से टैक्सी या ऑटो और टुक टुक रिक्शा ले सकते हैं।

# रचनात्मकता और आशावादी होते हैं मूलांक 3 के जातक

**अंक ज्योतिष में मूलांक 3 वृहस्पति (गुरु) द्वारा शासित होता है जो ज्ञान, रचनात्मकता और आशावाद का प्रतीक है। जिन व्यक्तियों का जन्म किसी भी महीने की 3, 12, 21 या 30 तारीख को होता है उनका मूलांक 3 होता है। यह संख्या अभिव्यक्ति, उत्साह और सामाजिकता की ऊर्जा रखती है, जो व्यक्ति के व्यक्तित्व और जीवन को गहराई से प्रभावित करती है।**




### मूलांक 3 के व्यक्ति का व्यक्तित्व

मूलांक 3 वाले व्यक्ति स्वाभाविक रूप से रचनात्मक, उत्साही और सामाजिक होते हैं। ये अपने विचारों को व्यक्त करने में कुशल होते हैं और दूसरों को प्रेरित करने की क्षमता रखते हैं। ये आशावादी होते हैं और जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखते हैं।

**रचनात्मकता :** मूलांक 3 वाले व्यक्ति बहुत रचनात्मक होते हैं। इन्हें कला, लेखन, संगीत और नृत्य जैसी कलाओं में रूचि होती है।

**उत्साह :** ये जीवन के प्रति उत्साही होते हैं और हमेशा नये अनुभवों की तलाश में रहते हैं।

**सामाजिक :** ये सामाजिक होते हैं और दूसरों के साथ बातचीत करना पसंद करते हैं। ये अच्छे वक्ता होते हैं और दूसरों को अपनी बातों से प्रभावित कर सकते हैं।

**आशावाद :** ये आशावादी होते हैं और जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखते हैं। ये चुनौतियों को अवसरों के रूप में देखते हैं और हार नहीं मानते।

**ज्ञान :** इनमें ज्ञान की अच्छी मात्रा होती है और ये ज्ञान बांटना भी जानते हैं।

विनोदी स्वभाव : ये लोग विनोदी स्वभाव के होते हैं।

**अतिआत्मविश्वासः** मूलांक 3 वाले व्यक्तियों में अतिआत्मविश्वास की प्रवृत्ति होती है। इन्हें अपनी सीमाओं को समझने और दूसरों की राय को स्वीकार करने की आवश्यकता हो सकती है।

**अव्यवस्था :** ये अक्सर अव्यवस्थित होते हैं और समय का प्रबंधन करने में कठिनाई महसूस करते हैं। इन्हें संगठित रहने और समय का सदुपयोग करने की आवश्यकता हो सकती है।

**अत्यधिक खर्च :** कभी कभी ये लोग अत्यधिक खर्च करते हैं, इसलिए इन्हें आर्थिक स्थिति पर ध्यान देना चाहिए।

### करियर

मूलांक 3 वाले व्यक्तियों का जीवनपथ रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और ज्ञान से जुड़ा होता है। ये अक्सर ऐसे करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं जो इन्हें अपने विचारों को व्यक्त करने और दूसरों को प्रेरित करने की अनुमति देते हैं।

**कला और मनोरंजन :** इनकी रचनात्मकता इन्हें कला, संगीत, लेखन, अभिनय और निर्देशन जैसे क्षेत्रों में सफल होने में मदद कर सकती है।

**शिक्षण और प्रशिक्षण :** इनका ज्ञान और अभिव्यक्ति कौशल इन्हें शिक्षण, प्रशिक्षण और सार्वजनिक भाषण जैसे क्षेत्रों में सफल होने में मदद कर सकता है।

**विपणन और विज्ञापन :** इनकी सामाजिकता और प्रेरक क्षमता इन्हें विपणन, विज्ञापन और जनसंपर्क जैसे क्षेत्रों में सफल होने में मदद कर सकती है।

**लेखन और प्रकाशन :** इनका लेखन कौशल इन्हें पत्रकारिता और प्रकाशन जैसे क्षेत्रों में सफल कर सकता है।

**परामर्श और मार्गदर्शन :** इनका ज्ञान और सहानुभूति इन्हें परामर्श और मार्गदर्शन जैसे क्षेत्रों में सफल होने में मदद कर सकता है।

### चुनौतियां

**इन** व्यक्तियों को अपने प्रति आत्मविश्वास और अव्यवस्था पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता होती है। इन्हें अपनी सीमाओं को समझना और समय का प्रबंधन करना सीखना चाहिए। इन्हें दूसरों की राय को स्वीकार करना और संगठित रहना चाहिए। इन्हें अपने आत्मविश्वास पर नियंत्रण रखना चाहिए और दूसरों की राय को स्वीकार करना चाहिए। इन्हें समय का प्रबंधन सीखना चाहिए। इन्हें अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना।



प्रदीप जोशी, न्यूमेरोलोजिस्ट और वास्तु कंसलटेंट

### सुझाव

**अपनी** रचनात्मकता को व्यक्त करने के लिए कला, लेखन और संगीत जैसी गतिविधियों में भाग लें। अपने ज्ञान को दूसरों के साथ साझा करें और उन्हें प्रेरित करें। समय का प्रबंधन करने और संगठित रहने के लिए योजना बनाएं और टू डू सूचियां बनाएं। दूसरों की राय को सुनें और अपनी सीमाओं को समझें। अपने लक्ष्य को निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए मेहनत करें। अपने खर्च पर ध्यान दें और आर्थिक योजना बनाएं।

### विशेषताएं

**मूलांक** 3 वाले व्यक्ति समाज में ज्ञान, रचनात्मकता और आशावाद का प्रसार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये प्रेरक, शिक्षक और कलाकार होते हैं। मूलांक 3 वाले व्यक्ति वृहस्पति का ज्ञान और रचनात्मकता का प्रतीक है। ये उत्साही, सामाजिक और आशावादी होते हैं।

*चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को कामदा एकादशी का व्रत किया जाता है। कामदा एकादशी का व्रत करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष का द्वार खुल जाता है। व्रत को करने से पूर्व यानी दशमी तिथि से ही सात्विक भोजन करना चाहिए। तदोपरांत एकादशी को विधि विधान से संकल्प लेकर एकादशी का व्रत रखना चाहिए। दिनभर नाम का आश्रय लेकर रात्रि को पूजन आदि करने के उपरांत कथा सुननी चाहिए और रात्रि जागरण करना चाहिए।*

# कामदा एकादशी व्रत से मिलेगी समस्त पापों से मुक्ति



### कामदा एकादशी की पौराणिक कथा

**एक** समय की बात है कि पुंडरीक नामक राजा की भोगिनीपुर नामक नगरी थी। उस नगरी में कई अप्सरा, गंधर्व आदि रहते थे। उसी स्थान पर ललिता और ललित गंधर्व भी अत्यंत वैभवशाली भवन में निवास करते थे। उन दोनों में बहुत प्रेम था। एक समय राजा पुण्डरीक सभा में विराजमान थे और ललित गंधर्व भी गाना गा रहा था, उसे अपनी प्रियतम ललिता की याद आने लगी। इस कारण उसके गायन की लय टूट गई। यह देखकर राजा क्रोधित हो गया और उसे शाप दे दिया कि मेरे सामने सामने तू अपनी स्त्री का स्मरण कर रहा है। जा तू अभी से राक्षस हो जा। राजा पुण्डरीक के श्राप के प्रभाव से ललित गंधर्व तत्काल राक्षस हो गया। उसकी आकृति भयानक हो गई। अपने प्रियतम का ऐसा हाल देख कर ललिता को बहुत दुख हुआ। वह विंधाचल पर्वत पर एक ऋषि के आश्रम में गई और ऋषि को सारी बात बताई। उसकी करुण पुकार से ऋषि दवित हो गए और चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी का व्रत करने का उपाय बताया। कामदा एकादशी का व्रत विधि विधान से करने से उसका पति राक्षस योनी से छूट गया।

**प्रस्तृतिः अनिल शर्मा, नौबाही (मंडी)**

# क्या आप सच में स्वस्थ हैं?



## ध्यान के अभ्यास से ही शांत व स्थिर होगा मन

**केवल** एक स्वस्थ कली ही खिल सकती है। इसी प्रकार, केवल एक स्वस्थ व्यक्ति ही सफल हो सकता है। स्वास्थ्य केवल रोगों का अभाव नहीं है, बल्कि यह मानसिक रूप से शांत और भावनात्मक रूप से कोमल होने की अवस्था भी है। यदि मन कठोर और अस्थिर हो, तो व्यक्ति मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं होता। जब भावनाएं उथल-पुथल हों, तो व्यक्ति भावनात्मक रूप से स्वस्थ नहीं होता। संस्कृत में अच्छे स्वास्थ्य की अवस्था को स्वस्थ कहा जाता है। इसका अर्थ केवल शरीर या मन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपने भीतर स्वयं में स्थापित होने की स्थिति को भी दर्शाता है। स्वास्थ्य एक दिव्य उपहार है जो हमारे शरीर और मन दोनों को प्रभावित करता है। एक सशक्त मन दुर्बल शरीर को साथ लेकर चल सकता है पर कई बार दुर्बल मन बलिष्ठ शरीर को भी लेकर नहीं चल पाता। स्वास्थ्य की शुरुआत होती है मन से, जो एक सूक्ष्म तत्व है। जब मन शांत, स्पष्ट और सुखमय होता है, तो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। इसलिए, मानसिक शांति को बनाए रखना स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। ध्यान का अभ्यास करने से मन को शांत और स्थिर किया जा सकता है, जिससे शरीर को भी लाभ होता है।

वायु तत्व भी स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, यह हमारी श्वास से जुड़ा है। हमारे श्वास में कई रहस्य छुपे हैं। क्या आपने कभी अनुभव किया है कि जब आप क्रोधित होते हैं, तो आपकी सांस तेज और भारी हो जाती है? जब आप दुखी होते हैं, तो सांस धीमी हो जाती है? हर भावना का श्वास के साथ एक निश्चित तालमेल होता है। जब हम श्वास और भावनाओं के बीच के इस संबंध को समझते हैं, तो हम अपने जीवन को और अधिक सामंजस्यपूर्ण बना सकते हैं। अगर हम अपनी सांसों को नियंत्रित करना सीख लें, तो हम अपने मन को भी नियंत्रित कर सकते हैं। इसलिए, गहरी श्वास लेने की तकनीकों का अभ्यास करना चाहिए।

स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से जल और भोजन का भी अत्यंत महत्त्व है। जल तत्त्व शरीर के शुद्धिकरण और संतुलन के लिए आवश्यक है। जल द्वारा शरीर को शुद्ध रखा जा सकता है, जिससे शरीर को नई ऊर्जा मिलती है। इसी प्रकार, भोजन भी हमारी स्वास्थ्य प्रक्रिया का एक अहम् हिस्सा है। हमारा भोजन ऐसा होना चाहिए जो आसानी से पच जाए और शरीर में हल्कापन बना रहे, इसके लिए हमें शुद्ध शाकाहारी भोजन करना चाहिए।

हमें अपनी जीवनशैली में बदलाव लाकर और प्रकृति के साथ जुड़कर अपने स्वास्थ्य को सही दिशा में ले जाना है। हर वर्ष कम से कम एक सप्ताह स्वयं के लिए निकालें,कुछ समय मौन में बिताएं और कुछ सृजनात्मक करने का आनंद लें, जिससे हम स्वयं को फिर से ऊर्जा से भर सकें। यह प्रक्रिया जीवन को न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक और भावनात्मक दृष्टिकोण से भी बेहतर बनाती है।सच्चा स्वास्थ्य सिर्फ दवाओं और डॉक्टरों पर निर्भर नहीं करता, बल्कि यह आपके मन, शरीर और आत्मा के संतुलन से जुड़ा होता है। जब हम अपने भीतर स्थिरता लाते हैं, तो हमारा पूरा जीवन ऊर्जावान और आनंदमय बन जाता है। तो अगली बार जब कोई आपसे पूछे, क्या आप स्वस्थ हैं?, तो सोचें–क्या आप केवल बीमारियों से बचे हुए हैं, या सच में पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं?



श्री श्री रविशंकर
आध्यात्मिक गुरु



## न्यूज ब्रीफ

### नगरोटा की आकांक्षा को हर साल मिलेंगे 12 हजार



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (कन्या) नगरोटा बगवां की छात्रा को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति मिलेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य निखिल शर्मा ने बताया कि विद्यालय की छात्रा आकांक्षा का चयन नेशनल मिंस कम मेरिट स्कॉलरशिप एनएमएमएस 2024-25 के तहत छात्रवृत्ति के लिए हुआ है। नवमी कक्षा की छात्रा आकांक्षा को इस छात्रवृत्ति में 12,000 रुपए प्रति वर्ष जमा दो कक्षा उत्तीर्ण करने तक मिलते रहेंगे। आकांक्षा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यापकों द्वारा आकांक्षा को सम्मानित किया गया।

### अटियालादाई की रिधि ने पास की छात्रवृत्ति परीक्षा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अटियालादाई की 8वीं की छात्रा रिधि सुपुत्री प्रवीन कुमार ने राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) द्वारा आयोजित एनएमएमएस छात्रवृत्ति परीक्षा पास की। रिधि ने कड़ी मेहनत कर के अपने स्कूल एवं माता पिता का नाम रोशन किया। इस परीक्षा को पास करने पर रिधि को सालाना 12000 रुपए अगले 4 वर्ष तक दिए जाएंगे। स्कूल प्रधानाचार्य संदीप चंद ने सभी शिक्षकों की मौजूदगी में रिधि एवं परिजनों को सम्मानित किया।

### शिक्षा बोर्ड ने बदला तीसरी कक्षा का सिलेबस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी और शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त निजी स्कूलों में इस बार तीसरी कक्षा का सिलेबस पूरी तरह से बदल दिया गया है। यह परिवर्तन नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत एनसीईआरटी द्वारा किए गए पाठ्यक्रम में बदलावों के अनुरूप किया गया है। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने तीसरी कक्षा के लिए नई पाठ्यपुस्तकों को तैयार करवा कर सभी स्कूलों में वितरित कर दिया है, ताकि नए सत्र की पढ़ाई सुचारु रूप से शुरू हो सके। नए सिलेबस के अनुसार अब हिंदी विषय के लिए 'रिमझिम भाग-3' की जगह 'वीणा' पुस्तक को शामिल किया गया है। गणित विषय के लिए 'मैथ मैजिक बुक-3' को हटाकर 'मैथ मेला' और अंग्रेजी विषय के लिए 'मैरीगोल्ड बुक-3' की जगह 'संतूर' नामक पुस्तक पढ़ाई जाएगी। ये बदलाव विद्यार्थियों को अधिक रोचक, व्यावहारिक और समग्र ज्ञान देने के उद्देश्य से किए गए हैं।

### अनसोल्ड ठेकों पर रखे जाएं हिमफेड के कर्मचारी

**अनंत ज्ञान, गगल।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में शराब ठेकों की नीलामी के बाद अनसोल्ड यानी जिन 392 ठेकों की नीलामी न होने के कारण सरकार द्वारा इन ठेकों को खुद चलाने के निर्णय का स्वागत करते हुए इनके के उन हिमफेड के कर्मचारियों ने सरकार से मांग की है के सरकार उन ठेकों पर हिमफेड के उन कर्मचारियों को रखें जिन्हें 4 वर्ष पूर्व तत्कालीन सरकार ने हिमफेड से निकाल दिया गया था। उन ठेकेदारों गांव बगरू के तरसेम चौधरी, हरि ओम शिमला के ताराचंद रमेश चंद लाइक राम आदि ने कहा कि 9 वर्ष पूर्व निकाले गए लगभग 150 कर्मचारियों में कई तो स्वर्ग सिधार चुके हैं और कई दर-दर की ठोकरें खाकर अपना पेट भर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि सरकार के इस निर्णय से उन हिमफेड कर्मचारी के भविष्य की उम्मीद जगी है।

### विजिलेंस ने आरटीओ कार्यालय में की छापेमारी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** आरटीओ कार्यालय पठानकोट में विजिलेंस ने की छापेमारी, दस्तावेजों की जांच की गई। कार्यालय कर्मचारियों से पूछताछ की गई कुछ दस्तावेज भी विजिलेंस ने कब्जे में लिए। 3 एजेंट और 3 आउटसोर्स कर्मचारियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। विजिलेंस विभाग विभिन्न कार्यालयों पर छापेमारी कर रहा है। उनके कागजात और दस्तावेजों की तलाशी ले रहा है और पूछ रहा है कि लोगों को क्यों हिरासत में लिया जा रहा है। ऐसा ही मामला पठानकोट के आरटीओ कार्यालय में देखने को मिला, जहां विजिलेंस विभाग ने आरटीओ कार्यालय में छापेमारी की, जिसमें विजिलेंस विभाग ने आरटीओ कार्यालय के दस्तावेज जब्त कर लिए और वहां घूम रहे तीन आउटसोर्स कर्मचारियों और तीन एजेंटों को भी हिरासत में लिया। उनसे पूछताछ की गई कि वे किस उद्देश्य से ऐसा कर रहे थे। सतर्कता विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### बस किराये में बढ़ोतरी छात्रहित में नहीं : अभिनव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अभिनव चौधरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सार्वजनिक परिवहन के किराए में 5 रुपए तक की वृद्धि का निर्णय न केवल असंवेदनशील है, बल्कि यह लाखों गरीब और मध्यम वर्गीय नागरिकों के लिए एक गंभीर आर्थिक बोझ भी साबित होगा। यह वृद्धि उन नागरिकों पर अतिरिक्त दबाव डालने वाली है, जो रोजाना बसों का उपयोग करते हैं। खासकर वे गरीब, मजदूर और छात्र वर्ग जो पहले ही अपनी दिनचर्या की जरूरतों को पूरा करने में संघर्ष कर रहे हैं। इस पर सरकार के मंत्री का यह बयान कि कई बार लोगों के पास 5 रुपए नहीं होते तो हमने 5 से बढ़ाकर 10 करने का फैसला किया है, न केवल एक निंदनीय और असंवेदनशील है, बल्कि यह दर्शाता है कि सरकार छात्रों और आम जनता की वास्तविक समस्याओं और उनके जीवन की कठिनाइयों को समझने में असफल रही है। यह निंदनीय बयान छात्रों एवं गरीब जनता के प्रति सरकार की निराशाजनक और उपेक्षापूर्ण सोच को उजागर करता है।

### ज्ञान ज्योति कॉलेज में लगाया रक्तदान शिविर



**आशीष धमीर, कांगड़ा।** ज्ञान ज्योति बीएड कॉलेज राजोल में सोमवार एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर कांगड़ा सेवियर की ओर से आयोजित किया गया। इस शिविर में भगवान बुड्ढा चैरिटेबल ब्लड सेंटर ट्रस्ट घुरकड़ी की तरफ से डॉक्टर संजय भारद्वाज, विजय, आकाश, दीपक, मिस पायल व सलमा रानी नर्स शामिल रहीं। शिविर में रक्तदान शिविर में कांगड़ा सेवियर ग्रुप के अध्यक्ष एवं ज्ञान ज्योति बीएड कॉलेज के एमडी वीरेंद्र चौधरी प्राचार्य विजेता चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे उपस्थित रहे। इस अवसर पर एमडी वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि इस जीवन में हम रक्तदान कर किसी को नई जिंदगी प्रदान कर सकते हैं। इस शिविर में 61 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। (अनंत ज्ञान)

### गहने व नकदी चुराने वाले दो आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** जिला नूरपुर के अधीन पड़ते पुलिस थाना रैहन के अंतर्गत पुलिस ने नरंगपुर गांव में पिछले दिनों ममता देवी के घर से गहने व नकदी चोरी करने के आरोप में दो आरोपियों युसुफ सिप्पू निवासी पुरानी गंगथ तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा व साहिल निवासी गांव व डाकघर बरोट तहसील फतेहपुर जिला कांगड़ा को मुकाम इंदपुर (इंदौरा) को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ममता देवी रैहन में ब्यूटी पार्लर चलाती हैं तथा उसका पति बीएसएफ में नौकरी करता है। बताया जा रहा है कि ममता देवी किसी कार्य के लिए बाजार गई थी। इस दौरान पीछे से अज्ञात चोरों ने उसके घर में घुसकर गहनों व नकदी पर हाथ साफ कर लिया था। ममता देवी ने इस संदर्भ में पुलिस थाना में चोरी की शिकायत दर्ज करवाई थी।

### विवेकानंद ग्रुप ने जीती प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के धौलाधार परिसर-एक में चल रहे अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी संबंध में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 83 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों की तीन टीमें बनाई गई थीं। इस प्रतियोगिता में कुल तीन टीमें विवेकानंद ग्रुप में विवेकानन्द ग्रुप के प्रतिभागी, आईना स्नेही (कप्तान), आंचल कौशल, बालकृष्ण, अभय एवं अनमोल, सावरकर ग्रुप में ज्योति ठाकुर (कप्तान), गुलशन, नीरज, प्रिंस, काजल और सावित्री बाई फुले ग्रुप में सुशील (कप्तान), शालिनी, शिल्पा, शबनम, शशि रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कुल 40 प्रश्नों के चार राउंड सम्मिलित थे। इस प्रतियोगिता में विवेकानंद ग्रुप (कप्तान आईना स्नेही) विजयी रहा। इस कार्यक्रम के दौरान केंद्र के शिक्षक डॉ. राजकिशोर सिंह और डॉ अंकिता शर्मा उपस्थित रहे। आठ अप्रैल को इसी शृंखला में कविता और भाषण प्रतियोगिता आयोजित होगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सत प्रकाश बंसल, अधिष्ठाता अकादमिक एवं कार्यक्रम समन्वयक प्रो प्रदीप कुमार ने विजेता टीम को शुभकामनाएं प्रदान कीं।

# कोतवाली बाजार में वन वे ट्रैफिक

## बाजार में प्रवेश हुए वाहन ओल्ड चड़ी रोड व गुरुद्वारा रोड से होकर जाएंगे वापस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



जिला दंडाधिकारी एवं उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कोतवाली बाजार में वन वे ट्रैफिक के आदेश जारी कर दिए गए हैं। कोतवाली बाजार में प्रवेश करने वाले वाहन ओल्ड चड़ी रोड तथा गुरुद्वारा रोड से होकर वापस जाएंगे। इसके साथ ही काली माता मंदिर, खड़ाडंडा रोड पर एमसी पार्किंग तथा इंन्क्लेवर होटल से कोतवाली मार्केट की तरफ आने के लिए नो एंट्री जोन रहेगा।

मैक्लोडगंज तथा भागसू की तरफ से आने वाले वाहन एचपी हाईकोर्ट गेस्ट हाउस प्वांइट से वाया धर्मशाला बाईपास की तरफ जाएंगे।



**जिला दंडाधिकारी एवं डीसी बैरवा ने जारी किए आदेश**

इसी तरह से डल नड्डी तथा कैंटनमेंट बोर्ड से आने वाले वाहनों को काली माता मंदिर तक ही आने की अनुमति होगी। वहीं, खनियारा, कंडी, दाड़नु से आने वाले वाहन मेजर अभिजित थापा मार्ग तथा व्हाइट गेट से शाम नगर, रामनगर से होकर अंबेडकर चौक तक जा सकेंगे। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि ये आदेश प्रातः 10:30 बजे से लेकर रात आठ बजे तक लागू रहेंगे, जबकि सोमवार तथा अन्य दिनों पर बाजार बंद रहने पर इन आदेशों में ढील रहेगी। उन्होंने कहा कि इसमें आपातकालीन तथा कानून व्यवस्था से संबंधित वाहनों को छूट रहेगी।

### तीन नो एंट्री प्वाइंट पर तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने कहा कि तीन नो एंट्री प्वाइंट पर पुलिसकर्मी तैनात करने के निर्देश दिए हैं, ताकि यातायात आदेशों की अनुपालना सुनिश्चित की जा सके। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नो एंट्री प्वाइंट पर साइन बोर्ड लगाना सुनिश्चित करें, ताकि सभी नागरिकों को इसकी जानकारी मिल सके।

### वीकेंड पर नो एंट्री के लिए एसडीएम प्राधिकृत

**उपायुक्त** हेमराज बैरवा ने कहा कि वीकेंड पर कोतवाली बाजार में व्हीकल की नो एंट्री के लिए एसडीएम को निर्देश दिए हैं कि हितधारकों के साथ मीटिंग कर आवश्यक रिपोर्ट प्रेषित करें, ताकि आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

### वनाग्नि को काबू करने के लिए बनाई 5 टीमें

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** जिला कांगड़ा के वन मंडल नूरपुर के तहत पड़ते क्षेत्र के जंगलों को आग से बचाने के लिए विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली है और नूरपुर में कंट्रोल रूम बनाया गया है, जबकि गर्मियों में फायर सीजन को ध्यान में रखते हुए फील्ड स्टाफ की छुट्टियां रद्द कर दी गई है। डीएफओ नूरपुर अमित शर्मा ने अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि इस बार गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए वनों को आग से बचाने के लिए वन मंडल नूरपुर में पहली अप्रैल से फायर सीजन शुरू हो गया है और फील्ड स्टाफ की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। उन्होंने बताया कि वन मंडल नूरपुर के तहत नूरपुर, कोटला, जवाली, रे व इंदौरा पांच वन रेंज है। जंगलों को आग से बचाने के लिए एसीएफ नूरपुर की अध्यक्षता में नूरपुर में कंट्रोल रूम बनाया है और सभी वन रेंजों में आग पर काबू पाने के लिए पांच टीमें बनाई गई हैं। डीएफओ नूरपुर अमित शर्मा ने लोगों से वनों को आग से बचाने के लिए सहयोग की अपील की है।

## सालगिरह मुबारक



संतोषगढ़ (ऊना) के सुलिंदर चोपड़ा और राम कुमारी को शादी की 24वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### अटियालादाई, बोदा और आसपास कल लगेगा पावर कट

**अनंत ज्ञान, डरोह।** 11 केवी डरोह फीडर की आवश्यक मरम्मत के चलते उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों (अटियालादाई, बोदा, बुरला मलोग, सिहोटू व बरकड़ी) आदि में 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे से लेकर कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने दी है।

## स्प्रिंग डेल स्कूल जवाली में 12 से लगेगा स्टेट मर्दानी स्पोर्ट्स कैंप

**अनंत ज्ञान, जवाली**

मर्दानी स्पोर्ट्स फेडरेशन इंडिया (मार्शल आर्ट), जोकि एशियाई मर्दानी स्पोर्ट्स फेडरेशन एवं वर्ल्ड मर्दानी स्पोर्ट्स फेडरेशन से मान्यता प्राप्त है। मर्दानी स्पोर्ट्स एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा तथा महासचिव डॉ. राजीव सिंह निरयाल ने बताया कि यह खेल हिमाचल प्रदेश में पहली बार खेला जा रहा है।

स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली में दो दिवसीय ओपन स्टेट मर्दानी एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश कैंप का आयोजन 12 और 13 अप्रैल को किया जा रहा है। इसमें 10-14 वर्ष के छात्र-छात्राएं जूनियर वर्ग तथा 15 वर्ष से ज्यादा आयु के छात्र तथा छात्राओं सीनियर वर्ग में प्रतिभाग ले सकते हैं। इस कैंप में दिल्ली से प्रोफेशनल कोच बच्चों को ट्रेनिंग देंगे। और जो बच्चे इस स्टेट कैंप में चयनित होंगे वे बच्चे सीधा नेपाल में नेशनल लेवल में खेलने जाएंगे और नेशनल लेवल में चयनित बच्चे 'साउथ एशियन चैंपियनशिप' जोकि भूटान में हो रही है जिसमें नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और इंडिया चारों देशों के बच्चे खेल के प्रति अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। डॉ. राजीव सिंह निरयाल ने बताया कि बाहर के सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूल के छात्र-छात्राएं भी 'ओपन स्टेट मर्दानी एसोसिएशन ऑफ़ हिमाचल प्रदेश कैंप' (मार्शल आर्ट) में प्रतिभाग लेना चाहते हैं, उन सभी से अनुरोध है कि वे छात्र-छात्राएं 6 अप्रैल से पहले स्कूल कैंपस में आकर अपना रजिस्ट्रेशन फॉर्म भर दें। स्कूल के अध्यक्ष डॉक्टर राजेंद्र ने बताया कि यह बहुत बड़े गर्व की बात है कि हमारे स्कूल में ओपन स्टेट मर्दानी एसोसिएशन ऑफ हिमाचल प्रदेश का आगाज किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह जवाली शहर के सभी सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए सुनहरा मौका है कि उन्हें दो दिवसीय स्टेट मर्दानी स्पोर्ट्स कैंप में प्रतिभाग लेने का मौका मिला है।

### पेंशनर्स को बिना देरी के दिए जाएं लंबित वित्तीय लाभ

**राजन ढींगरा, नगरोटा बगवां।** सोमवार को पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन नगरोटा बगवां ग्रामीण एवं शहरी की बैठक सीनियर सिटीजन फॉर्म हाल गांधी ग्राउंड में हुई। इसमें जिला कांगड़ा के महासचिव रविंद्र राणा, वरिष्ठ उपप्रधान साहिब सिंह तथा सुरेश चौधरी ने विशेष रूप से अपनी उपस्थिति दी। बैठक को ईश्वर दास चौधरी, अरिन चौधरी, निर्मल धीमान, जगत राम, जगगो राम, रवि शंकर, आत्मा राम, रंजीत सिंह, बिहारी लाल, रघुनाथ ने संबोधित किया तथा अपने अपने विचार रखे तथा सभी ने सरकार से 1/1/2016 से 31/1/2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए सभी पेंशनर्स के देय वित्तीय लाभ बिना किसी विलंब देने की मांग की तथा डीए की सभी किस्तें देने एवं डीए एरियर का भुगतान करने, मेडिकल बिलों के भुगतान हेतु बजट प्रावधान करना, पे मैट्रिक्स के सभी लंबित मामलों का निपटारा करना तथा पे रिवीजन का देय एरियर देने तथा सीनियर सिटीजन के लिए सभी कार्यालयों, बैंकों, डाकखानों में अलग लाइन लगाने की मांग की गई। बैठक में मंच का संचालन संतोष चौधरी, महासचिव द्वारा किया गया। यह जानकारी सुभाष चौधरी प्रेस सचिव द्वारा दी गई। (अनंत ज्ञान)

## मटौर कॉलेज की नई बिल्डिंग में इस सत्र से बैठेंगी कक्षाएं : मोंगरा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



**बोले, मुख्यमंत्री सुक्खू के निर्देशों पर हो रहा काम**

एपीएमसी और हिमाचल कांग्रेस ओबीसी विभाग के चेयरमैन निशु मोंगरा ने कहा है कि नए एजुकेशनल सेशन से मटौर कॉलेज के नए भवन में कक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी। इसके लिए बिजली समेत कुछ अन्य औपचारिकताएं जल्द पूरी की जाएंगी। यह बात निशु मोंगरा ने अनसोली पंचायत के तहत घुंडी गांव में रामवनवमी पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में निशु मोंगरा का जोरदार स्वागत हुआ। आयोजकों ने उन्हें सम्मानित किया। निशु मोंगरा ने कहा कि करोड़ों की लागत से मटौर कालेज का नया भवन बनकर तैयार हो गया है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के निर्देश हैं कि इसी सत्र से इस कालेज के भवन में कक्षाएं शुरू की जाएं। निशु मोंगरा ने कहा कि अभी मटौर स्कूल मैदान में युवाओं की मांग पर बड़े पत्थर जेसीबी की मदद से हटा दिए गए हैं। इस मैदान में युवाओं के खेलते समय काफी दिक्कत हो रही थी। इस मैदान को समतल किया जाएगा। निशु मोंगरा ने आगे कहा कि मटौर कालेज को जाने वाले रोड का टेंडर भी अवार्ड हो गया है। इसका काम जल्द पूरा कर लिया जाएगा। इससे बच्चों को बहुत आसानी होगी। निशु मोंगरा ने कहा कि मटौर सहित अन्य कालेजों में ग्रामीण बच्चों को बेहतर शिक्षा दी जा रही है। विधानसभा क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी व कनेक्टिविटी पर फोकस किया जा रहा है। चंगर और पलम में कई स्कीमों पर काम चल रहा है।

# टीबी मुक्त पंचायतों को मिला सम्मान

## नूरपुर के एसडीएम ने सिल्वर एंड ब्राउन मोमेंटो देकर किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एसडीएम नूरपुर गरसिमर सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 12 ग्राम पंचायतों को सिल्वर एवं ब्राउन मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। एसडीएम नूरपुर गुरसिमर सिंह ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए टीबी के उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने और रोगियों की पहचान कर समय पर इलाज सुनिश्चित करने का संदेश दिया। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस अभियान को जन आंदोलन बनाएं। अन्य पंचायतें भी अच्छा काम करे, ताकि अगली बार वो भी सम्मानित हो।

बीएमओ डॉ. दिलवर सिंह द्वारा सभी उपस्थित लोगों को टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई, जिसमें हिमाचल प्रदेश को टीबी मुक्त करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। कार्यक्रम मे सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर रीना गुप्ता ने कहा कि 2024-25 में नूरपुर क्षेत्र की 12 पंचायतें टीबी मुक्त हो गई हैं। इनमें से 8 पंचायतों हटली-जम्बाला, बरुही, अनोह, कंडवाल, नागनी, अटाड़ा, चलोह व डागला को कांस्य पदक के रूप में महात्मा गांधी की प्रतिमा प्रदान की गई व कमनाला, नागाबाड़ी, पंजाहड़ा व हड़ल को रजत पुरस्कार दिया गया।

### फतेहपुर की 10 ग्राम पंचायतें पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन अस्पताल के मीटिंग हाल में किया गया। कार्यक्रम मे मुख्यातिथि एसडीएम फतेहपुर रहे। कार्यक्रम में टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 10 ग्राम पंचायतों को सिल्वर एवं ब्रॉउन मोमेंटो' देकर सम्मानित किया गया। अवसर पर एसडीएम फतेहपुर विश्रुत भारती ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए टीबी के उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने और रोगियों की पहचान कर समय पर इलाज सुनिश्चित करने का संदेश दिया। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे इस अभियान को जन आंदोलन बनाएं।

### चट्टान से गिरकर व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** कांगड़ा के खुंडियां पुलिस थाना के अंतर्गत एक व्यक्ति मेहर चंद, जोकि गुजरात में ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था, वहां उसकी करंट लगने से 4 अप्रैल को मौत हो गई थी। वहां से दो चालक व एक सहायक उसकी डेड बॉडी को छोड़ने उसके गांव आए। प्रातः लगभग 4.30 पर वे जब वह वहां पहुंचे तो उनके साथ गुजरात से आए लोग भी कुछ देर वहां अफसोस करने बैठे। उसके बाद वाहन चालक जब गाड़ी मोड़ने लगा, तो उसके साथ आया सहायक धर्मेश साइड पर जाकर खड़ा हो गया। वह अचानक लगभग 25-30 फुट चट्टान से नीचे जा गिरा, जिससे उसके सिर पर गहरी चोट आई। उनके उपचार के लिए टांडा अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव उसी गाड़ी में भेज दिया है।

### क्रियोन स्कूल बैजनाथ में मनाया स्वास्थ्य दिवस

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉ. दिलावर सिंह दियोल के आदेशानुसार क्रियोन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस मौके पर खंड स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल वर्मा ने छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि आज के समय में हर व्यक्ति स्वास्थ्य की बात भी करता है और इस बारे में जागरूकता भी आई है, लेकिन लोग स्वास्थ्य के के बारे में सही समय जागरूक हो और उपचार मिल जाए तो हम असमय मृत्यु से बच सकते हैं। इसलिए डब्ल्यू एच ओ द्वारा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया जाता है इस साल विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य है यह थीम माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है जिसका उद्देश्य प्रेगनेंसी, डिलीवरी के समय उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं की जरूरतों पर ध्यान देना है आज सरकारों द्वारा मां और शिशु के स्वास्थ्य को बेहतर व स्वस्थ बनाने के लिए कई कल्याणकारी स्कीमें चलाई गई हैं। जैसे जननी सुरक्षा योजना,जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, लक्ष्य,कंमप्रीहेंसिव केयर सर्विसेज,मां, यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन प्रोग्राम, आरबीएसके, अनीमिया मुक्त भारत, कंगारू मदर केयर आदि।

### किसानों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** बागवानी विभाग द्वारा किसानों को पांच दिवसीय मशरूम ट्रेनिंग का शुभारंभ किया गया जिसमें डा. हितेंद्र पटियाल विषय विशेषज्ञ पालमपुर मुख्यातिथि शिरकत की। जिसमें उन्होंने किसानों व बागवानों को मशरूम के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों को मशरूम की खेती को स्वरोजगार के रूप में अपनाने पर बल दिया। उन्होन किसानो को संबोधित करते हुए कहा कि 2024-25 में किसानों को 326.5 मीट्रिक टन खुम्ब खाद वितरण की जिसमें 450 किसान लाभन्वित हुए वा 10 प्रशिक्षण शिवरों में लगभाग 326 किसानों को खुम्ब खेती के गुर सिखाए गए। आज से शुरू होने वाले ट्रेनिंग प्रोग्राम में भरमौर चंबा जिले के 25 और जिला कांगड़ा के 10 किसान भाग ले रहे हैं। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में भरमौर उद्यान विकास खंड के किसान वा बागवानी भाग ले रहे हैं। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम 11 अप्रैल तक चलेगा।

## कृषि विवि पालमपुर में सशस्त्र बलों के कर्मचारियों को मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में प्रसार शिक्षा निदेशालय के सेमिनार हॉल में सोमवार को भारतीय सशस्त्र बलों के जेसीओ और समकक्ष रैंक के अधिकारियों के लिए 'डेयरी, पोल्ट्री फार्मिंग और मूल्य वर्धित डेयरी उत्पाद' पर चार महीने का सर्टिफिकेट कोर्स शुरू हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के प्रतिभागियों का स्वागत किया । प्रो. नवीन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के आर्थिक विकास में डेयरी क्षेत्र एक विशेष महत्व रखता है । उन्होंने मूल्यवर्धित डेयरी उत्पादों की क्षमता पर प्रकाश डाला, जो उद्यमिता और ग्रामीण विकास के लिए आवश्यक अवसर प्रदान करते हैं। भारतीय सेना की 39वीं डिवीजन के विशिष्ट अतिथि कर्नल देबदास नंदा ने रक्षा कर्मियों के लिए इस तरह के मूल्यवान प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करने के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस डेयरी और पोल्ट्री पाठ्यक्रम से अर्जित कौशल, सशस्त्र बलों के कर्मियों को स्वरोजगार के रूप में अवसर प्रदान करने में सक्षम बना सकते हैं।

## वक्फ कानून का विरोध करना बंद करे सुक्खू सरकार : रमजान खान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश की सुक्खू सरकार केंद्र द्वारा बनाए गए वक्फ कानून का विरोध और बयानबाजी करने के बजाय प्रदेश में वक्फ बोर्ड, हज कमेटी सहित गुज्जर कल्याण बोर्ड का गठन करे। नए वक्फ कानून का मुस्लिम समाज के निम्न वर्ग को लाभ होगा। यह बात सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट रमजान खान ने सोमवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि नए वक्फ कानून के तहत जहां मुस्लिम महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व मिलेगा, साथ ही गैर मुस्लिम भी वक्फ बोर्ड में आएंगे। उन्होंने कहा कि राज्यों में बनने वाले वक्फ बोर्डों में पारदर्शिता लाने के लिए हर साल इनका ऑडिट सुनिश्चित होगा, जो कि पहले नहीं किया जाता था। उन्होंने कहा 1950 में वक्फ का गठन मुस्लिम समाज के गरीब वर्ग की शादी, इलाज व उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के लिए किया गया था। वक्फ बोर्डों की संपत्तियों की आय का कोई हिसाब किसी के पास नहीं है, ऐसे में नए वक्फ कानून से इसमें पारदर्शिता आएगी। सेंट्रल पोर्टल बनाया जाएगा, जिसमें राज्यों को छह माह के भीतर वक्फ बोर्ड की भूमि व संपत्तियों व आय की जानकारी दर्ज करनी होगी।

### जिले में आज से शुरू होगा पोषण पखवाड़ा

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** जिला कांगड़ा में पोषण अभियान के तहत सातवां पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी कांगडा स्थित धर्मशाला अशोक कुमार आज नूरपुर के दौरे पर थे। उन्होंने बताया कि इसके लिए सभी तैयारी पूर्ण कर दी है। जिला कांगडा के नूरपुर बाल बिकास कार्यालय मे रव्यू मीटिंग के लिए पंहचे जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार ने पत्रकारो को जानकारी देते हुए कहे। उन्होंने कहा कि आदतो मे वदलाव लाना ही परखबाडा का मुख्य उद्देश्य है उन्होंने बताया कि सातवें पोषण पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों से बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन, जीवन के पहले 1000 दिनों पर विशेष बल और पोषण ट्रैकर संबंधी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि उक्त अवधि में समुदाय आधारित गतिविधियों के माध्यम से लोगों को पोषण के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### सोनम कालरा धर्मशाला में करेंगी पहला कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, गगल।** चौथे स्वरा माउंटेन आर्ट फेस्टिवल में एक खास मशहूर कोक स्टूडियो कलाकार सोनम कालरा 12 अप्रैल को धर्मशाला में ग्रैंड फिनाले में अपनी पहली प्रस्तुति देंगी। जानकारी देते हुए जगोरी संस्था के कार्यकर्ता आजाद ने बताया की सोनम कालरा शास्त्रीय सूफी और संगीत से अपना भावपूर्ण मिश्रण के लिए जानी जाने वाली कलाकार है इस प्रतिष्ठ कार्यक्रम में एक प्रमुख कलाकार के रूप में उनकी मंत्रमुग्ध कर देने वाली संगीत प्रतिभा नृत्य करती धरती और पांच तत्वों के सामान्य के लिए सामंजस्य के लिए उमड़ो के उत्सव की थीम को प्रतिद्वानित करेगी, जो कला सामाजिक परिवर्तन और पर्यावरण चेतना के बीच शक्तिशाली संबंध का जश्न मनाना है। उन्होंने बताया कि जगोरी रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक आभा भैया द्वारा परिकल्पित यह उत्सव रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता का एक जीवंत मिश्रण है, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और मानवीय प्रयासों में कला की भूमिका एक विशेष पहलू है।

**मेले-त्योहार** आज से 15 अप्रैल तक मनाया जाएगा दाड़ी का मशहूर धुम्मूशाह मेला

# दंगल में हिमाचल के पहलवान दिखाएंगे दमखम

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

धर्मशाला के दाड़ी मैदान में 8 अप्रैल से 15 अप्रैल तक धुम्मूशाह मेले का आयोजन किया जा रहा है। 8 अप्रैल के सायं 4 बजे मंदिर पंचायत घर से भराड़ी माता मंदिर तक जाएंगे, जहां झंडा रस्म होगी तथा इस समारोह के मुख्यातिथि हेमराज बैरवा उपायुक्त कांगड़ा रहेंगे। जानकारी के अनुसार बुधवार, 9 अप्रैल यात्रा पूर्वाह्न दोपहर 1:00 बजे होगा। इसके साथ ही छिन्ज का शुभारंभ होगा इसमें नाग पुजारी मंडली द्वारा छिंज मैदान में झंडे की प्रतिस्थापना पर एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री मुख्यातिथि रहेंगी। 10 अप्रैल को यात्रा पूर्वाह्न का समय दोपहर 1:00 बजे रहेगा। इस दौरान नाग पुजारी मंडली द्वारा छिंज मैदान में झंडे की प्रतिस्थापना समारोह में नगर निगम के पार्षद देवेंद्र जग्गी मुख्यातिथि रहेंगे। 11 अप्रैल प्रातः 11 बजे पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का अयोजन होगा। शनिवार, 12 अप्रैल रात्रि 7 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम कस आयोजन होगा, जिसमें विनय कुमार अतिरिक्त उपायुक्त कांगड़ा मुख्यातिथि होंगे।

**शुभारंभ समारोह में उपायुक्त हेमराज बैरवा होंगे मुख्यातिथि**

वहीं, 13 अप्रैल को मेले का समापन शाम 7 बजे होगा, जिसमें जफर इकवाल आयुक्त, नगर निगम धर्मशाला मुख्यातिथि रहेंगे। इस बार छिंज मेले में हिमाचल के स्थानीय पहलवान अपने जौहर दिखाते नजर आएंगे। (अनंत ज्ञान)

### राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष से मिले कृषि मंत्री

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार की अध्यक्षता में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, विधायक मलेंद्र राजन ने गुजरात के आनंद स्थित राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड का दौरा किया। यह दौरा हिमाचल प्रदेश में डेयरी क्षेत्र के समग्र विकास, मूल्य संवर्धन, एवं पशुपालन से संबंधित चुनौतियों के समाधान हेतु एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने एनडीडीबी के अध्यक्ष डॉ. मनीष शाह से विस्तृत बातचीत की, जिसमें हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय भूगोल को ध्यान में रखते हुए डेयरी क्षेत्र में तकनीकी सहयोग, पशु चारे की उपलब्धता, रोग नियंत्रण, उत्पादकता में वृद्धि, विपणन नेटवर्क का सुदृढ़ीकरण, एवं किसान हितैषी योजनाओं पर चर्चा की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा के कैथल की टीम ने जीती क्रिकेट स्पर्धा

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** ग्रीन पार्क स्टेडियम करयाली में डीपी मेमोरियल महिला क्रिकेट प्रतियोगिता सोमवार को संपन्न हुई। इस दौरान गर्ल्स टी-20 सीरीज में हरियाणा कैथल की टीम विजेता और सीमा क्रिकेट अकादमी परलोग की टीम उपविजेता रही। इस मौके पर मुख्यातिथि पूर्व प्रधान ग्राम पंचायत जूणी ओमप्रकाश ने विजेता टीम को ट्राफी के साथ 22000 की नकद राशि व उपविजेता टीम को ट्राफी के साथ 11000 रुपए की नकद राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता के दौरान बेस्ट बैटर मोनिका ब्रेटू, बैस्ट बालर रितिका भारद्वाज, बैस्ट कीपर मोनिका शर्मा और बैस्ट फिल्डर तन्वी नैहरा को ट्राफी के साथ 500 रुपए बतौर प्रोत्साहन राशि प्रदान किए गए। टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तन्वी नैहरा को वुमैन ऑफ द सीरीज का इनाम दिया गया।

### कोटी की पलक ने पास की एनएमएमएस परीक्षा

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** पीएमश्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कोटी की होनहार छात्रा पलक ठाकुर ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) की परीक्षा उतीर्ण करके स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने पलक को अपनी शुभकामनाएं देते हुए बताया कि बीते वर्ष 10 नवंबर को एससीईआरटी सोलन द्वारा एनएमएमएस की परीक्षा ली गई थी, जिसमें इस स्कूल की छात्रा पलक ने परीक्षा में भाग लिया था। उन्होने बताया कि इस छात्रा को 9वीं से 12वीं कक्षा तक हर महीने एक हजार रूपये की राशि वजीफा के रूप में मिलेगी। बता दें कि भारत सरकार द्वारा मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए कार्यान्वित की जा रही है ताकि मेधावी बच्चों की पढ़ाई आर्थिक तंगी के चलते प्रभावित न हो।

### भाषण में शिवानी व पोस्टर मेकिंग में महक प्रथम



**अनंत ज्ञान, जुन्गा(शिमला)।** राजकीय नर्सिंग कॉलेज चमियाणा में सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। इस मौके पर भाषण, रोल प्ले और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में शिवानी ने प्रथम, तविष नेगी ने द्वितीय और दीक्षिता ने तृतीय स्थान हासिल किया। इसी प्रकार पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में महक ने प्रथम, सोनाली ने दूसरा और दीक्षा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम का आयोजन सीएमओ शिमला डॉ राकेश प्रताप के निर्देशानुसार किया गया। शिमला नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ कृष्णा चौहान ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और उपस्थित सभी नर्सिंग प्रशिक्षुओं व अन्य विभागीय कर्मचारियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर शपथ भी दिलाई गई।

### ऑफलाइन भी स्वीकार हो बिजली बिल का भुगतान

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** प्रदेश सरकार द्वारा बिजली बिलों के ऑनलाइन भुगतान के फरमान से सुन्नी वासी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अल्प संख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मुश्ताक कुरैशी द्वारा इस बाबत प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर भी अवगत करवाया गया है। उनके द्वारा लिखे पत्र में उन्होंने ग्रामीण जनता को परेशानी का सामना करने की बात की ही। उन्होंने कहा कि गांव के लगभग 80 फीसदी लोग ऑनलाइन सिस्टम से अनभिज्ञ है। जिस कारण लोगों को बिल जमा करवाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की भी दिक्कत रहती है और कई ग्रामीण के पास एंड्रॉयड फोन भी नहीं है। उन्होंने सरकार से गुहार लगाई है कि बिजली बिलों का भुगतान करने के तरीकों को यथास्थिति रखा जाए और भुगतान ऑफलाइन भी स्वीकार किए जाएं।

# दृष्टिबाधितों ने की सड़क जाम

## नौकरी की मांग को लेकर किया प्रदर्शन, 3 घंटे तक बैठे रहे धरने पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**प्रदेश** के दृष्टिबाधित बेरोजगारों ने सोमवार को नौकरी की मांग को लेकर सचिवालय छोटा शिमला के बाहर प्रदर्शन किया। दृष्टिबाधित बेरोजगार छोटा शिमला पुलिस थाने के सामने बीच सड़क पर धरने पर बैठ गए। इससे शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई और सड़क के दोनों ओर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया।

इससे स्कूली बच्चों और आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दृष्टिबाधित बेरोजगारों ने सुबह करीब साढ़े नौ बजे धरना शुरू किया। लगभग एक घंटे तक सड़क को पूरी तरह बंद किया गया। इसके बाद पुलिस ने इन्हें समझाने की कोशिश की और सड़क से हटने को कहा। इस दौरान इनकी पुलिस के साथ भी हल्की झड़प हुई। दृष्टिबाधित संघ के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, वह पिछले 535 दिनों से हड़ताल पर हैं। यह उनका 11वां चक्का जाम है। सचिवालय के बाहर भी 12 दिनों से धरना चल रहा है। मगर सरकार ने उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया और बार बार आश्वासन दिए जा रहे हैं।

### 2 साल से बैकलॉग भर्ती की मांग: राजेश ठाकुर

**राजेश** ठाकुर ने कहा कि दृष्टिबाधित संघ दो साल से विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों पर बैकलॉग भर्ती की मांग कर रहा हैं। पर नौकरी देने के बजाय उनके साथ जानवरों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। बीते सप्ताह छोटा शिमला में प्रदर्शन के दौरान एक दृष्टिबाधित बेरोजगार गिरकर गंभीर रूप से घायल भी हो गया।

### अपर शिमला की बसें वाया भट्टाकुफर भेजी

**दृष्टिबाधित** संघ के चक्का जाम के दौरान पुलिस को शहर में यातायात व्यवस्था में बदलाव करना पड़ा। अपर शिमला से राजधानी आने वाली बसों को वाया भट्ठाकुफर-मल्याणा होते हुए आईएसबीटी भेजा गया। मगर शिमला से संजौली और संजौली से शिमला जाने वाले यात्री ट्रैफिक जाम में फंसे रहे।

# कोटखाई में होगी औषधीय पौधों की खेती

## जाइका वानिकी परियोजना ने जाशला में जताई संभावना

**अनंत ज्ञान, शिमला**



**सेब** उत्पादक क्षेत्र कोटखाई में औषधीय पौधों की खेती के लिए जाइका वानिकी परियोजना ने नई पहल शुरू कर दी है। परियोजना ने वन मंडल ठियोग के अंतर्गत वन परिक्षेत्र कोटखाई में गठित ग्राम वन विकास समिति जाशला में औषधीय पौधों की खेती के लिए अपार संभावनाएं जताई है।

जाशला में मैनेजर मार्केटिंग जड़ी बूटी प्रकोष्ठ डॉ. राजेश चौहान की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कडु और चिरायता की खेती शुरू करने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने यहां उपस्थित लोगों को अवगत करवाया कि इन औषधीय पौधों की खेती के लिए यह क्षेत्र जलवायु अनुकूल है। उन्होंने कहा कि इस खेती के लिए जाइका वानिकी परियोजना ग्रामीणों को निशुल्क पौधे उपलब्ध करवाने के साथ-साथ सभी तकनीकी प्रशिक्षण भी देगी।

डॉ. राजेश चौहान ने कहा कि आज के इस दौर में औषधीय पौधों को बाजार में बेहतरीन दाम मिल रहे हैं, जिससे लोग अपनी आर्थिकी को सुदृढ़ कर सकते हैं। वन मंडल ठियोग के विषय वस्तु विशेषज्ञ डा. अभय महाजन और क्षेत्रीय तकनीकी इकाई समन्वयक लोकेंद्र झांगटा भी उपस्थित रहे। ग्राम वन विकास समिति जाशला के प्रधान प्रदीप लेटका, जयदेवी नंदन स्वयं सहायता समूह की प्रधान प्रेम लता और जय मां चालकाली स्वयं सहायता समूह की प्रधान उषा ने जाइका वानिकी परियोजना की इस महत्वपूर्ण पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में औषधीय पौधों की खेती की भरपूर संभावनाएं हैं, जिसे जन सहभागिता के माध्यम से सफल करेंगे।

# शिमला में 2 सड़क हादसों में एक महिला की मौत, 3 घायल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**जिला** शिमला के ठियोग और बालूगंज थाना क्षेत्रों में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं सामने आई हैं। इनमें एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों मामलों में संबंधित धाराओं के तहत मुकदमे दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना ठियोग क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार कुमारी नेहा पुत्री कामना राम निवासी छैला कांता शर्मा पत्नी हरिदत्त शर्मा निवासी गांव छैला की कार (एचपी09सी-1936) में उनके साथ सवार होकर घर जा रही थीं। रविवार शाम जब वे दसाणा कैंची के पास पहुंचे तो कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार दोनों महिलाओं को गंभीर चोटें आईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ठियोग ले जाया गया, जहां से उन्हें गंभीर स्थिति को देखते हुए आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया। इलाज के दौरान देर रात कांता शर्मा की मौत हो गई। ठियोग पुलिस ने इस हादसे को लेकर बीएनएस की धारा 281, 125(ए) व 106 के तहत मामला दर्ज किया है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है।

दूसरी घटना बालूगंज थाना क्षेत्र की है। प्रेम सिंह पुत्र स्वर्गीय बाला राम, निवासी कंडा जिला शिमला ने पुलिस में दी शिकायत में बताया कि वह अपने भतीजे के साथ स्कूटी (एचपी63-3221) पर कंडा से घनाहट्टी की ओर जा रहे थे। घनाहट्टी के पास सड़क किनारे खड़ी एक कार (एचपी10सी-0304) अचानक सड़क पर आ गई, जिससे उनकी स्कूटी उससे टकरा गई। हादसे में दोनों को चोटें आईं और स्कूटी को भी नुकसान पहुंचा। बालूगंज थाना पुलिस ने प्रेम सिंह के बयान के आधार पर बीएनएस की धारा 281, 125(ए) के तहत मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

# कोटी बाजार में चरमराई सफाई व्यवस्था

## जंगल में लगे कूड़े के ढेर कर रहे पर्यावरण को दूषित, बीमारियों का भी खतरा

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

**जुन्गा** तहसील के कोटी में सफाई व्यवस्था राम-भरोसे चल रही है। आलम यह है कि कोटी बाजार के साथ लगते जंगल में कूड़े के लगे ढेर पर्यावरण को दूषित कर रहे हैं। कोटी बाजार में बढ़ती जनसंख्या को देखते हुए कोटी को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग की जा रही है। स्थानीय पंचायत द्वारा सफाई व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम ने किए जाने से कोटी बाजार के लोग अपने घरों का कूड़ा कचरा साथ ही जंगलों में फेंक देते हैं। आगामी गर्मी के मौसम में इस कचरा की गंदगी के फैलने से किसी भी प्रकार की महामारी फैलने की आंशका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

पूर्व प्रधान बलदेव पुरी, स्थानीय स्कूल की एमएमसी प्रधान कंचन ठाकुर सहित अनेक लोगों ने बताया कि कोटी पंचायत में बढ़ते शहरीकरण के चलते इस पंचायत की आबादी करीब साढ़े तीन हजार हो गई है। बताया कि कोटी कस्बा नगर पंचायत के सभी मापदंडों को



पूरा करता है तथा शहर में चरमराती सफाई व्यवस्था का समाधान केवल नगर पंचायत से ही संभव है। उन्होने बताया कि प्रसिद्ध पर्यटक स्थल कूफरी और चायल के मध्य स्थित इस कस्बा में भी पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है जिससे इस पंचायत में पर्यटन गतिविधियां बढ़ने लगी है।

**स्थानीय लोगों ने की नगर पंचायत बनाने की मांग**

इसके अतिरिक्त कोटी बाजार में अकसर वाहनों का जाम लगा रहता है जिससे विशेषकर स्थानीय लोगों को काफी परेशानी पेश आ रही है। लोगों का कहना है कि कोटी में विभिन्न विभागों के कार्यालय होने के साथ साथ यहां पर डिग्री कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थान कार्यरत है जिसके चलते कोटी के सुनियोजित विकास की नितांत आवश्यकता है। स्थानीय प्रधान रमेश शर्मा ने बताया कि पंचायत के पास पहले एक सफाई कर्मचारी था जिसने काम छोड़ दिया है और अब शीघ्र किसी अन्य सफाई कर्मचारी को तैनात किया जाएगा।

## पेंशनरों ने लंबित देनदारियों के भुगतान की लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन युनिट सुन्नी ने सरकार से पेंशनरों की लम्बे अरसे से लंबित देनदारियो को चुकता करने की गुहार लगाई है। एसोसिएशन के महासचिव बाबूराम चौहान ने कहा कि वर्ष 2016 से 2022 तक के सभी पेंशनरों का लाखों के हिसाब से देनदारियां सरकार के पास लंबित है।हिमाचल प्रदेश के पेंशनर्स व सभी कर्मचारी वर्ग भी सरकार के इस प्रकार के रवैए से खफा हैं। 3त्र मंहगाई भत्ते की किश्त देने की घोषणा ऊंट के मुंह में जीरा के समान है, क्योकि 8 प्रतिशत महंगाई भत्ता अभी भी देय है। सरकार ने इसके बारे चुपी साध रखी है।उन्होंने कहा कि उल्टे सरकार पेंशनरों को बांटने का प्रयास कर रही है।70 से 75 वर्ष पूर्ण कर चुके पेंशनरों को उनका शेष एरियर्स देने की घोषणा की है,परन्तु उससे कम आयु के पेंशनरों के बारे में कोई भी कदम सरकार नहीं उठा रही है।

# 15 तक पेमेंट नहीं हुई तो परिवार के साथ सड़कों पर करेंगे प्रदर्शन

## वित्तीय संकट से जूझ रहे ठेकेदारों ने जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



बिलासपुर जिले में कार्यरत ठेकेदारों ने पिछले कई महीनों से लंबित भुगतान को लेकर गंभीर चिंता जाहिर करते हुए जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ठेकेदारों ने बताया कि नवंबर 2024 के बाद से उनके बिलों का नियमित भुगतान नहीं हो रहा है, जिससे उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

जिला ठेकेदार यूनियन के प्रधान आशीष ढिल्लो ने कहा कि लगातार पांच महीने से भुगतान न मिलने के कारण उनके स्वयं के परिवार ही नहीं, बल्कि उनके अधीन काम करने वाले श्रमिकों, संबंधित दुकानदारों, पेट्रोल पंप मालिकों आदि को भी वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक तंगी के चलते अब बैंक, निजी व्यापारी और आपूर्तिकर्ता भी उधार देने से साफ मना कर चुके हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति 31 मार्च तक भी जिन टोकनों को ट्रेजरी में भेजा गया था, उनका भुगतान अब तक नहीं हुआ है।

**नवंबर 2024 के बाद से बिलों का नहीं हो रहा नियमित भुगतान**

ऐसे समय में जब बच्चों की स्कूल फीस, प्रवेश, किताबें, यूनिफॉर्म आदि के खर्चों का दबाव होता है, ठेकेदार पूरी तरह से असहाय महसूस कर रहे हैं। यूनियन के पदाधिकारियों ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि यदि 15 अप्रैल तक मार्च माह तक की सभी लंबित पेमेंट नहीं की गई, तो वे अपने परिवारों और लेबर के साथ सड़कों पर उतरकर जोरदार धरना-प्रदर्शन करेंगे। ठेकेदारों ने प्रशासन से अपील की है कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्रभाव से भुगतान प्रक्रिया शुरू की जाए, जिससे वे इस आर्थिक और मानसिक दबाव से राहत पा सकें। अब देखना यह होगा कि प्रदेश सरकार इस चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेता है और समय रहते समाधान करता है या नहीं।

## राजपूत महासभा ने सामान्य वर्ग आयोग बनाने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजपूत महासभा हिमाचल प्रदेश की प्रदेश कार्यकारिणी की एक अहम बैठक बिलासपुर जिला परिषद हाल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अमर सिंह गुलेरिया ने की। इस अवसर पर कल्याण सभा कांगड़ा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. अशोक सरियाल, प्रमुख होटलियर व समाजसेवी राजा ठाकुर और सामान्य वर्ग संयुक्त मंच मंडी के संयोजक डीके चंदेल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि केंद्र और राज्य सरकारें जाति विशेष के तुष्टिकरण के नाम पर सामान्य वर्ग के युवाओं और छात्रों की उपेक्षा कर रही हैं। इस भेदभाव के विरोध में मई माह से सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा और जिलाधीशों के माध्यम से ज्ञापन सौंपे जाएंगे। प्रदेश महासचिव केएस जम्वाल और डॉ. अमर सिंह गुलेरिया ने कहा कि महासभा सरकार से सामान्य वर्ग आयोग के गठन की मांग कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री से शिमला, मंडी शिवरात्रि मेला और शाहपुर में मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा गया था, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# बसों का न्यूनतम किराया बढ़ाना जनता की जेब पर डाका: गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में बसों में न्यूनतम किराए में की गई वृद्धि आम जनता की जेब पर डाका डालना है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम किराया बढ़ाकर 10 रुपये करने का यह निर्णय गरीब और मध्यम वर्ग पर सीधा आर्थिक बोझ डालता है। कांग्रेस सरकार नित नए फैसले लेकर प्रदेश की भोली भाली जनता की जेब पर डाका डालने का कार्य कर रही है।

गर्ग ने कहा कि सुक्खू सरकार बताए कि यह कौन सा व्यवस्था परिवर्तन है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार के सवा दो साल के कार्यकाल में व्यवस्था नहीं बल्कि अव्यवस्था का आलम है। प्रदेश के अंदर दिनों दिन बढ रहे अत्याचार, हत्याएं, महिलाओं का अपमान, चोरी-डकैती व नशे का बढता कारोबार यह कौन सा व्यवस्था गरीब और मध्यम वर्ग पर सीधा आर्थिक बोझ है। पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि विपक्ष में रहते हुये कांग्रेस जो महंगाई का रोना रोती थी, वहीं कांग्रेस सता मिलने पर डीजल, बिजली एवं बस किराया बढ़ाने में गुरेज न करते हुए प्रदेश की जनता पर बोझ डालना तथा उद्योगों का पलायन व बेरोजगारों का रोजगार छीनना ही क्या सुक्खू सरकार का व्यवस्था परिवर्तन है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अब बसों का न्यूनतम किराया बढ़ाने का फैसला कर गरीब और मध्यम वर्ग पर आर्थिक बोझ डाल दिया है। उन्होंने मांग की कि सरकार इस निर्णय पर पुनर्विचार करे और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दे।

## ग्रीष्मोत्सव में करवाए बेबी और बुजुर्ग शो

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राज्य स्तरीय ग्रीष्मोत्सव घुमारवीं में बेबी शो और बुजुर्ग शो का आयोजन किया गया। 2 से 3 वर्ष आयु वर्ग में सार्थक ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि दूसरे स्थान पर निकुंज तथा आयशा तीसरे स्थान पर रहे। 3 से 4 वर्ष की आयु वर्ग में दिव्यांशी पहले स्थान पर सायरा दूसरे स्थान पर तथा सिदत तीसरे स्थान पर रहे। वहीं वरिष्ठ नागरिकों की प्रतियोगिता 60 से 80 वर्ष की आयु वर्ग में म्यूजिकल चेयर करवाई गई जिसमें नंद लाल पहले स्थान पर मलिका देवी दूसरे स्थान पर तथा सागरी देवी तीसरे स्थान पर रही। 80 से ऊपर वाले बुजुर्गों के लिए सभी को शॉल, टोपी तथा कंसोलेशन प्राइज दिए गए।

## नरेश ने पावरलिफ्टिंग स्पर्धा में जीते दो पदक




**अनंत ज्ञान, झंडूता।** हिमाचल प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा पालमपुर के अंबेडकर भवन में आयोजित दो दिवसीय एचपी स्टेट पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जिला बिलासपुर के नरेश कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 74 किलोग्राम सीनियर कैटेगरी की बेंच प्रेस स्पर्धा में स्वर्ण पदक और अपनी श्रेणी में रजत पदक पर कब्जा जमाया। नरेश कुमार का बॉडी वेट 72 किलोग्राम है और वे जिला बिलासपुर के बरठीं क्षेत्र में स्थित रिंकी फिटनेस सेंटर जिम के संचालक हैं। उनके शानदार प्रदर्शन के आधार पर उन्हें सीनियर कैटेगरी में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है। 5 और 6 अप्रैल को आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 12 जिलों से आए लड़के और लड़कियों ने भाग लिया और दमखम आजमाया। नरेश कुमार की इस उपलब्धि से जिले में खुशी की लहर है और खेल प्रेमियों को उनसे राष्ट्रीय स्तर पर भी बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद है।

## महिलाओं व बच्चों को पोषण किट वितरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बिलासपुर और रेलवे हॉस्पिटल द्वारा संयुक्त रूप से शिविर का आयोजन किया। इसमें न केवल स्वास्थ्य जांच की गई, बल्कि महिलाओं और बच्चों को आवश्यक सहायता भी प्रदान की गई। मुख्यातिथि सोनिका धर्मानी ने गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए इस तरह के कार्यक्रमों की महत्ता को रेखांकित किया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. नरेश कुमार शर्मा ने बच्चों के स्वास्थ्य निरीक्षण किया और उनकी उचित देखभाल के लिए सुझाव दिए। इसके साथ ही महिलाओं को किचन सेट और बच्चों को पोषण किट वितरित किए गए, जो उनके दैनिक जीवन को सहज बनाने में मदद करेंगे। रेनबो हॉस्पिटल द्वारा एक सप्ताह तक निशुल्क चिकित्सा सेवाएं और जांच प्रदान करने की पहल भी इस आयोजन का महत्वपूर्ण हिस्सा रही, जो स्थानीय समुदाय के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी। इस आयोजन में बाल विकास अधिकारी रंजना शर्मा, कोहिनूर हम कल फाउंडेशन के अध्यक्ष, लग्नेश कुमार, समर्थ हमारी पहचान के अध्यक्ष अश्विनी कुमार, डायरेक्टर रेनबो प्रतीक शर्मा और मोनिका शर्मा सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया।

# बीपीएल सूची में शामिल होने के लिए 30 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल के तहत कार्यालय खंड विकास अधिकारी संजीव पुरी ने बताया कि ग्रामीण विकास विभाग प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में बीपीएल परिवारों के चयन, शामिल एवं हटाए जाने के मापदंडों के लिए प्रक्रिया निर्धारित की है। इसके लिए इच्छुक परिवार 30 अप्रैल तक आवेदन के सकते हैं। बीपीएल सूची में शामिल करने के लिए परिवारों की पहचान विभिन्न मापदंडों के आधार पर की जाएगी। ऐसे परिवार जिसमें 18 वर्ष से कम आयु के अनाथ बच्चे ही सदस्य हैं, ऐसे परिवार जिसमें 59 वर्ष की आयु से अधिक के वृद्धजन ही सदस्य हैं। 18 से 59 वर्ष की आयु का कोई भी व्यस्क सदस्य नहीं है। ऐसे परिवार जिसमें महिला मुखिया हो तथा जिसमें 18 वर्ष से 59 वर्ष का मुखिया सदस्य पुरुष सदस्य न हो। जिसमें विधवा, अविवाहित तलाकशुदा व परित्यक्त महिलाएं शामिल होंगी। ऐसे परिवार जिसमें मुखिया में 50 से अधिक विकलांगता हो। ऐसे परिवार जिनमें सभी व्यस्क सदस्यों द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में मनरेगा के अंतर्गत कम से कम 100 दिन काम किया है। ऐसे परिवार जिनके कमाने वाले सदस्य कैंसर, अल्जाइमर, पार्किंसन, मस्कुलर डिस्ट्राफी, थैलेसीमिया या किसी अन्य स्थिति जैसे गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं, जिसके परिणामस्वरूप स्थायी विकलांगता होती है, उन्हें भी बीपीएल सूची में शामिल किया गया है। संजीव पुरी ने बताया कि इच्छुक परिवार जो बीपीएल सूची में शामिल होना चाहते हैं उनके मुखिया अपने आवेदन पत्र आवश्यक घोषणा पत्र के साथ सहायक साक्ष्य जैसे परिवार रजिस्टर की नकल, बीमारी में जिला चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाणपत्र एवं आय प्रमाणपत्र संलग्न करके अपनी पंचायत कार्यालय में 30 अप्रैल तक जमा करें।

## संस्कार सोसायटी ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को भेजा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं पुलिस द्वारा अवैध नशा की जानकारी सप्लायरों को लीक करने की उच्च स्तरीय जांच व जिम्मेदार पुलिस कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग करते हुए संस्कार सोसायटी घुमारवीं ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को ईमेल के माध्यम से ज्ञापन भेजा है। संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने बताया कि यह अत्यंत चिंतनीय व दुर्भाग्यपूर्ण है कि घुमारवीं पुलिस ने नशे का अवैध कारोबार करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई न करते हुए उल्टा जिस व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी, उसके बारे में नशे के अवैध धंधा करने वाले को ही दे दी, जिसके कारण समाज में पुलिस के प्रति निराशा व आक्रोश है। पुलिस विभाग के कुछ कर्मियों की इस प्रकार की कार्यप्रणाली व संदिग्ध गतिविधियों से नशा के खिलाफ संस्था का यह अभियान कमजोर हो रहा है।

# अपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट 27 अप्रैल को बिलासपुर में करेगा टैलेंट हंट कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



अपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष सुमित गुप्ता द्वारा हिमाचल के युवाओं को विभिन्न गतिविधियों में राष्ट्रीय स्तरीय मंच प्रदान करने हेतु 27 अप्रैल को बिलासपुर में टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

राजकीय पीजी कॉलेज बिलासपुर के प्रधानाचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने द बिग रियलिटी शो ऑफ हिमाचल टैलेंट दे दन दना दन का पोस्टर विमोचन किया। अपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष सुमित गुप्ता ने बताया 27 अप्रेल रविवार को गायन, मॉडलिंग, नृत्य, लेखन,पेंटिंग, एक्टिंग, सुपर मोम, सुपर डेड, योगा, शास्त्रीय गायन, भाषण इत्यादि प्रतियोगिताओं का टैलेंट हंट का आयोजन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर में किया जाएगा। द बिग रियलिटी शो ऑफ़ हिमाचल टेलेंट दे दन दना दन का पोस्टर विमोचन के दौरान अपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट के अध्यक्ष सुमित गुप्ता ने कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर पीएस कटवाल को हिमाचली टोपी शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लाडली फाउंडेशन, हिमाचल रेनबो स्टार क्लब, भारतीय संस्कृति हमारी विरासत के पदाधिकारी एवं स्थानीय कॉलेज बिलासपुर के प्राध्यापक इत्यादि मौजूद रहे।

**डॉ. पीएस कटवाल ने द बिग रियलिटी शो ऑफ हिमाचल टैलेंट दे दन दना दन के पोस्टर का किया विमोचन**

## प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग झडूता के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. परविंदर सिंह के दिशा-निर्देशन में शिक्षा एवं संप्रेषण ब्यूरो द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत मरोतन के महिला मंडल फूफली झलवाना (धनीपखर) में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत के उपप्रधान मुकेश ने की। इस अवसर पर स्वास्थ्य शिक्षक दीप कुमार एवं कमल कुमार उपस्थित रहे। कमल कुमार ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुरुआत 1950 में की गई थी और इसका उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केवल बीमारी से मुक्ति नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से संपूर्ण तंदुरुस्ती की स्थिति है। इस वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' रखी गई है। स्वास्थ्य शिक्षक दीप कुमार ने बताया कि यह थीम मातृ एवं नवजात शिशुओं की मृत्यु दर में कमी लाने के प्रयासों पर केंद्रित है। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान एवं टीकाकरण के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि गर्भावस्था के दौरान समुचित जांच एवं नवजात का समय पर टीकाकरण आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों में सुपरवाइजर शकुंतला देवी, महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता रक्षा देवी, सीएचओ नीतिका, एवं स्थानीय आशा कार्यकर्ता शामिल रहीं। इस अवसर पर महिला मंडल द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिनमें भाषण, मेहंदी, चार्ट एवं गीत प्रतियोगिता शामिल थीं। विजेताओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### चंबा में कैंपस इंटरव्यू 16 व 17 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय चंबा द्वारा 16 व 17 अप्रैल को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वीएमटी स्पिनिंग मिल्स कल्याणपुर सोलन की निजी कंपनी द्वारा डोफर एंड वाइन्डर के 50 पदों को भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित शैड्यूल के अनुसार 16 अप्रैल को उप रोजगार कार्यालय सुंडला, व 17 अप्रैल को उप रोजगार कार्यालय तीसा में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। आवेदकों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8 वीं,10वीं, 12वीं अथवा स्नातक और आयु सीमा 18 से 27 वर्ष निर्धारित की गई है इसके अलावा अभ्यर्थी को हिंदी पढ़ने-लिखनी आनी चाहिए। अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति जिला रोजगार अधिकारी कार्यालय चंबा के दूरभाष नंबर 01899-222209 पर संपर्क कर सकते हैं।

### सुही माता मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा की पवित्र और ऐतिहासिक धरती पर स्थित सुही माता मंदिर में एक अनूठी पहल देखने को मिली, जब समाजसेवी संस्था 'प्रयास एक ज़रिया', जो एक सक्रिय गैर-सरकारी संगठन है, ने मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल मंदिर परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाना था, बल्कि स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी फैलाना रहा। संस्था के समर्पित सदस्यों ने पूरे उत्साह और सेवा भाव से झाड़ू लगाई, कचरा उठाया और मंदिर के चारों ओर सफाई की। अभियान के दौरान नजारा प्रेरणादायक रहा, जब श्रद्धालु और स्थानीय लोग भी इस पहल से प्रभावित होकर स्वेच्छा से अभियान में शामिल हो गए।

### एबीवीपी ने किया बस किराया बढ़ोतरी का विरोध

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में लिए गए बस किराया बढ़ोतरी के निर्णय पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) ने कड़ा विरोध जताया है। परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अर्पित जरयाल ने एक बयान जारी करते हुए इस निर्णय को छात्र विरोधी करार दिया और सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग की। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ,अर्पित जरयाल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य में छात्र समुदाय की बड़ी संख्या प्रतिदिन अपने घरों से दूर विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और लाइब्रेरी तक पहुंचने के लिए बसों का सहारा लेती है। उन्होंने कहा, 'एक छात्र औसतन साल के 300 दिन बसों में सफर करता है। ऐसे में किराया बढ़ोतरी उनके लिए आर्थिक बोझ बनकर सामने आई है। खासकर मध्यमवर्गीय और ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।'

### देहरी वृद्धाश्रम में वितरित किए फल




**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर अरोमा कॉलेज ऑफ नर्सिंग की तरफ से सुंदरनगर के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें वृद्धाश्रम देहरी में प्रशिक्षु छात्राओं ने सबका हेल्थ चेकअप कर सभी वृद्धजनों को फल वितरित किए। इसके अलावा सिविल अस्पताल सुंदरनगर में मरीजों को स्वास्थ्य जागरूकता के बारे जानकारी देते हुए बताया कि कैसे हम स्वस्थ रह सकते हैं। इसके अलावा नाटक प्रस्तुत कर मरीजों को जागरूक किया। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी नेहा ठाकुर, प्रोफेसर होनित शर्मा, लेक्चर स्वाति शर्मा, दीक्षा ठाकुर और अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

### मेले में किया जा रहा मोटे अनाज का प्रचार

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग मेला के तीसरे दिन मोटे अनाज (मिलेट्स) के महत्व को उजागर करने के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित जैविक कृषि विशेषज्ञ नेकराम शर्मा ने महिला मंडल बाग के सहयोग से मोटे अनाज सावा की खीर बनाकर मेले में आए लोगों को वितरित की। इस पहल का उद्देश्य लोगों को पारंपरिक और पौष्टिक अनाजों की खेती व उपयोग के लिए प्रेरित करना रहा। महिला मंडल बाग की प्रधान सुभद्रा ठाकुर और उप-प्रधान बंदना के सहयोग से स्वादिष्ट सावा की खीर तैयार की गई, जिसे मेले में निःशुल्क वितरित किया गया।

### माउंट मौर्य स्कूल में हवन के साथ नया सत्र शुरू

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** माउंट मौर्य इंटरनेशनल स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 की शुरुआत विधिवत हवन यज्ञ के साथ की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर, स्कूल के एमडी मनोज सहित समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। विद्यार्थियों का स्वागत पारंपरिक तिलक लगाकर किया गया, जिससे माहौल पूर्णतः सांस्कृतिक और उत्साहपूर्ण रहा। विद्यालय ने इस सत्र के साथ अपनी स्थापना के 13 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं और अब बच्चों की संख्या एक हज़ार के करीब पहुंच चुकी है।

### एसएल भाटिया ने त्याग पत्र देकर सबको चौंकाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** 27 वर्षों तक बतौर संस्थापक अध्यक्ष एसएल भाटिया ने बिजली बोर्ड के फोरम से त्याग पत्र देकर सभी सदस्यों को चौंका दिया। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों व सदस्यों से मिले सहयोग का आभार प्रकट किया। मीटिंग में उन्होंने स्पष्ट किया कि 58 वर्ष की आयु में उन्होंने 9 सदस्यों के साथ मिलकर पालमपुर में पेंशन यूनिट की स्थापना की थी। वे बतौर सामान्य सदस्य कार्य करते रहेंगे। उन्होंने यूनिट कार्यकारी अध्यक्ष बीडी मिश्रा को अध्यक्ष पद सौंपा।

# राजस्व संबंधी मामलों का शीघ्र करें निपटारा

## जिला मुख्यालय चंबा में राजस्व विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** मुख्यालय चंबा में राजस्व विभाग से संबंधित एक विस्तृत समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की। बैठक में राजस्व विभाग में विभिन्न प्रकार के लंबित मामलों बारे विस्तृत चर्चा की गई तथा इस संबंध में उपायुक्त द्वारा राजस्व विभाग के अधिकारीयों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि राजस्व संबंधी लंबित मामलों का शीघ्र समाधान के लिए सभी उपमंडलाधिकारी (ना) प्राथमिकता के साथ कार्य करें। उन्होंने विभिन्न राजस्व संबंधी मामलों की समीक्षा के दौरान तकसीम, परिवर्तन, निशानदेही और अतिक्रमण से संबंधित मामलों के वारे में निर्देश देते हुए कहा कि सभी उपमंडलाधिकारी (ना) मामलों के शीघ्र समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री सेवा संकल्प हेल्पलाइन 1100 पर प्राप्त राजस्व संबंधी शिकायतों का शीघ्र निपटारा तय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने तहसील स्तर पर विभागीय फील्ड कार्यालय में विभिन्न कार्यों को समयबद्ध निपटारे की व्यवस्था को सुनिश्चित बनाने को भी कहा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी एसडीएम से उप मंडल स्तर पर ऐसे मामलों की लगातार समीक्षा करें। बैठक में विभिन्न विभागों के पास अतिरिक्त अनुपयोगी भूमि, वन अधिकार, राहत मामले, शिकायत निवारण से संबंधित विषयों की भी समीक्षा की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, उपमंडल अधिकारी (ना) चम्बा प्रियांशू खाती, भरमौर कुलबीर सिंह राणा, डलहौजी अनिल भारद्वाज, सलूणी नवीन कुमार सहित विभिन्न तहसीलों के तहसीलदार व नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

## हिमाचल दिवस समारोह के आयोजन में सभी विभागों का दायित्व महत्वपूर्ण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिला** चंबा के जनजातीय उपमंडल पांगी (किलाड़) में राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह की तैयारियों बारे जिला मुख्यालय चंबा में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की। बैठक में उपस्थित जिला स्तर के विभिन्न विभागीय अधिकारियों को उपायुक्त ने राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह के आयोजन में उनके विभागीय दायित्व बारे महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि राज्य स्तरीय हिमाचल दिवस समारोह जनजातीय क्षेत्र पांगी के उपमंडल मुख्यालय किलाड़ में हेलीपेड में आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में राज्य के विभिन्न जिलों के नाट्य दलों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे। उपायुक्त ने जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पांगी में अपने अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को इस राज्य स्तरीय आयोजन में अपने विभागीय दायित्व का जिम्मेदारी व गंभीरता से निर्वहन करने बारे निर्देशित करें।

इस अवसर पर एडीएम अमित मेहरा, एसी टू डीसी पीपी सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बिपन ठाकुर, उप आयुक्त राज्य कर एवं आबकारी नूतन महाजन, जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश ठाकुर, उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग भाग सिंह, बलबीर सिंह, चमन शर्मा सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

## बिलासपुर की टीम ने जीती क्रिकेट स्पर्धा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल मेडिकल आफिसर्ज एसोसिएशन, एचएमओए के प्रथम राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट जो जिला कांगड़ा में आयोजित हुआ, उसका खिताब बिलासपुर की टीम ने हासिल किया। इस प्रथम क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रदेश के कांगड़ा, शिमला, बिलासपुर व मंडी जिला की टीमों के डाक्टर खिलाड़ियों ने भाग लिया। बिलासपुर के डॉ. राघव ने बताया कि पहली बार प्रदेश के चिकित्सकों ने अपनी एसोसिएशन के स्तर पर तीन दिवसीय 20-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जो कई मायनों में बेहद उपयोगी व सफल रहा। इसमें बिलासपुर की टीम ने सबसे उम्दा प्रदर्शन करते हुए पहले मंडी जिला और फिर शिमला को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में बिलासपुर की टीम ने 20 ओवर में डॉ. निशांत की कप्तानी में जोरदार प्रदर्शन करते हुए 202 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसमें डॉ अभिनव चौहान की विस्फोटक पारी जिसमें उन्होंने 24 गेंदों पर शानदार 62 रन बनाए का सबसे अधिक योगदान रहा।

# भड़िया कोठी में लाइब्रेरी का उद्घाटन

## जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**शिक्षा** को सामाजिक बदलाव की सबसे सशक्त चाबी मानते हुए चंबा जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. नीलम कुमारी ने भड़िया कोठी में एक नई सार्वजनिक लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में शिक्षा, युवाओं की तैयारी और समाज निर्माण को लेकर अपने दृष्टिकोण को विस्तार से साझा किया।

डॉ. नीलम कुमारी ने कहा कि शिक्षा पर सबका हक है और अगर छात्रों को पढ़ाई के लिए दूर न जाना पड़े, तो इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने बताया कि यह लाइब्रेरी विशेष रूप से स्थानीय छात्रों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए खोली गई है, जिससे वे अपनी ही ग्राम पंचायत में रहकर गुणवत्तापूर्ण अध्ययन कर सकें। डॉ. नीलम कुमारी ने बताया कि उनका सपना है कि हर ग्राम पंचायत में एक वेल-इक्विप्ड लाइब्रेरी हो, जहां किताबों के साथ-साथ डिजिटल संसाधन भी उपलब्ध हों। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि कई बार बजट संबंधी समस्याओं के कारण इस दिशा में कार्य की गति धीमी पड़ जाती है। उन्होंने शिक्षा को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न मानते हुए सामाजिक शिक्षा पर भी बल दिया।

उन्होंने कहा कि बच्चों को शुरू से ही सुसंस्कारित बनाना, उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। डॉ. नीलम कुमारी का मानना है कि होलिस्टिक डेवलपमेंट यानी समग्र विकास ही सच्ची शिक्षा की परिभाषा है।

### रोजगार की राह दिखाने वाली लाइब्रेरी



**डॉ.** नीलम कुमारी ने यह भी स्पष्ट किया कि इन लाइब्रेरियों में न केवल किताबें होंगी, बल्कि वहां राज्य और केंद्र सरकार की नौकरियों की जानकारी, गाइडेंस सेशन, और करियर काउंसलिंग की भी सुविधा होगी ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि जब हर गांव में ज्ञान का दीप जलेगा, तो चंबा शिक्षा और विकास की दिशा में एक मिसाल बनेगा। यह पहल न केवल शिक्षा की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन का प्रारंभ भी है, जो चंबा के कोने-कोने में एक जागरूक और शिक्षित समाज के निर्माण की नींव रखेगा।

## बलेरा पंचायत में कथित वित्तीय अनियमितताओं पर घमासान

# मुझ पर लगाए गए आरोप निराधार : प्रधान

**अनंत ज्ञान, चंबा**

बलेरा पंचायत में कथित वित्तीय अनियमितताओं और दोहरी नौकरी के आरोपों को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता पंकज पलभर ने पंचायत प्रधान चमन लाल पर गंभीर आरोप लगाए हैं कि उन्होंने एक व्यक्ति को एक साथ डलहौजी नागरिक अस्पताल में कर्मचारी और मनरेगा के तहत दिहाड़ीदार के रूप में दर्शाकर नियमानुसार गलत कार्य किया है।

इसके अतिरिक्त पंकज पलभर का आरोप है कि प्रधान ने अपने भतीजे को बार-बार वेंडर नियुक्त कर और फर्जी बिलों के माध्यम से करीब 1 करोड़ रुपए तक की वित्तीय अनियमितताओं को अंजाम दिया। उनका कहना है कि यह मामला उन्होंने करीब एक साल पहले बीडीओ भटियात के समक्ष उठाया था, परंतु अब तक मात्र 64 लाख रुपए की ही जांच हुई है और कोई स्पष्ट कार्रवाई सामने नहीं आई है।

सोमवार शाम इरावती होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में पंचायत प्रधान चमन लाल ने मीडिया के समक्ष सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह सब एक तकनीकी त्रुटि के कारण हुआ था, जिसकी भरपाई मैं पहले ही कर चुका हूं। पंकज पलभर मेरे खिलाफ झूठे और भ्रामक आरोप फैला रहे हैं। प्रधान ने यह भी कहा कि किसी भी तरह की अनियमितता को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है और उन्होंने प्रशासन के समक्ष स्थिति स्पष्ट कर दी है। उनका कहना है कि जांच में पूरा सहयोग दिया जा रहा है और उनकी छवि को गलत तरीके से धूमिल किया जा रहा है।

### जांच की धीमी गति पर उठे सवाल



इस पूरे प्रकरण में एक बड़ा सवाल प्रशासन की धीमी जांच प्रक्रिया पर भी उठ रहा है। लगभग एक साल बीत जाने के बाद भी कोई ठोस निर्णय या कानूनी कार्रवाई न होना पारदर्शिता और जवाबदेही पर सवाल खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को किस दिशा में ले जाता है। फिलहाल, पंचायत की छवि और जनता का विश्वास दोनों दांव पर लगे हुए हैं।

## भरमौर में कामगारों को दी जा चुकी है 1.22 करोड़ की वित्तीय सहायता



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**प्रदेश** भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड द्वारा होली में कामगारों के लिए जागरूकता शिविर अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस शिविर में वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भमौरी विशेष अतिथि के रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि सरकार ने कामगार कल्याण बोर्ड के माध्यम से श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेकों योजनाएं चलाई है। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने विधानसभा क्षेत्र भरमौर में लगभग 1 करोड़ 22 लाख की वित्तीय सहायता कामगारों को उपलब्ध करवाई जा चुकी है। उन्होंने शिविर में उपस्थित सभी कामगारों से अपील की कि सभी पंजीकृत कामगार अपने पंजीकरण की ई-केवाईसी श्रम कल्याण अधिकारी जिला चंबा के कार्यालय में करवाना सुनिश्चित करें।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

## बखरौट में पेश आया हादसा, एक घायल आईजीएमसी रेफर



**अनंत ज्ञान, करसोग**

**करसोग** उपमंडल के तहत बखरौट में सोमवार दोपहर लगभग 12 बजे एक सड़क हादसा पेश आया, जिसमें एक युवक की नागरिक चकित्सालय करसोग में उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसा उस समय पेश आया जब एक मोटरसाइकिल एचपी 30-6760 करसोग की तरफ आती बार पशुपालन विभाग की एंबुलेंस के साथ टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई।

मोटरसाइकिल पर दो युवक सवार थे। हादसे में दोनों युवकों को घायल अवस्था में स्थानीय लोगो ने उपचार के लिए नागरिक चकित्सालय करसोग पहुंचाया, जहां मोटरसाइकिल संवार चालक युवक गुलशन कुमार पुत्र सुरजीत सिंह गांव माहोग उम्र लगभग 17 साल डाकघर बखरोट की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक रोहन पुत्र केवल गांव छनोग डाकघर ठंड़ापानी उम्र लगभग 21 वर्ष गंभीर रूप से घायल है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद आईजीएमसी शिमला रेफर किया गया। मामले की पुष्टि डीएसपी करसोग गौरव जीत सिंह ने की। उन्होंने बताया कि घटना के कारणों की छानबीन की जा रही है, वहीं मृतक के परिवार को फौरी राहत के रूप में 25 हजार रुपए राहत राशि प्रदान की गई।

**मृतक के परिवार को फौरी राहत के रूप में 25 हजार रुपए की राहत दी**

## जोगिंद्रनगर में ईश्वर कलेक्शन की ओपनिंग

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के बिलिंग कॉम्प्लेक्स स्थित दुकान नंबर 85 में ईश्वर कलेक्शन का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित संगीत संध्या में स्थानीय कलाकारों ने सुरों का ऐसा जादू बिखेरा कि उपस्थित दर्शक भावविभोर हो गए। कार्यक्रम में शुभम, सोनाली, दीपक, अनीश, स्वास्तिक, परज तिवारी, अजय, अभिषेक, दीपक, बीरी सिंह और प्रफुल्ल ने अपनी-अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं। ईश्वर कलेक्शन में रेडीमेड कपड़े बाजार से कम कीमतों पर उपलब्ध हैं। साथ ही संगीत प्रेमियों के लिए यह स्थान किसी वरदान से कम नहीं। यहां गिटार, हारमोनियम, तबला, पियानो समेत कई संगीत वाद्य यंत्र और उनकी सहायक वस्तुएं थोक मूल्य पर उपलब्ध हैं।

### सूडोकु नवताल- 7394 (★★★★★ सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | 4 | | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7393 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

8 अप्रैल, 2025, मंगलवार

**विक्रमी संवत** : 2082, **शक संवत** :1947 (विश्वासवसु), **मास** : अमांत चैत्र, **तिथि** एकादशी (09:15): **नक्षत्र** आश्लेषा, **पक्षः** शुक्ल, **योग** : शूल (06:09) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:58-12-48), **राहुकाल** (03:33-05:07)।

### विशेष दिन

- 08 अप्रैल 2025: कामदा एकादशी व्रत।
- 08 अप्रैल 2025: लक्ष्मीकांत दोलोत्सव आज।

**मेषः** व्यावसायिक मामलों में फैसले लेते वक्त आपको सुस्पष्ट सोच से काम करना होगा। सहजता और तेजी के साथ कई मुद्दों का सफलतापूर्वक समाधान करेंगे।

**वृषभः** आर्थिक मामलों में तकदीर आपका साथ देगी। त्रिपक्षीय साझेदारी करने की स्थिति बनेगी, लेकिन निजी संबंधो के मामले में त्रिपक्षीय रिश्ते अनुकूल साबित नहीं होंगे।

**मिथुनः** आपने पहले से ही जो उम्मीदें संजो रखी हैं या फिर आप जैसा चाह रहे होंगे, उनके पूरा न होने से आप हताश हो सकते हैं। इस कारण आप निराश हो सकते हैं।

**कर्कः** युवाओं की तरह ऊर्जावान महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप युवा लोगों को प्रोत्साहित करने में सफल रहेंगे। आपकी पुत्री करियर के मामले में फैसला ले सकती है।

**सिंहः** कारोबार में सफलता मिलेगी और सौभाग्य भी साथ देगा। इस कारण आप खुलकर खरीददारी कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप ईमानदारी से काम करना चाहेंगे।

**कन्याः** आपके परिवेश में तेजी से बदलाव हो रहे हैं। नए अवसर सामने आएंगे। विचारों को खुलकर अभिव्यक्त करने का वक्त आ गया है। अपनों के मध्य पुरानी तल्ख यादों को बयान करें।

**तुलाः** अतीत के एक दौर की समाप्ति हो रही है और एक नया दौर शुरू होने वाला है। जैसे ही आप व्यावसायिक परियोजना को पूरा कर लेते हैं, वैसे ही आप हल्का व तनावरहित महसूस करेंगे।

**वृश्चिकः** विभिन्न शख्सियतों के बीच आप अलग छाप छोड़ने में सफल रहेंगे। निजी व व्यावसायिक मामले में ऊर्जावान होकर साहस का परिचय देंगे।

**धनुः** जिंदगी जो भी घटनाएं आपके समक्ष पेश कर रही हैं, उनका भरपूर लुफ्त उठाएं, तभी आप अतीत के अपराधबोध, नकारात्मक विचारों आदि को भुला सकेंगे।

**मकरः** असमंजस के बादल छंटेंगे। पुराने तौर-तरीकों में सुधार करेंगे और आपके दृष्टिकोण में भी नयापन झलकेगा। आप बदलाव के एक महत्वपूर्ण मुहाने पर हैं।

**कुंभः** अतीत और भविष्य की योजनाओं में न डूबकर आप वर्तमान में रहें और हर लम्हे का आनंद उठाएं। आंतरिक और बाहरी रूपांतरण की प्रक्रिया से गुजरेंगे।

**मीनः** लोगों से संवाद स्थापित करने का वक्त है। व्यावसायिक और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के साथ संपर्क स्थापित करें। अभिभावकों को आपके सहयोग की दरकार है।

## राज्य पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में रणभूमि वॉरियर्स ने झटके कई पदक

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश राज्य सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर्स वर्ग की पावरलिफ्टिंग, बेंच प्रेस और डेडलिफ्ट चैंपियनशिप का आयोजन पालमपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में टीम रणभूमि वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल मिलाकर दूसरा स्थान हासिल किया और अपने दमदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा। टीम रणभूमि वॉरियर्स के खिलाड़ियों ने विभिन्न श्रेणियों में शानदार पदक अर्जित किए। इसमें प्रिंस कुमार (जूनियर 53 किलोग्राम वर्ग) स्वर्ण पदक, एयरहिंट शर्मा (सब-जूनियर 83 किग्रा वर्ग) रजत पदक, देश राज (जूनियर 74 किग्रा वर्ग) 2 स्वर्ण, 1 रजत पदक, हितेश कुमार (जूनियर 83 किग्रा वर्ग) रजत पदक, तिलक राज (जूनियर 83 किग्रा वर्ग) 2 स्वर्ण पदक, पारस (सीनियर 93 किग्रा वर्ग) 2 स्वर्ण, 1 रजत पदक, शुभ कुमार (टीम कोच व सीनियर 120+ किग्रा वर्ग) 2 स्वर्ण पदक और स्ट्रॉन्गमैन ऑफ द चैंपियनशिप का खिताब जीता।

## मेरे साथ गलत हुआ है, न्याय के लिए लड़ूंगा लड़ाई : अजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मार्शल आर्ट प्रशिक्षक अजय ठाकुर ने कहा कि मेरे साथ गलत हुआ है, अब मैं न्याय के लिए अपनी लड़ाई लड़ूंगा। एसडीएम पधर को कथित रूप से धमकी देने के मामले को लेकर चर्चा में आए मार्शल आर्ट प्रशिक्षक अजय ठाकुर ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मैं अजय ठाकुर निंजा स्पोर्ट्स फेडरेशन टीम इंडिया का कप्तान हूं और अब तक अपने जीवन में 70000 से ज्यादा बच्चों को निशुल्क योग व सेल्फ डिफेंस सीखा चुका हूं। इसके साथ ही साथ मैंने अपने बच्चों को नशा मुक्ति, नारी सशक्तिकरण के लिए प्रेरित किया है। यह अभ्यास मैंने अपनी टीम ब्लैक पैंथर के माध्यम से सभी बच्चों को निशुल्क करवाया है। मैं एक समाजसेवक के तौर पर कार्य कर रहा हूं। उन्होंने बताया कि मैंने एसडीएम पधर को मेले में कार्यक्रम देने के लिए 28 मार्च को ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसकी पुष्टि करने और कार्यक्रम की जानकारी लेने के लिए चार अप्रैल को जब एसडीएम साहब को फोन किया तो उन्होंने कहा कि तेरी हिम्मत कैसे हुई मुझे फोन करने की। अजय ठाकुर ने कहा कि उन्होंने एक आम नागरिक के नाते फोन किया था, लेकिन साहब ने मुझे खरी-खोटी सुनाई और मुझ पर गलत इल्जाम लगा दिया। अजय ठाकुर ने कहा कि अगर मैंने कुछ गलत कहा है और उसका प्रूफ डालें, मैं अपने शब्द वापस लेने को तैयार हूं। लेकिन उक्त अधिकारी को भी फोन पर लोगों से कैसे बात करनी है, इसका सलीका भी सीखना चाहिए।

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र. ।**

क्रमाक नं. 118 / रीडर ।।

दिनाँक 07-04-2025

संजय कुमार पुत्र मनसो राम निवासी महाल गनोह तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र.

...वादी

वनाम आम जनता

... प्रतिवादी (नाम दुरुस्ती )

ईश्तहार अखवार वावत आवेदन नाम दरुस्ती महाल गनोह व पंजाहडा बारसवालां, तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा

ईश्तेहार अखवार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी संजय कुमार पुत्र मनसो राम निवासी महाल गनोह तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसका सही नाम संजय कुमार पुत्र मनसो राम है परन्तु महाल गनोह व पंजाहडा बारसवालां के राजस्व रिकार्ड में उसका नाम संजीव कुमार पुत्र मनसो राम दर्ज है, जो कि गलत है। अतः मेरे नाम की महाल गनोह व पंजाहडा बारसवालां के राजस्व रिकार्ड में दरुस्ती की जाए।

प्रतिवादी आम जनता को इस ईश्तहार अखवार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थी के नाम की दरुस्ती होने पर कोई आपति हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 08-05-2025 को ऐतराज पेश कर सकता हैं। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश नाम दरुस्ती जारी कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 07-04-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर, जिला कांगड़ा, हि.प्र.**

**बैठक** चंबा वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक में जनहित के मुद्दों पर उठी आवाज

# जलशक्ति विभाग की मनमानी बिलिंग व्यवस्था पर रोष



**अनंत ज्ञान, चंबा**

**चंबा** वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक का आयोजन सोमवार को किया गया, जिसकी अध्यक्षता अक्षता एसोसिएशन के प्रधान ओमप्रकाश गोस्वामी ने की। बैठक में चंबा क्षेत्र के नागरिकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ और प्रशासन तथा सरकार से शीघ्र समाधान की अपील की गई। बैठक में जलशक्ति विभाग, चंबा द्वारा चार-चार महीनों के पानी और सीवरेज बिल एक साथ थमाए जा रहे हैं, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर निम्न आय वर्ग और गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे लोग इस बोझ को उठाने में असमर्थ हैं। चंबा वेलफेयर ने इसे एक जनविरोधी और असंवेदनशील नीति करार दिया है और सरकार से इसे तुरंत वापस लेने की मांग की है।

सरकारी बसों के मिनिमम किराए में अचानक की गई बढ़ोतरी को लेकर भी बैठक में गहरा असंतोष जताया गया। ग्रामीण और गरीब तबके के लिए बसें ही आवागमन का एकमात्र साधन हैं, ऐसे में यह फैसला उनके लिए आर्थिक बोझ बन गया है। चंबा वेलफेयर ने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार कर, जनहित में न्यायसंगत समाधान निकालने की मांग की। बैठक में यह भी प्रस्ताव पारित हुआ कि ऐतिहासिक सूही मेला और रानी सुनयना के बलिदान को जीवंत बनाए रखने के लिए सूही माता मंदिर की पहाड़ी को पक्षी विहार घोषित किया जाए।

- **सूही माता मंदिर परिसर को पक्षी विहार के रूप में विकसित करने का रखा प्रस्ताव**
- **बस किराये में हुई बढ़ोतरी पर जताई चिंता**

मित्र का सम्मान करो, पीठ पीछे उसकी प्रशंसा करो और आवश्यकता पड़ने पर उसकी सहायता करो। -अरस्तु

## संपादकीय

# महंगाई का झटका

केंद्र सरकार ने काफी लंबे अर्से बाद पेट्रोल-डीजल की एक्साइज ड्यूटी में 2-2 रुपए की बढ़ोतरी की है। हालांकि, राहत की बात यह है कि इससे आम जनता पर बोझ नहीं पड़ेगा, क्योंकि इसका खर्चा पेट्रोलियम कंपनियां उठाएंगी। दूसरी ओर घरेलू गैस सिलेंडर के रेट में 50 रुपए की बढ़ोतरी करके सरकार ने उपभोक्ताओं को तगड़ा झटका दिया है। ऐसे में सवाल उठता है कि बढ़ती महंगाई के इस दौर में आम लोग कैसे सर्वाइव करेंगे। महंगाई एक ऐसी समस्या है, जो समय-समय पर आम लोगों के जीवन को प्रभावित करती रहती है। पेट्रोल-डीजल की एक्साइज ड्यूटी में बढ़ोतरी और घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने के साथ ही आम आदमी के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो गई है। महंगाई का असर हर क्षेत्र में देखा जा सकता है। खाने-पीने की चीजों से लेकर, घर की जरूरतों तक, सब कुछ महंगा हो गया है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि से परिवहन लागत बढ़ी है, जो वस्तुओं की कीमतों को प्रभावित कर रही है।

इसी प्रकार, घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी से परिवारों का मासिक बजट प्रभावित हो रहा है। महंगाई का सबसे बड़ा असर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ता है, जो पहले ही सीमित आय में घर चला रहे होते हैं। अब बढ़ती कीमतों के चलते उनकी बचत पर भी दबाव बढ़ता जा रहा है। महंगाई रोजगार के अवसरों और जीवन स्तर को प्रभावित करती है, क्योंकि इसका सीधा असर उपभोक्ता मांग और निवेश पर भी पड़ता है। महंगाई से बचने के लिए कुछ कदम उठाने की जरूरत है। यह बहुत जरूरी है कि हम अपने खर्चों का पुन: मूल्यांकन करें। अनावश्यक खर्चों को कम करें और उन चीजों पर खर्च करें, जो हमारी प्राथमिकता में हैं। घर का बजट इस तरह से बनाएं कि आवश्यक वस्तुएं ही खरीदी जाएं और विलासिता की वस्तुओं से बचा जाए। ताजे, मौसमी और स्थानीय उत्पादों को खरीदने से न केवल खर्च कम होता है, बल्कि यह हमारी सेहत के लिए भी बेहतर होता है। स्थानीय उत्पादों को समर्थन देने से अर्थव्यवस्था को भी बल मिलता है। जब भी शॉपिंग करें, तो छूट और डिस्काउंट का पूरा लाभ उठाएं। ऑनलाइन शॉपिंग के दौरान तरह-तरह के ऑफर्स का लाभ उठाया जा सकता है, जिससे कुछ चीजों पर बचत हो सकती है। घर में बिजली और पानी का अत्यधिक उपयोग महंगा पड़ सकता है।

ऊर्जा बचाने के लिए ऊर्जा दक्ष उपकरणों का इस्तेमाल करें और पानी की बचत के उपाय अपनाएं, जैसे कि शॉवर की बजाय बाल्टी से नहाना, बिजली का इस्तेमाल कम से कम करना आदि। आवश्यकता के हिसाब से गैस का उपयोग करें। गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने से इसे लेकर सचेत रहना जरूरी हो गया है। खाना पकाने के दौरान गैस का बचतपूर्ण उपयोग करें। जब भी गैस की बचत हो, जैसे कि डबल बर्नर पर एक साथ खाना पकाना या गैस का सही तापमान पर उपयोग करना, तो उसे अपनाएं। महंगाई बढ़ने के साथ-साथ हमें अपनी आय बढ़ाने के उपायों के बारे में भी सोचते रहना चाहिए और उन्हें अमलीजामा पहनना चाहिए। यदि संभव हो तो दूसरी आय के स्रोतों को विकसित करने की कोशिश करें। वहीं, सरकार को भी आवश्यक वस्तुओं जैसे कि खाद्य सामग्री, घरेलू गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल पर टैक्स कम करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए। इससे आम आदमी के ऊपर कम बोझ पड़ेगा और महंगाई में कुछ राहत मिल सकती है।

सरकार को गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को आर्थिक सहायता देने के लिए सब्सिडी योजनाओं को और सुदृढ़ करना चाहिए। जैसे कि गरीब परिवारों को रियायती दरों पर गैस सिलेंडर और खाद्य सामग्री उपलब्ध कराई जा सकती है। बेरोजगारों के लिए नौकरी के अवसर बढ़ाने और कौशल विकास योजनाओं को प्रोत्साहित किया जा सकता है। सरकार को घरेलू उद्योगों और उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं बनानी चाहिए। इससे न केवल विदेशों से आयात कम होगा, बल्कि घरेलू उत्पादन और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। इससे महंगाई की दर को नियंत्रित किया जा सकता है।

सरकार को उन क्षेत्रों में विनियामक प्रावधानों को कड़ा करना चाहिए जहां मूल्य वृद्धि की अनियंत्रित प्रक्रिया हो रही है। विशेष रूप से खाद्य और कृषि उत्पादों के क्षेत्र में, जहां बिचौलियों की भूमिका को सीमित कर किसानों और उपभोक्ताओं के बीच सीधा संपर्क स्थापित किया जा सकता है। मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए मौद्रिक नीति को सख्ती से लागू करना समय की मांग है। इसे करते हुए, सरकार को लगातार मूल्य वृद्धि के दबाव को कम करने के लिए ब्याज दरों में बदलाव करने पर विचार करना चाहिए, ताकि महंगाई पर अंकुश लगाया जा सके। बढ़ती महंगाई एक जटिल समस्या है, जिसका समाधान सिर्फ एक पहलू से नहीं हो सकता। आम आदमी को अपनी जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव करने होंगे। ■

# भारत की डेमोग्राफी बदलने के लिए घुसपैठ का बड़ा षड्यंत्र





लेखक : रमेश शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

भारत की डेमोग्राफी बदलने के लिए पाकिस्तान और उसके हिस्से पर बना बांग्लादेश पहले दिन से षड्यंत्र कर रहे हैं। इन दोनों देशों के करोड़ों नागरिक चरण छुपे भारत के कोने-कोने में बस गए हैं। इस घुसपैठ को रोकने के लिए भारत सरकार ने कानून बनाया है और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चेतावनी भी दी है कि 'भारत को धर्मशाला नहीं बनने देंगे'। कानून बनने और गृहमंत्री की दो टूक चेतावनी के बाद भी इसके परिणाम कितने सार्थक होंगे यह आज नहीं कहा जा सकता, चूंकि पूरे देश में घुसपैठियों का अपना नेटवर्क है। दुनिया के कई देशों में उतनी जनसंख्या नहीं है, जितने भारत में घुसपैठिए हैं।

अलग-अलग एजेंसियों ने भारत में घुसपैठियों के अलग-अलग आंकड़े बताए हैं। किसी ने तीन करोड़ तो किसी ने पांच करोड़। भारत में घुसपैठ की समस्या आज की नहीं है। यह पहले दिन से है और निश्चित योजना के अंतर्गत घुसपैठ की जा रही है। मुस्लिम लीग और मोहम्मद अली जिन्ना ने भले पाकिस्तान ले लिया था, लेकिन उन्होंने भारत के रूपांतरण का कुचक्र बंद नहीं किया था। वे पूरे भारत को अपने रंग में रंगना चाहते थे। इसे छुपाया भी नहीं था। पाकिस्तान निर्माण के साथ एक नारा खुलकर लगाया गया था 'हंस के लिया है पाकिस्तान, लड़कर लेंगे हिंदुस्तान'। यह नारा 'गज्बा-ए-हिंद' के लक्ष्य को पूरा करने के लिए था। पाकिस्तान ने आकार भले 14 अगस्त 1947 में लिया पर इस योजना पर काम बहुत पहले से आरंभ हो गया था। इसे भोपाल, जूनागढ़ और हैदराबाद रियासतों और देशभर के सभी प्रभावशाली मुस्लिम परिवारों की भूमिका से समझा जा सकता है। अधिकांश लोग पूरी तरह पाकिस्तान नहीं गए थे। वे अपने परिवार के एक दो सदस्यों को भारत में ही छोड़ गए थे, ताकि उनकी संपत्ति भी सुरक्षित रहे और भारत के रूपांतरण कुचक्र आगे भी चलाया जाता रहे। मोहम्मद अली जिन्ना अपनी एक पत्नी को लेकर पाकिस्तान चले गए थे, लेकिन अपनी बेटी को भारत में ही छोड़ गए थे, ताकि भारत में उनकी संपत्ति सुरक्षित रह सके। कहानी ऐसी प्रचारित हुई मानों जिन्ना की बेटी ने विद्रोह कर दिया हो। पाकिस्तान समर्थक भोपाल नबाब हमीदुल्लाह खान की भी यही कहानी है। एक बेटी पाकिस्तान चली गई और एक बेटी भोपाल में संपत्ति सहेजे रही और वे स्वयं आते-जाते बनी रही। मुस्लिम लीग के कोटे से संविधान सभा में पहुंचे असम के योगेंद्र नाथ मंडल की भी यही कहानी है।

यह मुस्लिम लीग और पाकिस्तान समर्थकों की रणनीति से भारत में उनके सभी धर्म स्थल, मदरसे, मजार, दरगाह और पाकिस्तान गए अधिकांश लोगों की संपत्ति भी सुरक्षित रही। पाकिस्तान गए लोगों की संपत्ति सुरक्षा के लिए गांधीजी ने अनशन भी किया था। यह गांधीजी के जीवन का अंतिम अनशन था, जो 13 से 18 जनवरी 1948 में दिल्ली में किया था। आज बीता हुआ समय इतिहास बन चुका है। इतिहास की घटनाएं हमारे सामने हैं। हम एक एक बिंदु की समीक्षा कर सकते हैं। बंटवारे के बाद भी पाकिस्तान के नायकों ने चैन की सांस नहीं ली। पाकिस्तान ने दो स्तर पर अभियान चलाए। एक तो पाकिस्तान क्षेत्र से हिंदुओं को मार-मार कर भगाना, उनकी संपत्ति छीनना अथवा उनका मतांतरण कराना। दूसरे भारत की और भूमि पर अपना अधिकार करना। इसे भोपाल, जूनागढ़ और हैदराबाद रियासत के शासकों की भूमिका और कबायलियों के रूप में कश्मीर पर किया गया आक्रमण समझा जा सकता है। कश्मीर के बड़े भाग पर आज भी पाकिस्तान का अनाधिकृत अधिकार है। भारत में घुसपैठ स्वतंत्रता के पहले दिन से चल रही है। यह ठीक है कि मुस्लिम समाज के कुछ परिवार भारत को अपनी जन्म भूमि मानकर पाकिस्तान नहीं गए थे, लेकिन जो अपने आधे परिवार को भारत में छोड़कर गए थे और पाकिस्तान जाकर लौटे वे पूरी योजना के साथ। इसीलिए पाकिस्तान के आकार लेने के बाद भी भारत में न लव जिहाद रुका और न लैंड जिहाद। यदा-कदा पाकिस्तान के झंडे भी लहराए जाते हैं और नारे भी सुनाई देते हैं। घुसपैठियों के लिए पहले कश्मीर और नेपाल सीमा मुख्य मार्ग हुआ करता था। बांग्लादेश सीमा से घुसपैठ में तेजी 1971 के बाद आई। घुसपैठियों को भारत पाकिस्तान युद्ध एक बहाना मिला और करोड़ों लोग युद्ध शरणार्थी बनकर भारत में घुस आए। 1971 का वह भारत-पाकिस्तान युद्ध दुनिया का पहला युद्ध नहीं था। जब से देशों की सीमाएं बनीं हैं तब से दुनियाभर में युद्ध हो रहे हैं।

युद्ध के कारण कितने देश नए बने और कितनों का अस्तित्व समाप्त हुआ। युद्ध साधारण भी हुए और विश्व युद्ध भी, लेकिन बांग्लादेश के युद्ध में जितने शरणार्थी भारत आए उतने दुनियां के किसी युद्ध देश में नहीं देखे गए। युद्ध तो केवल सत्रह दिन चला, लेकिन इसके बहाने करोड़ों लोग भारत में घुस आए। युद्ध की समाप्ति और बंगलादेश बन जाने के बाद इन्हें अपने देश लौट जाना था, लेकिन अधिकांश लौटे ही नहीं। चूंकि वे शरणार्थी नहीं थे, भारत की डेमोग्राफी बदलने की योजना लेकर भारत आए थे। इसीलिए लौटकर नहीं गए। इसके साथ ही बांग्लादेश की सीमा से घुसपैठ और तेज हो गई। बांग्लादेशी के घुसपैठियों के साथ रोहिंग्या भी जुड़ने लगे। इन सबकी मानों एक युति बन गई। इसके चलते बांग्लादेश और म्यांमार से लगने वाली भारतीय सीमा से लगे हर गांव और नगर की डेमोग्राफी बदल गई है। अनुमान है पश्चिम बंगाल में 57 लाख और असम में 50 लाख से अधिक बांग्लादेशी बस गए हैं। भारत में रहने के लिए आधार कार्ड और अन्य सभी आवश्यक दस्तावेज उनके पास हैं। भारत के सीमा प्रांतों में मुस्लिम जनसंख्या बढ़ने का कारण ही ये घुसपैठ ही हैं। असम प्रांत के बारपेटा, धुबरी, दरांग, नौगांव, करीमगंज, दारंग, मोरीगांव, बोंगाईगांव, धुबरी, गोलपारा और लाकांडी जिलों में मुस्लिम आबादी 50 से 80 प्रतिशत तक हो गई है। राज्य के नलबाड़ी, कछार और कामरूप में भी धार्मिक जनसंख्या में भारी बदलाव आया है। इन घुसपैठियों के कारण राज्य के 45 विधानसभा क्षेत्रों में मुस्लिम मतदाताओं का वर्चस्व स्थापित हो गया है। इसी प्रकार पश्चिम बंगाल के मालदा, दिनेशपुर, छपली नवबादगंज, मुर्शिदाबाद और 24-परगना जिलों में भी बांग्लादेश घुसपैठियों का बोलबाला हो गया है।

ये घुसपैठिए बहुत आक्रामक भी हैं। उनके भय से हिंदू पलायन करने लगे हैं। बिहार के अररिया, किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया जिलों में भी मुस्लिम आबादी अप्रत्याशित तौर से बढ़ी है। आशंका है कि इस घुसपैठ में बंगलादेश के रास्ते आए पाकिस्तानी नागरिक भी हो सकते हैं जो आईएसआई की योजना से भारत आए हैं। घुसपैठ रोकने के लिए भारत सरकार सीमा पर फेंसिंग लगाने का काम भी कर रही है। शाह ने संसद को इसका विवरण भी दिया और बताया कि फेंसिंग का 75 प्रतिशत कार्य हो गया है। केवल पच्चीस प्रतिशत शेष है। सीमा पर फेंसिंग के काम में गतिरोध के लिए उन्होंने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि वे जमीन उपलब्ध नहीं करा रही। केंद्रीय गृहमंत्री का यह वक्तव्य इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि इनको फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराने वालों में तृणमूल-कांग्रेस के कार्यकर्ता भी हैं।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## नजरिया

# आखिर कब तक सहन करेगा हिंदू समाज गोमाता की निर्मम हत्याएं?





लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

जिस गोवंश को सनातन हिंदू-धर्म में गोमाता मानता है और उनकी पूजा की जाती हैं, जिस गोमाता को हिंदू समाज की आत्मा मानी जाती है।

उस गोवंश की स्थिति दशकों से बहुत ही दहनीय बनी हुई है, तो वहीं देवभूमि हिमाचल प्रदेश जिस प्रदेश को देवी-देवताओं का प्रदेश माना जाता है, जो प्रदेश आपसी सौहार्द और अमन शांति के लिए जाना जाता है, परंतु दु:ख इस बात का है कि हिमाचल प्रदेश में भी अनेक वर्षों से गोमाता की निर्मम हत्याएं देखने को मिल रही है, जो हिंदू समाज के लिए बहुत ही चिंताजनक और सोचने का विषय है, जिस प्रकार हाल में नवरात्र के पहले ही दिन जिला सिरमौर के उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमा पांवटा साहिब के निकटस्थ गोवंश के अनेक कंकाल कटे हुए प्राप्त हुए। जिन गोमाता के अंगों को जिला सिरमौर के पांवटा साहिब के हिंदू समाज ने आक्रोषित होकर परशुराम चौंक और समस्त पांवटा साहिब और विकासनगर के हरबर्टपुर चौक के वाहनों की आवाजाही को दिन भर के लिए बंद कर दिया।

जिला पुलिस प्रशासन सिरमौर के लिए एक दिन में उन तमाम हत्यारों को कड़ी से कड़ी सजा और सलाखों के पीछे पहुंचाने का प्रयास किया जाएं, कि अन्यथा हिंदू समाज फिर से उग्र आंदोलन करेगा, अगर समय से पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं करता है तो, परंतु आज कहीं न कहीं हिंदू समाज को भी और अधिक जागरूक होने और मिलकर इस प्रकार की गंभीर समस्याओं से लड़ने के प्रयास होने चाहिए, क्योंकि हिंदू समाज इस प्रकार गोवंश की निर्गम हत्याएं कभी भी सहन नहीं कर सकता।

जिस गोमाता के प्रति अटूट आस्था और विश्वास हिंदू समाज में देखने को मिलता है। गोमाता किसी भी धर्म विशेष के लिए ही दूध, घी, गोबर खाद इत्यादि का लाभ नहीं देती, बल्कि समस्त धर्म के लोगों का कल्याण करने वाली और वरदायनी मानी जाती है, जिस गोमाता के बिना मनुष्य, पशु पक्षी इत्यादि के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। इस प्रकार गोवंश की निर्गम हत्याएं होने पर एक दूसरे धर्म के प्रति मनमुटाव और आपसी सौहार्द और गहरा आक्रोश का कारण बनता है, जिसके अनेक उदाहरण पूर्व में देखने एवं सुनने को मिलते हैं। इस प्रकार की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन को सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की आवश्यकता है।

भविष्य में कोई इस प्रकार की जुर्रत न करें और उन दुराचारियों में एक खोफ पैदा हो अन्यथा इस प्रकार की गोवंश की हत्याएं मानों जैसे हिंदू समाज को भविष्य में उग्र आंदोलन और प्रदर्शन करने के लिए शायद कहीं न कहीं मजबूर करेगा और जो भविष्य में संभवत: हिंदू मुस्लिम धर्म में एक बड़ी खाई पैदा करता जाएगा, जिसमें चंद अन्य धर्मों के पथभ्रष्ट व्यक्तियों के कारण उस धर्म के धर्म परायण व्यक्तियों के धर्म पर भी दाग लगाने का प्रयास कर रहे हैं, क्योंकि जैसे कहा भी जाता है कि भारत देश में सभी धर्मों के लोग आपस में मिलकर और अमन शांति के लिए विश्वभर में जाने जाते हैं, परंतु इस प्रकार की घटनाएं समाज में निश्चित रूप से भविष्य में बड़ी घटनाओं के रूप में परिवर्तित होती है, इसी परिप्रेक्ष्य में जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार से निवेदन और सुझाव रहेगा कि इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े से कड़े कानून बनाए जाएं, ताकि भविष्य में फिर से देवभूमि हिमाचल और अन्य किसी भी राज्यों में इस प्रकार की असहनीय घटनाएं देखने एवं सुनने को न मिलें।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )


## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश में किराया बढ़ोतरी के पैगाम के बीच भविष्य की परिवहन अनुशंसा समझी जा सकती है। सड़क परिवहन पर निर्भरता का आलम यह है कि हर गांव व शहर में ट्रैफिक जाम का अलार्म बज रहा है। बहरहाल प्रदेश सरकार ने अपने थैले से न्यूनतम बस किराए की पर्ची निकाल दी है, यानी वर्तमान समय में बस पर बैठकर उतरने से पहले कम से कम दस रुपए का टिकट तो लगेगा ही। इसे हम आलोचना की दृष्टि से देखें, तो विपक्ष के पास खुला मुद्दा मिल गया है, लेकिन परिवहन की मांग और इसके प्रबंधन के लिहाज से यह एक अतिआवश्यक कदम था। इससे न सिर्फ निजी बस आपरेटरों की मांग पूरी हो रही है, बल्कि स्थानीय ट्रांसपोर्ट के मायने भी बदल रहे हैं, लेकिन इस फैसले को सही ठहराने के लिए बसों के रूट और समयसारिणी के सही प्रोग्राम भी निर्धारित करने होंगे।

**वरुण शर्मा, चंबा**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि



दिनेश कुमार शुक्ल
जन्म : 8 अप्रैल, 1950

**दिनेश** कुमार शुक्ल हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि हैं। वे हिंदी के समकालीन माने हुए कवियों में गिने जाते हैं। इनकी कविताएं और आलेख लगभग सभी प्रतिष्ठित साहित्यिक पत्रिकाओं और पत्रों में प्रकाशित हुए हैं। पारंपरिक साहित्यिक व लोकरूपों के प्रयोग ने दिनेश कुमार शुक्ल की कविताओं को एक नई धार दी है। दिनेश कुमार शुक्ल का जन्म उत्तर प्रदेश के नर्वल गांव, कानपुर में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा के अंतर्गत एमएससी और डी फिल (भौतिक) की डिग्री इलाहाबाद विश्वविद्यालय से प्राप्त की। दिनेश कुमार शुक्ल शब्द और मनुष्य की समेकित संस्कृति के संश्लिष्ट कवि हैं। जीवन के द्वंद्व से उत्पन्न आलाप उनकी कविताओं में एक स्वर-समारोह की तरह प्रकट होता है। हिंदी के कवि और आलोचक दिनेश कुमार शुक्ल को 'केदार सम्मान' और 'सीता स्मृति सम्मान' देकर सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें पहला 'सीता पुरस्कार' उनके काव्य-संग्रह 'लालमुनिया की दुनिया' के लिए प्रदान किया गया। इस पुरस्कार के स्वरूप उन्हें एक लाख रुपए की नकद धनराशि, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न और शॉल से सम्मानित किया गया। वर्ष 2009-2010 के लिए पहला 'सीता स्मृति सम्मान' 'भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद' (आईसीसीआर) द्वारा 'नेहरू मेमोरियल म्यूजियम व लाइब्रेरी ऑडिटोरियम', नई दिल्ली में 24 फरवरी, 2011 को प्रदान किया गया। ■

## कविता

# किरदार



रक्षा कुमारी, खनियारा, धर्मशाला

*क्या कहें किरदार कठपुतली सा रहा हमारा,*
*दबाव ज्यादा था खुश रहने के बजाए खुश दिखने के लिए।*
*चैन की इक सांस नसीब न हुई,*
*सकूं का इक लम्हा लिखने के लिए,*
*नायाब जिनका किरदार था हमारे लिए।*
*वो ही हमें बाजार में छोड़ आए बिकने के लिए।*
*मजबूरियों ने पैरों में घुंघरू क्या बांध दिए मुर्शिद,*
*नाचना जरूरी सा हो गया,*
*जिंदगी के रंगमंच में टिकने के लिए।*
*सागर से मिलने की तमन्ना लिए,*
*नदी बनकर कूद लिए सागर में,*
*वजूद इतना सा था और बने भी थे डूब कर मिटने के लिए।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# अवसाद का बढ़ता खतरा और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ



लेखक : राजेंद्र कुमार शर्मा
देहरादून, उत्तराखंड



अगली बार जब आपको आलू के चिप्स या चॉकलेट का पैकेट लेने की इच्छा महसूस हो, तो एक बार विचार करें, क्योंकि, आप जो खाते हैं वह केवल आपके शरीर को प्रभावित नहीं करता है।

चीनी से भरपूर आहार या अति-प्रसंस्कृत भोजन अवसाद का एक प्रमुख कारक हो सकता है। JAMA नेटवर्क ओपन द्वारा कुछ समय पूर्व प्रकाशित एक अध्ययन में मानसिक स्वास्थ्य और लोग क्या खाते हैं, के बीच एक गहरा संबंध दिखाया गया है। शोध में पाया गया कि एक ओर, पोषण मानसिक क्षमताओं में सुधार के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है और दूसरी ओर, अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों से भरपूर आहार लेने वाले लोगों में अवसाद का खतरा सबसे अधिक होता है। कई डॉक्टरों ने एक संपूर्ण आहार पर जोर दिया जो मूड को नियंत्रित करने, मानसिक स्वास्थ्य विकारों के जोखिम को कम करने और संज्ञानात्मक कार्य को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों में वृद्धि देख रहे हैं। पोषण को मानसिक स्वास्थ्य में एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में पहचाना जा रहा है। आंत-मस्तिष्क का संबंध दर्शाता है कि हमारे आंत में सूक्ष्मजीव मूड और अनुभूति को प्रभावित कर सकते हैं। इसे साइकोबायोटिक्स भी कहा जाता है। एक संतुलित पोषक तत्वों से भरपूर आहार मनोरोग उपचार के लिए एक महत्वपूर्ण हो सकता है, संभावित रूप से अवसादरोधी दवाओं की प्रभावशीलता में सुधार कर सकता है और मानसिक स्वास्थ्य विकारों के जोखिम को कम कर सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि हमारी बहुत सारी मानसिक कार्यक्षमता आंत में रहने वाले सूक्ष्म जीवों द्वारा नियंत्रित होती है। उनकी संरचना संतुलन और विविधता यह निर्धारित करती है कि वे सकारात्मक प्रभाव डालेंगे या फिर नकारात्मक।

यदि सकारात्मक है, तो वे हमें स्वस्थ और खुश बनाने की दिशा में काम करते हैं, लेकिन अगर वे कुछ पर्यावरणीय ट्रिगर्स के कारण परेशान होते हैं, तो नकारात्मक प्रभाव पनपते हैं, जिसके परिणामस्वरूप डिस्बिओसिस की स्थिति पैदा होती है। कुछ विशेषज्ञों ने माना कि स्वस्थ भोजन आंत-मस्तिष्क के तालमेल को बनाकर, मानसिक बीमारी से पीड़ित रोगियों में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आंत माइक्रोबायोम का हमारे मूड पर सीधा प्रभाव पड़ता है। सेरोटोनिन, डोपामाइन और मेलाटोनिन जैसे न्यूरो रसायन आंत के बैक्टीरिया द्वारा निर्मित होते हैं और हमारे मस्तिष्क द्वारा मूड और अनुभूति को नियंत्रित करने के लिए उपयोग किए जाते हैं। ताजे फल, सब्जियां, अच्छी वसा और उचित मात्रा में तरल पदार्थ और प्रोबायोटिक्स का संयोजन न्यूरोट्रांसमीटर का उत्पादन करने में मदद करता है जिसका मस्तिष्क पर शांत प्रभाव पड़ता है और अच्छे इम्युनोमोड्यूलेटर होते हैं। आंत में सूक्ष्मजीव मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर का उत्पादन करते हैं जो स्मृति, सीखने और भावनात्मक नियमों जैसी प्रक्रियाओं को प्रभावित कर सकते हैं।

हमारा मस्तिष्क बेहतर ढंग से कार्य करने के लिए पोषक तत्वों के संतुलित सेवन पर निर्भर करता है। अत: ऐसे में विशेषज्ञों द्वारा सुझाए गए संतुलित आहार से ही शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ्य रखा जा सकता हैं। प्राकृतिक रूप से उपलब्ध खाद्य पदार्थों का सेवन हमारे मस्तिष्क को चुस्त दुरुस्त रखने में सक्षम है। ऑर्गेनिक विधि द्वारा उगाए गए ताजा फल सब्जियां शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक पोषक तत्व हैं इनका स्थान प्रिजर्व्ड और अल्ट्रा-प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थ कभी भी नहीं ले सकते हैं।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

# पाठकों के पत्र...



**अनंत** ज्ञान समाचार पत्र ने प्रिंट ही नहीं डिजिटल प्लेटफार्म में भी अलग पहचान बनाई है। यह मीडिया ग्रुप हर फॉर्मेट में खुद को साबित करने का सराहनीय प्रयास कर रहा है। इसमें हर प्रकार के लेख, समाचार, गांव से संबंधित सामग्री, धर्म और स्वास्थ्य जैसे विषय आकर्षित करते हैं, क्योंकि पाठकों को ऐसी ही सामग्री अच्छी लगती है। भविष्य में इस परिवार की लगन व मेहनत से अनंत ज्ञान भी स्तरीय पन्नों में स्थान पा सकता है/ इसमें कोई शक नहीं। इसके स्वर्णिम भविष्य की कामना करते हैं। अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र और टीवी चैनल ने पत्रकारिता के क्षेत्र में अटूट समर्पण और असाधारण कार्य से न केवल जनता को जागरूक किया है, बल्कि सामाजिक मुद्दों को सरकार और प्रशासन के ध्यान में लाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**साहिल कश्यप, सोलन**
**मो. 94188-18581**



**अनंत** ज्ञान पत्रकारिता के मूल्यों का निर्वहन करते हुए निरंतर समाजसेवा में आगे बढ़ रहा है। सामाजिक सरोकारों में अग्रणी अनंत ज्ञान ने चिट्टा नशा के खिलाफ मुहिम चलाकर बेहतरीन काम किया है। मेरा सुझाव है कि इस मुहिम को तब तक चालू रखा जाए जब तक प्रदेश से इस घातक नशे का खात्मा नहीं हो जाता। यह अच्छी बात है कि इस मुहिम के साथ अब कवि -गायक आदि प्रेरित होकर बड़े जोर-शोर से इस दिशा में कार्य कर रहे हैं जिसके आशातीत परिणाम भी सामने आ रहे हैं जो एक बड़ी उपलब्धि भी कही जा सकती है। इसका श्रेय अनंत ज्ञान टीम को जाता है जो कड़ी मेहनत कर अलग हटकर काम कर रही है। एक और सुझाव देना चाहता हूं कि विज्ञापन आने पर पेजों का सिक्वेंस नहीं बिगड़ा जाए। पिछले दिनों एक-दो बार ऐसा हुआ था। पेजों को अपने अपने स्थान पर ही बरकरार रखा जाए। विज्ञापन को लेकर कोशिश करें कि अलग पृष्ठ यानी अतिरिक्त पृष्ठ लगाने का प्रबंध करें और समाचारों की जगह न खाएं। संपादकीय ओपिनियन में बेहतरीन और ज्ञानवर्धित सामग्री छप रही है। नवरात्र के अवसर पर आपने हर पन्ने को मुकम्मल रंगदार कर बड़ा अच्छा प्रकाशित किया, जिसके लिए आपको बधाई। अब जरूरत है विभिन्न प्रकार का साहित्य छापने की। 7 अप्रैल का संपादकीय सवारियों पर बोझ व आपका आलेख ट्रंप के टैरिफ संकट को अवसर में बदले भारत बेहतर लगा। कृपया दूरदर्शी सोच अपनाते हुए जुड़े लोगों की ओर से भेजी जा रही तरह-तरह की सामग्री की भी अनदेखी न करें और रोचकता की यह यात्रा निरंतर जारी रखें।

**भीम बसेड़ू राजपूत**
**महादेव मंडी**



**भ्रष्टाचार** का घुन हमारे समाज को पंगु बना रहा है। हिमाचल में लगभग सभी विभागों में घूसखोरी हो रही है। ऐसे में सरकार के समक्ष इस पर काबू पाने की चुनौती है। प्रदेश में भ्रष्टाचार की स्थिति चिंताजनक है। यह न केवल विकास कार्यों को प्रभावित कर रहा है, बल्कि प्रशासनिक तंत्र को भी कमजोर कर रहा है। भ्रष्टाचार के कई कारण हैं। सबसे पहले तो यह है कि सरकारी अधिकारी और कर्मचारी अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए कार्य करते हैं और जनसेवा के बजाय अपने स्वार्थ की पूर्ति में लगे रहते हैं। दूसरा, जब जनतांत्रिक व्यवस्था में जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई सख्त निगरानी नहीं होती, तो वे इस प्रकार के अनैतिक कार्यों में लिप्त हो जाते हैं। इसके अलावा, कई बार गरीब और कमजोर वर्ग के लोग घूस देने के लिए मजबूर हो जाते हैं, ताकि उनके काम जल्दी और आसानी से हो सकें। सरकार को भ्रष्टाचार के सिस्टम को बदलने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए। कई बार भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले व्यक्तियों को दबा दिया जाता है या डराया-धमकाया जाता है, जिससे प्रभावी कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है।सख्त कानूनी कार्रवाई, सिस्टम में पारदर्शिता तथा जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को समझाकर इस समस्या को काफी हद तक कंट्रोल किया जा सकता है। प्रदेश में भ्रष्टाचार पर काबू पाने के लिए एक मजबूत निगरानी तंत्र का होना भी जरूरी है। हालांकि विजिजिंस ब्यूरो बखूबी काम कर रहा है, लेकिन और ज्यादा सक्रियता दिखाने की जरूरत है। सरकार को ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों को पुरस्कृत करना चाहिए, जो ईमानदारी से कार्य करते हैं और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करते हैं। इससे दूसरों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम उठाएंगे।

**दीप धीमान, योल कैंट**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### उपायुक्त ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने अपने करसोग व सुंदरनगर प्रवास के दौरान राजकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया उन्होंने इस दौरान रोहांडा व मंडोगलू स्कूल में पहुंचकर विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। मंडोगलू स्कूल में उपायुक्त ने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने पाठ्यक्रम से संबंधित विविध विषयों पर उनसे सवाल-जवाब किए। अपूर्व देवगन ने रोहांडा स्कूल में भी बच्चों से संवाद किया और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्यार्थियों से नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने तथा अपना ध्यान शिक्षा सहित खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों में अधिक केंद्रित करने का भी आह्वान किया। इसके अतिरिक्त पाठशाला में परोसे जाने वाले मध्याह्न भोजन का अवलोकन किया और भोजन की गुणवत्ता सहित साफ-सफाई इत्यादि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर संबंधित स्कूलों के प्रभारी एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

### चाइल्ड हेल्प लाइन की शिकायत पर एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** उपमंडल सुंदरनगर के धनोटू थाना में नाबालिग लड़के द्वारा नाबालिग लड़की के साथ विवाह करने पर चाइल्ड लाइन मंडी की शिकायत पर धनोटू पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। मेडिकल जांच में नाबालिग लड़की छह माह की गर्भवती भी पाई गई है। पुलिस ने आरोपी नाबालिग लड़के को प्रोटेक्शन होम भेज दिया है। जानकारी के अनुसार परियोजना समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन मंडी से मिली शिकायत पर जिसमें कहा गया कि पुलिस थाना धनोटू के तहत चुराहन क्षेत्र के नाबालिग लड़का व लड़की द्वारा विवाह किया गया है। इसमें नाबालिग युवती की आयु 16 वर्षीय है। जिस पर पुलिस ने जांच में लड़का व लड़की के नाबालिग होने की पुष्टि के बाद जब उसका मेडिकल कराया तो लड़की छह माह की गर्भवती पाई गई। इस पर पुलिस ने आरोपी नाबालिग युवक को प्रोटेक्शन होम भेज दिया है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

### दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा लापता

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बीएसएल पुलिस थाना के तहत अप्पर बैहली क्षेत्र निवासी दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्रा शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। जब वह शाम तक घर न पहुंची तो चिंतित परिजनों ने उसकी तलाश की। लेकिन उसको कोई भी सुराग न लग पाया है। जिसके बाद उन्होंने बीएसएल थाना में बेटी के लापता होने की एफआईआर दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई एफआईआर में पिता ने कहा है कि उसकी 14 साल की बेटी 10वीं कक्षा में पढ़ती है और वह शनिवार दोपहर बाद से लापता है। उन्होंने बेटी को हर संभावित स्थल पर तलाश किया और उसके दोस्तों से भी पूछताछ की लेकिन उसका कोई पता न चल पाया है। पिता ने बेटी की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर करते हुए पुलिस से उसकी जल्द तलाश करने की गुहार लगाई है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया थाना में एफआईआर दर्ज कर नाबालिग की तलाश आरंभ कर दी गई है।

### धनोटू में दो लीटर अवैध शराब बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना धनोटू के दल ने गश्त के दौरान एक दुकान से दो लीटर अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी दुकानदार के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। जानकारी के अनुसार धनोटू पुलिस थाना का दल गांव कपलयान डाकघर सुराह में गश्त पर था। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की क्षेत्र की एक दुकान में अवैध रूप से शराब बेची जाती है। इस पर पुलिस ने दुकान पर छापेमारी कर वहां से दो लीटर अवैध शराब बरामद की। एसपी साक्षी वर्मा ने बताया आरोपी दुकानदार चिंत राम के खिलाफ धनोटू थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई आरंभ कर दी गई है।

### चेली महोत्सव का विधायक पूर्ण करेंगे शुभारंभ

**कविता, पधर।** द्रंग विकास खंड की ग्राम पंचायत चेली (चैहड़गलु) का बहुप्रतीक्षित 'चेली महोत्सव' का शुभारंभ 9 अप्रैल को दोपहर 1 बजे स्थानीय विधायक पूर्ण चंद ठाकुर द्वारा किया जायेगा। वहीं देव श्री रामपाल ब्रह्मा जी की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा भी निकली जाएगी। पंचायत प्रधान चंपा देवी व उपप्रधान प्रेम सिंह ने बताया कि महोत्सव के दौरान जहां महिला मंडलों द्वारा विविध कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे वहीं महिलाओं की खेल प्रतियोगिताएं व वॉलीबाल की प्रतियोगिता करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 10 अप्रैल को पहली सांस्कृतिक संध्या में रीतु शर्मा व काकू राम ठाकुर व 11 को कुलदीप कुमार और सुरेश शर्मा 'नाटी किंग' अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से आम जनता का मनोरंजन करेंगे। महोत्सव का समापन 11 अप्रैल को एसडीएम पधर सुरजीत सिंह के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### फेलो सदस्यता से नवाजे गए विजय शर्मा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** आईआईटी मंडी के अधीक्षण अभियंता विजय कुमार शर्मा को इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स इंडिया द्वारा फेलो सदस्यता प्रदान की गई है। सिविल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में 30 से अधिक वर्षों के अनुभव के साथ, शर्मा ने अपने पूरे करियर में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं में योगदान दिया। आईआईटी मंडी में दो वर्षों में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए, उन्हें इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) में फेलो के रूप में चुना गया है। इसके अतिरिक्त, शर्मा को चार्टर्ड इंजीनियर (इंडिया) सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया है।

### महाकाली लंबोदरी देवी नए रथ में विराजमान



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** मंडी जिला के बल्ह तहसील के गांव गागल में आदिशक्ति महाकाली लंबोदरी देवी के नए रथ का निर्माण विधिवत रूप से किया गया। मंदिर कमेटी के प्रधान राजेंद्र शर्मा ने बताया कि नए रथ को बनाने के लिए 3 महीने का समय लगा, जिसके सभी गांववासियों व मंदिर कमेटी ने सहयोग किया। इस उपलक्ष्य पर कमेटी द्वारा विशाल जागरण व भंडारा किया गया। माता रानी नवनिर्मित रथ को प्रतिष्ठित किया गया। इस मौके पर सुंदरनगर सुकेत सर्व देवता कमेटी प्रधान डॉ. अभिषेक सोनी व अन्य मंदिर कमेटियां भी मौजूद रही। मंदिर कमेटी पुजारी मोहन लाल, उप प्रधान मुनी लाल, धर्म पाल गर्ग, विवेक वर्मा, सनी गर्ग, ललित कुमार, विजय कुमार, सुरेश कुमार तथा सदस्यों ने भाग लिया।

### अग्निशमन यंत्रों के इस्तेमाल के तरीके सीखे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरी बंगलो में अग्निशमन विभाग द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान अग्निशमन विभाग के कंपनी कमांडर नित्यानंद विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्कूल आपदा प्रबंधन प्रभारी शकुंतला सैनी ने बताया कि मॉक ड्रिल में लगभग 190 छात्र-छात्राओं और 20 स्कूल अध्यापकों ने भाग लिया। मॉकड्रिल के दौरान छात्रों को एलपीजी सिलेंडर के इस्तेमाल व उसमें आग लगने और उससे बचाव के तरीके भी बताए गए। इस अवसर पर अग्निशमन विभाग से भूपेंद्र कुमार, प्यारे लाल, धर्मदास सहित स्कूल के प्राध्यापक, अध्यापक भी उपस्थित रहे।

# सुकेत रियासत को समर्पित 'देव रियासत- द डिवाइन लिगेसी' बुक

## कॉफी टेबल बुक के शोध कार्य में शास्त्री अध्यापक रोशन लाल शर्मा ने निभाई अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**सुकेत** रियासत की समृद्ध देव संस्कृति को समर्पित कॉफी टेबल बुक 'देव रियासत- द डिवाइन लिगेसी' के माध्यम से सुंदरनगर प्रशासन ने एक अनूठा प्रयास किया है। एसडीएम सुंदरनगर अमर नेगी के प्रयासों से राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला के समापन समारोह में उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने इसका विधिवत विमोचन भी कर दिया गया है।

वहीं इस कॉफी टेबल बुक का शोध कार्य रोशन लाल शर्मा शास्त्री अध्यापक राजकीय माध्यमिक विद्यालय भोजपुर ने किया। रोशन लाल के अथक प्रयासों से लगभग 200 देवी-देवताओं की जानकारी इस पुस्तक में सांझा की है। जानकारी देते हुए रोशन लाल शर्मा ने कहा कि यह कॉफी टेबल बुक देव आस्था के साथ-साथ पर्यटन को भी बढ़ावा देगी। इस पुस्तक का वर्गीकरण नाम, वैदिक नाम, देवता की शक्ति, मेले, उत्सव, सहायक देवता, स्थान, दूरी, सुंदरनगर से मंदिर की दूरी, रहने की व्यवस्था और प्रधान, गूर, पुजारी, कारदार का संपर्क सूत्र सहित राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला में आने की जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि कॉफी टेबल बुक के लिए कम समय में जानकारी जुटाना बहुत कठिन था।



200 से अधिक देवी-देवताओं की जानकारी की गई है साझा

इसके बावजूद सभी देवी-देवताओं के आशीर्वाद और मंदिर कमेटियों के महत्वपूर्ण सहयोग से कार्य संपन्न हो सका है इस दौरान कुछ मंदिरों से जानकारियां उपलब्ध नहीं हो सकी जिस कारण उन देवी-देवताओं को इस पुस्तक में सम्मिलित नहीं किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस कॉफी टेबल बुक में देवताओं के रथ श्रेणी का भी वर्गीकरण किया है। रथ के वर्गीकरण के अनुसार यह सिद्ध नहीं किया गया है कि कौन देवता ज्येष्ठ या कनिष्ठ है। एसडीएम अमर नेगी के दिशा निर्देश पर इस कॉफी टेबल का विमोचन संभव हो सका है। राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेला के समापन समारोह पर मुख्यातिथि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने भी रोशन लाल शास्त्री के इस बेहतरीन कार्य की प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

# 511 ग्राम चरस सहित दो गिरफ्तार

**उमेश, सुंदरनगर**

किरतपुर-मनाली फोरलेन पर तरोट में पुलिस टीम को मिली सफलता

**उपमंडल** सुंदरनगर की एसआईयू टीम ने रविवार देर रात किरतपुर-मनाली फोरलेन पर पंजाब के रहने वाले दो युवकों को 511 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार एसआईयू टीम नाकाबंदी के दौरान किरतपुर-मनाली हाइवे पर स्थित तरोट में मौजूद थी।

इस दौरान पुलिस ने एक कार नंबर पीबी-63सी-4427 को चेकिंग के लिए रोका। वहीं कार की तलाशी के दौरान सीट के नीचे से एक लिफाफा को खोलने पर उससे 511 ग्राम चरस बरामद की गई है। आरोपियों की शिनाख्त गुरदीत सिंह पुत्र बलदेव सिंह निवासी वार्ड नंबर-3, पटियाला रोड, विश्वकर्मा मंदिर, पातड़ा समाना, जिला पटियाला और मनजोत सिंह पुत्र लछमन सिंह निवासी चहल पट्टी वार्ड नंबर-15, भवानीगढ़ जिला संगरूर के तौर पर हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज गिरफ्तार कर लिया है। एसआईयू टीम ने आरोपियों को आगामी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना धनोटू के सुपुर्द कर दिया है।

जानकारी देते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में आगामी जांच जारी है। एसआईयू टीम में एएसआई दौलत राम, हेड कांस्टेबल हंसराज सैनी, कांस्टेबल सतीश, कुलदीप सहित अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# अभिलाषी विवि में सर्वाइकल कैंसर पर महिलाओं को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अभिलाषी** विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फिजियोथेरेपी द्वारा महिलाओं में तेजी से बढ़ रहे सर्वाइकल कैंसर को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यशाला लगी। यह कार्यशाला महिलाओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा और कैंसर की रोकथाम के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

इसमें विशेषज्ञों ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर के बाद महिलाओं में मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। भारत में हर वर्ष लगभग 1.5 लाख महिलाएं इस बीमारी के कारण अपनी जान गंवा देती हैं। उन्होंने इसकी प्रारंभिक पहचान, लक्षणों, जोखिम कारकों और रोकथाम के तरीकों पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत अभिलाषी विवि के कुलपति प्रो. एचके चौधरी के प्रेरणादायक शब्दों से हुई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है।

इस उपलक्ष्य पर अभिलाषी विवि के चांसलर डॉ. आर.के. अभिलाषी, प्रो चांसलर डॉ. एलके अभिलाषी, वाइस चांसलर प्रोफेसर एचके चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ कपिल कपूर, जीनीयस एजुकेशन सोसाइटी की चेयरपर्सन डॉ. नर्वदा अभिलाषी, अभिलाषी एजुकेशन सोसाइटी की वाइस चेयरपर्सन डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, सचिव नरेंद्र कुमार और आयुर्वेद और स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के डीन, डॉ. डीके मिश्रा ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभाग के सभी प्रोफेसरों, छात्रों व अन्य सदस्यों को बधाई दी।

# केंद्र ने अवैध कटान पर बिठाई जांच

## केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने बनाई उच्च स्तरीय कमेटी

**रितेश, सरकाघाट**

**धर्मपुर** के बहरी नामक स्थान पर हजारों टन हरी लकड़ी पाए जाने के बाद केंद्र सरकार कड़े कदम उठाने जा रही है। इसी कड़ी में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। हजारों हरे पेड़ों के कटान पर केंद्र सरकार द्वारा सख्त रुख अपनाने के बाद कांग्रेसी विधायक चंद्रशेखर की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

मंत्रालय द्वारा डिप्टी डायरेक्टर जनरल जॉर्ज जैनर (भारतीय वन सेवा) की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय समिति धर्मपुर उपमंडल में हुए हजारों हरे पेड़ों के कटान और पीपल, बरगद, बदरे, सिंबल आदि प्रतिबंधित किस्म के पेड़ों की लकड़ी स्टॉक में मिलने की जांच करेगी। कमेटी अतिशीघ्र जांच को लेकर धर्मपुर आएगी कमेटी गठित होने पर अवैध कटान करने वालों के साथ-साथ वन विभाग के अधिकारियों में भी हड़कंप मच गया है।

सूत्रों के अनुसार यह प्रतिबंधित पेड़ सरकारी भूमि से काटे गए हैं। उगर समिति ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर काटे गए पेड़ों की जांच की तो विधायक की पत्नी, ठेकेदार और वन तथा राजस्व विभाग के कर्मचारियों के फंसने की संभावना है। बताया जा रहा है कि यह ठेकेदार धर्मपुर और कमलाह रेंज में प्राइवेट जमीन के अलावा सरकारी जमीन से प्रतिबंधित हरे पेड़ों के साथ साथ जंगलों से सैंकड़ों पेड़ भी ले उड़े हैं।

धर्मपुर के बहरी में पेड़ कटान के मामले में विधायक की बढ़ सकती है मुश्किलें



### 3 सदस्यीय कमेटी ने की थी जांच

**विधायक** की कंपनी द्वारा किए गए अवैध कटान को लेकर सरकार विधानसभा में गठित तीन सदस्य कमेटी जिसमें विधायक सतपाल सत्ती बलवीर वर्मा और सुखराम चौधरी शामिल थे ने घटनास्थल का दौरा किया था और लोगों के बयान भी दर्ज किए थे। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में इस अवैध कटान को लेकर सरकार के साथ-साथ वन विभाग के अधिकारियों को भी दोषी ठहराया था रिपोर्ट में यह लिखा था कि कुछ अवैध लकड़ी को रातों-रात प्रौंण ढांक के नीचे जेसीबी से गिराया और दफनाया गया है।

### आरटीआई से हुआ था भंडाफोड़

**यह** सारा खुलासा पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह द्वारा ली गई आरटीआई से हुआ था। उन्हीं की शिकायत बाद वन विभाग द्वारा की गई जांच में 5235 क्विंटल लकड़ी स्टॉक में पाई गई है। जिसमें से 507 क्विंटल लकड़ी प्रतिबंधित किस्म के पेड़ों की है जिसमें बरगद, तुन्नि, कचनार, बदरे, उमरे, आम, जामुन, कैंथ, ब्लोथर, खसरे, जापानी तूत और गावन इत्यादि पेड़ों की और 1358 क्विंटल ओई सिरस, सिंबल की है। यह लकड़ी कम्पनी के निदेशक विधायक चंद्रशेखर और उनकी धर्मपत्नी कविता शेखर द्वारा बनाई गई बहरी रीन्यूएबल एनर्जी कंपनी द्वारा लीज पर ली गई भूमि पर डंप की गयी थी। ये सारी लकड़ी बिना वन विभाग की अनुमति के यहां डंप की गई है। विधायक ने अस्थायी बालन लकड़ी का डिपो खोलने के लिए 27 नवंबर, 2024 को वन विभाग को आवेदन किया है, लेकिन उसकी अनुमति अभी तक भी उन्हें नहीं मिली है। दिसंबर 22 को सकलाना ग्राम पंचायत के प्रधान सुंदेह कुमार द्वारा शिकायत दर्ज करवाने और व मीडिया में उछलने तथा विधानसभा द्वारा संज्ञान लेने के बाद 24 दिसंबर से जांच शुरू की गई थी जिसकी रिपोर्ट आ गई है। डंप की गई लकड़ी बहरी रीन्यूएबल एनर्जी कंपनी की है। वन विभाग द्वारा की गई जांच में ये बात सामने आई थी कि लकड़ी विभाग द्वारा दिए परमिट से ज्यादा मौके पर 1842 क्विंटल ज्यादा पाई गई है जिसे ज़ब्त कर दिया गया है।

# निर्माणाधीन नेरचौक-पंडोह फोरलेन को 2-2 घंटे बंद रखने के आदेश 30 अप्रैल तक बढ़ाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**जिला** मजिस्ट्रेट एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी ने नेरचौक-पंडोह के मध्य निर्माणाधीन फोरलेन सड़क पर रोजाना दो-दो घंटे के लिए यातायात बंद रखने के पुराने आदेशों को 30 अप्रैल तक आगे बढ़ा दिया है। निर्माणाधीन फोरलेन पर यातायात 30 अप्रैल तक दूसरे शनिवार और रविवार के दिन को छोड़कर बाकी दिनों में सुबह 11 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 2 बजे से लेकर 3 बजे तक बंद रहेगा। डीसी मंडी ने यह आदेश परियोजना निदेशक भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, प्रोजेक्ट इम्लीमेंटेशन यूनिट मंडी के आग्रह पर जारी किए हैं।

परियोजना निदेशक एनएचएआई ने उपायुक्त मंडी से आग्रह किया था कि आने वाले समर सीजन में इस सड़क पर मनाली और लाहौल जाने वाली पर्यटक गाड़ियों की आवाजाही बढ़ जाएगी। इसलिए सीजन से पहले निर्माणाधीन नेरचौक से पंडोह फोरलेन के कार्य करने के लिए 4 मील के नजदीक कटिंग और ब्लास्टिंग का लंबित कार्य किया जाना जरूरी है। डीसी मंडी ने निर्माणाधीन नेरचौक-पंडोह फोरलेन खंड के 4 मील स्थान के समीप की जा रही कटिंग और ब्लास्टिंग कार्य के दौरान यातायात बंद रखने के आदेश आम जनता और वाहनों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी किए हैं। उन्होंने अधिकारियों से इस दौरान पूरी सावधानी बरतने और लोगों की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखने को कहा है। उन्होंने आदेशों में अधिकारियों से कहा है कि यह कार्य तय समय अवधि में पूरा हो जाना चाहिए।

# पुरुषोत्तम धीमान को डीजीपी डिस्क से किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** पुलिस निरीक्षक पुरुषोत्तम धीमान को विभाग द्वारा उनकी उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिस मुख्यालय में डीजीपी डॉ. अतुल वर्मा द्वारा डीजीपी डिस्क से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें 2022 में जिला मंडी के सदर के थाना प्रभारी रहते हुए किए गए कार्यों के लिए मिला है। जिला हमीरपुर के पुरुषोत्तम 2001 को द्वितीय आईआरबीएन जंगलबेरी हमीरपुर में कांस्टेबल के रूप में भर्ती हुए। इसके बाद 2010 को एसआई के रूप में चयनित हुए। हिमाचल प्रदेश पुलिस के विभिन्न स्थानों और शाखाओं में सेवाएं प्रदान कीं। वर्तमान में जिला मंडी में साइबर सेल के प्रभारी के रूप में तैनात हैं।



# शतरंज प्रतियोगिता में पैराडाइज स्कूल की 3 छात्राओं का दबदबा

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

**पैराडाइज** पब्लिक स्कूल सुंदरनगर की तीन छात्राओं ने शतरंज खेल में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्रदेश के कांगड़ा में आयोजित सीनियर ओपन वूमेन शतरंज प्रतियोगिता में तीनों छात्राओं ने विभिन्न स्थानों पर जीत दर्ज की है।



जानकारी देते हुए पैराडाइज पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद ने कहा कि बीते रविवार को कांगड़ा में आयोजित सीनियर ओपन वूमेन शतरंज प्रतियोगिता में स्कूल की तीन छात्राओं मायारा, पर्णिका और निशिता ने दमदार जीत हासिल की है। इसमें मायरा ने प्रथम, पर्णिका ने तीसरा और निशिता ने छठा स्थान प्राप्त किया है। तीनों छात्राओं की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य प्रकाश चंद, अध्यक्ष जय सिंह और समस्त अध्यापकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# हवन यज्ञ के साथ नए सत्र का आगाज

## डीएवी जोगिंद्रनगर में विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया पारंपरिक स्वागत

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

**डीएवी** पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में नवे शैक्षणिक सत्र का आरंभ वैदिक परंपराओं के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में शास्त्री मोहित अवस्थी के सान्निध्य में वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ वैदिक हवन यज्ञ संपन्न हुआ। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित कीं।



विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने यज्ञ के पश्चात सभी विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में पहले दिन बच्चों का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर स्कूल का वातावरण उल्लासपूर्ण रहा, शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थी सभी उत्साहित नजर आए। प्रधानाचार्य ने जानकारी दी कि नए सत्र में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कई नवाचार योजनाएं लागू की जा रही हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं छात्रों को नए सत्र की सफलता के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं। (अनंत ज्ञान)

# समाज को दरकिनार कर साहित्य की रचना संभव नहीं : रेवती सैनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**सुकेत** साहित्य परिषद की ओर से देवता मेला सुंदरनगर के समापन अवसर पर साहित्य एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला भाषा अधिकारी मंडी रेवती सैनी बतौर मुख्यातिथि मौजूद रही। रेवती सैनी कहा कि साहित्य हर दौर में अपने समय और समाज का प्रतिनिधित्व करता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज को दरकिनार कर साहित्य की रचना संभव नहीं है। वरिष्ठ साहित्यकार उपन्यासकार गंगा राम राजी ने कहा कि साहित्य में समाज की भूमिका सदैव अग्रणी रही है, सार्थक लेखन समाज से जुड़कर ही किया जा सकता है। चर्चा में भाग लेते हुए रत्न लाल शर्मा, सुरेंद्र मिश्रा, लीलाधर वात्स्यायन, देवेंद्र गुप्ता आदि ने चर्चा में बताया कि आज के संदर्भ में लेखक की वही भूमिका है जो परिवार में पिता की होती है।

इस अवसर पर लगभग 30 कवियों ने अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ किया। जिनमें सुरेंद्र मिश्रा, देविंदर गुप्ता, राजेंद्र ठाकुर, विजय विशाल, सत्यपाल वशि भीम सिंह परदेशी, विनोद गुलेरिया, लेख राम, सीता राम, अनिल महंत, लीलाधर वात्स्यायन आदि प्रमुख हैं।

# प्रेस क्लब ने मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रेस क्लब मंडी द्वारा सोमवार को प्रेस भवन मंगवाई में अपना स्थापना दिवस वरिष्ठ पत्रकार एवं संस्थापक सदस्य डीपी गुप्ता की अध्यक्षता में मनाया गया। निवर्तमान अध्यक्ष मुरारी शर्मा व पूर्व उपाध्यक्ष खेमचंद शास्त्री अध्यक्ष मंडल में शामिल रहे। कार्यक्रम में सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए प्रथम आजीवन सदस्य भगत सिंह गुलेरिया ने कहा कि वर्ष 2002 में आज ही के दिन प्रेस क्लब मंडी की स्थापना के लिए पहली बैठक की गई थी जिसमें सदस्यता और संविधान बनाने के बारे में निर्णय लिया गया। इसी बैठक में रवि राणा शाहीन की अध्यक्षता में हेमकांत कात्यायन व डीपी गुप्ता पर आधारित तीन सदस्यीय संविधान समिति गठित की गई थी।

# सफलता के लिए शिक्षित होना आवश्यक : एसडीएम

## जिला स्तरीय नलवाड़ मेले में बेटियों के लिए किशोरी मेला आयोजित

**अनंत ज्ञान, करसोग**

**जिला** स्तरीय नलवाड़ मेला करसोग के तीसरे दिन बाल विकास परियोजना करसोग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, दिवस 2.0 व बेटियों के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण के लिए एक अनूठी पहल कार्यक्रम के अंतर्गत किशोरी मेला का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।



कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी दी जानकारी

एसडीएम करसोग गौरव महाजन ने किशोरी मेले में मौजूद किशोरियों को करियर काउंसलिंग, फाइनेंशियल इंडिपेंडेंस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि जीवन में सफलता हासिल करने के लिए बच्चों का शिक्षित होना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी को अपनी रुचि के अनुसार अपने विषयों को चुनकर जी तोड़ मेहनत कर अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने शरीर को रोग मुक्त और स्वस्थ रखने के लिए शारीरिक गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी करसोग विपाशा भाटिया ने विभाग द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में किशोरियों को जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर तहसील कल्याण अधिकारी करसोग भोपाल शर्मा सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

# पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में कुसुम शर्मा प्रथम

**विनोद, नेरचौक।** अभिलाषी नर्सिंग कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुरुआत रैली द्वारा की गई। इस दौरान नर्सिंग कॉलेज की प्रशिक्षु छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, रंगोली, नाटक प्रतियोगिता इत्यादि प्रतियोगिताएं रखी गई। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कुसुम शर्मा रही। बीएससी प्रथम वर्ष की छात्राओं ने रंगोली में प्रथम स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में बीएससी तृतीय वर्ष की रिया पहले स्थान पर रही।

मांग

## गर्मियां शुरू होते ही देश-विदेश से भारी संख्या में पहुंचते हैं पर्यटक

# बरोट से शिमला, मनाली के लिए चलें सीधी बसें

**रूपी ठाकुर, बरोट**

**चौहार** घाटी के तेजी से उभरते हुए पर्यटन स्थल बरोट से प्रदेश के विश्व विख्यात पर्यटन स्थल शिमला, मनाली तथा धर्मशाला के लिए चौहार घाटी तथा छोटाभंगाल घाटी के समस्त लोगों ने सरकारी बसें को लगाए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाना शुरू कर दिया है। चौहार घाटी तथा छोटाभंगाल घाटी में व्यवसाय से जुड़े युवकों में सुरेश कुमार, अनिल कुमार, रणजीत कुमार, प्रेम चंद, अश्वनी कुमार आदि का कहना है कि गर्मी के सीजन में चौहार घाटी व छोटाभंगाल घाटी सहित तेजी से उभरते हुए पर्यटन स्थल बरोट तथा मुल्थान का नैसर्गिक सौंदर्य निहारने के लिए देश व विदेश से भारी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं। गर्मी के पर्यटन सीजन से शुरू हुआ पर्यटकों का सिलसिला लगभग सालभर चलता रहता है, इसलिए अगर बरोट से शिमला, मनाली तथा धर्मशाला के लिए सीधी बसें चलाई जाती है तो तेजी से उभरते हुए पर्यटन स्थल बरोट तथा मुल्थान में पर्यटन व्यवसाय और भी फल- फूल सकता है। उनका कहना है कि अगर सरकार बरोट से सीधी बसें इन सभी प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों तक लगाती है तो बसों में सफर करने वाले पर्यटकों को आवाजाही में सुविधा मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### पर्यटन स्थलों को यातायात से जोड़ना जरूरी

**बरोट** पंचायत के पूर्व उपप्रधान श्याम चंद, वरधान पंचायत की पूर्व प्रधान गंगी देवी सहित पर्यटन व्यवसाय से जुड़े इन समस्त लोगों ने प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और अनछुए पर्यटन स्थलों को विकसित करने की बात तो करती है मगर धरातल में परिणाम शून्य ही है उन्होंने मांग करते हुए कहा कि तेजी से उभरते हुए पर्यटन स्थल बरोट को अच्छी यातायात व्यवस्था देने के साथ प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों से सीधी बसों की कनेक्टिविटी से जोड़ना बेहद जरूरी है। वहीं इस बारे में द्रंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर का कहना है कि घाटीवासियों की यह मांग बिल्कुल जायज है। उन्होंने विश्वास दिलवाया कि इसके लिए पूरी कोशिश की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नवरात्र में लगभग 80 लाख चढ़ा चढ़ावा

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** सोमवार को मंदिर न्यास चिंतपूर्णी ने चैत्र नवरात्र के चढ़ावे के आंकड़े जारी किए। इन आंकड़ों को देखने से पता चलता है कि चिंतपूर्णी मंदिर में नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर चढ़ावा चढ़ाया। आठ दिनों में कुल 79,55,072 रुपए का चढ़ावा आया है, जो एक रिकॉर्ड है। मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। चिंतपूर्णी में 1 दिन में सबसे अधिक चढ़ावा पहले नवरात्र को चढ़ा, जो कि 14,40,816 रुपए था और सबसे कम चढ़ावा चौथे नवरात्र को चढ़ा, जो कि 7,63,970 था। डेढ़ लाख के करीब श्रद्धालुओं ने यह चढ़ावा चढ़ाया, जो मंदिर की लोकप्रियता और श्रद्धालुओं की भक्ति का प्रतीक है।

### डॉ. अंबेडकर की जयंती पर निकाली जाएगी रैली

**अनंत ज्ञान, ऊना।** महर्षि वाल्मीकि गुरु रविदास यूथ एकता महासभा ऊना ब्लॉक युवा अध्यक्ष शुभम भट्टी ने कहा कि 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर गांव बसदेहड़ा मैहतपुर से ऊना तक भीम रैली निकाली जा रही है। उन्होंने समस्त समाज के साथियों से निवेदन किया है कि इस भीम रैली में भारी मात्रा में एकत्रित होकर एक अच्छा संदेश दें।

### डुहल बंगवाला मंदिर में भंडारा 13 अप्रैल को

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** रविवार 13 को बाड़ी बाबा सिद्ध चनो दरबार डुहल बंगवाला में भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर 11 बजे झंडा और कीर्तन का आयोजन होगा। इसके बाद 12 बजे से लंगर का आयोजन होगा। रात को साढ़े आठ बजे बाबा सिद्ध चानो का दहाजा आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में स्थानीय ग्रामीण और आसपास की पंचायतों के लोगों से शामिल होने का आह्वान किया।

### कांग्रेस राज में आमजन असुरक्षित : चैतन्य

**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही लूटपाट और आपराधिक घटनाओं ने आम जनमानस को डरा दिया है। ताजा मामले में 6 अप्रैल को तलवाड़ा रोड पर एक पेट्रोल पंप के समीप एक राहगीर द्वारा महिला से सोने की बालियां छीनने की घटना सामने आई है। इससे पहले 27 मार्च को डंगोह खास में दिनदहाड़े सब्जी दुकान पर बैठी महिला अनीता कुमारी से भी इसी तरह सोने की बालियां लूट ली गई थीं। इन घटनाओं पर कड़ा संज्ञान लेते हुए पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता चैतन्य शर्मा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार में आम नागरिक खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि जब दिनदहाड़े महिलाओं के गहने सरेआम झपटा मारकर छीने जा रहे हैं और नशे व चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हों, तो यह सरकार की नाकामी का सीधा प्रमाण है। उन्होंने मांग की है कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और क्षेत्र में कानून व्यवस्था बहाल की जाए।

### रोटरी विलेज ईसपुर को दिया वित्तीय सहयोग



**अनंत ज्ञान, ऊना।** रोटरी क्लब की ओर से रोटरी विलेज ईसपुर को स्वास्थ्य सेवाओं के सहयोग के लिए पांच हजार एक सौ रुपए का चेक भेंट किया। रोटरी के जिला प्रधान डॉ. केआर आर्य ने ईसपुर रोटरी विलेज के प्रधान पाठक को यह चेक भेंट किया। इस अवसर पर ओंकार नाथ कसाना, संजीव अग्निहोत्री, मोहित शर्मा, एचएन चीटू, यशपाल ठाकुर और पंकज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर दी स्वच्छता की सीख

**अनंत ज्ञान, ऊना।** राजकीय व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भदसाली में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। एनसीसी कमांडर कर्नल रविंद्र सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कैसे अपने आसपास और अपने शरीर की सफाई रखनी है उसके संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शरीर की सफाई से भी अधिक महत्त्वपूर्ण मन की सफाई करना है। मन की सफाई से दिमाग सकारात्मक अवस्था में रहता है, जिससे व्यक्ति के भीतर सृजनात्मकता आती है और वैज्ञानिक दृष्टिकोण बढ़ता है। कुछ नया करने का भाव उठता है। मानव जीवन सर्वश्रेष्ठ जीवन माना गया है। इस अवसर पर मनोहर लाल हवलदार भी उपस्थित रहे। उनकी देखरेख में स्कूल के एनसीसी कैडेट ने गांव और बाजार में रैली निकाली तथा लोगों को स्वास्थ्य दिवस पर अपने शरीर और मन को कैसे तंदुरुस्त रखना है इसके बारे में जागरूक किया। मुख्यातिथि ने बच्चों को अपने जीवन में अनुशासन लाने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर ने अपनी देखरेख में विद्यालय के बच्चों से नारा लेखन तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी करवाई। प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाले बच्चों को ईनाम दिए गए।

### कुठारबीत में 60 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, हरोली।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में हिमाचल प्रदेश के ऊना की तहसील हरोली के गांव कुठारबीत में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा द्वारा एक विशेष निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर न केवल ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच और उपचार का माध्यम बना, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने का भी एक प्रभावी जरिया रहा। डॉ. प्रदीप और उनकी समर्पित चिकित्सा टीम ने 60 से अधिक ग्रामीणों का परीक्षण किया। इनमें से 8 मरीज उच्च रक्तचाप, 5 मधुमेह और 19 जोड़ों के दर्द से पीड़ित थे, जिन्हें उचित सलाह और दवाइयां प्रदान की गईं। इसके अलावा 18 लोगों के रक्त जांच सहित अन्य लैब टेस्ट किए गए, ताकि रोग की समय रहते पहचान हो सके। ग्रामीणों ने इस स्वास्थ्य सेवा के लिए केंद्रीय मंत्री और सांसद अनुराग ठाकुर का धन्यवाद किया।

# अज्ञात वाहन ने राहगीर को रौंदा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला मुख्यालय के साथ लगते बरनोह गांव में एक दर्दनाक सड़क हादसा पेश आया, जहां एक अज्ञात वाहन ने राहगीर को रौंद दिया।

इस हादसे में राहगीर की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान राम पाल पुत्र रत्न चंद, निवासी लोअर कोटला कलां के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक हादसे की सूचना सोमवार सुबह पुलिस को मिली, जब राहगीरों ने सड़क किनारे एक शव देखा और तुरंत सूचना दी। सूचना मिलते ही ऊना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटनास्थल से पुलिस को अज्ञात वाहन के टूटे हुए पार्ट्स, साथ ही एक थैला, चप्पलें और कपड़े भी बरामद हुए। पुलिस ने मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों से पूछताछ कर मृतक की पहचान की। मृतक राम पाल रोज की तरह किसी काम से बाहर निकला था।

### हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला के धार्मिक स्थल पीरनिगाह मंदिर के समीप स्थित पार्किंग में खड़े ट्रक पर सोने जा रहे अमृतसर का निवासी ट्रक ड्राइवर हाई टेंशन लाइन के करंट की चपेट में आ गया। हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक ट्रक चालक की पहचान विशाल कुमार पुत्र रशपाल सिंह निवासी मोहल्ला भगतां वालाए अमृतसर के रूप में हुई है। ऊना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पंजाब के श्रद्धालु ट्रक में सवार होकर बाबा बालक नाथ मंदिर में माथा टेकने के बाद रविवार रात्रि पीरनिगाह मंदिर पहुंचे, जहां पर सभी श्रद्धालुओं को ट्रक से उतारने के बाद चालक विशाल कुमार टूल बॉक्स के ऊपर चढ़कर सोने की तैयारी करने लगा। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों की चपेट में आ गया। हादसे में ट्रक चालक विशाल की मौके पर ही मौत हो गई। श्रद्धालुओं द्वारा जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। एएसपी ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### क्षेत्र में गम का माहौल

ऊना में अक्सर कोटला कलां के आस पास अथवा राधा कृष्ण मंदिर की गलियों में हर व्यक्ति को राम-राम कहने वाला राम पाल अब कभी नहीं दिखाई देगा। एक अज्ञात वाहन की चपेट में आकर वह सदा के लिए लोगों से जुदा हो गया। राम पाल सैनी कभी हाथ में रेडियो, तो कभी धनुष अथवा भगवा वस्त्र लेकर भगवान की भक्ति में ही लीन रहता था। उसके निधन पर पूरे क्षेत्र में गम का माहौल है।

### जांच की शुरू

एएसपी संजीव भाटिया ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, ताकि वाहन और चालक की पहचान की जा सके।

## बिंदल आज से ऊना के तीन दिवसीय दौरे पर

**अनंत ज्ञान, अंब।** भाजपा के जिला ऊना के जिला अध्यक्ष श्याम मिन्हास ने सोमवार को अंब में पत्रकार वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल जिला ऊना के तीन दिवसीय प्रवास पर ऊना पहुंच रहे हैं, जिसमें वह सक्रिय सदस्य सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। राजीव बिंदल 8 अप्रैल को सुबह 10 बजे हरोली विधानसभा क्षेत्र अत: दोपहर 1 बजे ऊना विधानसभा क्षेत्र में उपस्थित रहेंगे। 9 अप्रैल को सुबह 10 बजे केडी रिसोर्ट संघनई गगरेट विधानसभा क्षेत्र, अत: 1 बजे दोपहर महफिल पैलस अंब में चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में पहुंचेंगे। 10 को होटल कर्ण राज बंगाणा कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में अपने सभी सक्रिय सदस्यों को संगठन के प्रति संबोधन देंगे। जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास ने पार्टी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया कि सभी कार्यकर्ता अपने विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यक्रम में समय पर पहुंचे।

## तनोह पंचायत में घर-घर वितरित किए 261 डस्टबिन



**अनंत ज्ञान, ऊना**

बीडीसी सदस्य जोगिंद्र देव आर्य की अगुवाई में स्वच्छता की ओर सार्थक कदम स्वच्छ भारत अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने की दिशा में बहुत ही सराहनीय कार्य करते हुए प्रत्येक घर को गांवों में बड़ैहर, बलोला, तुड़ेटा, तनोह और सासण गांव के कई घरों में 261 डस्टबिन वितरित किए। इस स्वच्छता अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को घर-घर कूड़ा-कचरा डस्टबिन में डालने के लिए दिए जा रहे हैं।

ग्राम पंचायत तनोह की प्रधान शकुंतला देवी, वार्ड सदस्य गौरव, मदन लाल, राम आसरा शर्मा, सतवीर, तीक्ष्ण सहित कई गणमान्य लोग इस मौके पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान जोगिंद्र देव आर्य ने कहा, स्वच्छता केवल स्वस्थ जीवन की आधारशिला नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सराहनीय कार्य है। सभी ग्रामीण भाई-बहनों से आग्रह है कि वे डस्टबिन का नियमित उपयोग करें और गांव को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग दें, अगर हमारा गांव स्वच्छ होगा तभी हम स्वस्थ रहेंगे। पंचायत प्रधान ने इस प्रकार के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल गांवों की साफ-सफाई में सुधार होगा, बल्कि लोगों में जागरूकता भी बढ़ेगी।

### पेंटिंग प्रतियोगिता में वीपीएस स्कूल के बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## एप्पल ग्रुप के आयुष प्रथम, देवांश रहे द्वितीय

**अनंत ज्ञान, ऊना**

वशिष्ट पब्लिक स्कूल ऊना में सत्र (2025-26) की प्रथम एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटी का आयोजन किया गया। कक्षा पहली से कक्षा चौथी के बच्चों ने कलर द पिक्चर प्रतियोगिता तथा पांचवीं से दसवीं तक के बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

इसका उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता और कल्पना शक्ति को बढ़ावा देना है। कलर द पिक्चर प्रतियोगिता में स्टोबेरी ग्रुप (कक्षा प्रथम) से सीताशी शर्मा प्रथम, ईशान द्वितीय तथा जसनीत तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दूसरी से, रिया प्रथम, निहारिका द्वितीय तथा सुधान तृतीय स्थान पर रहे। एप्पल ग्रुप (कक्षा तीसरी) से, आयुष वशिष्ट प्रथम, देवांश धीमान द्वितीय तथा अयान बाली और अभिनव तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा चौथी से अकीरा दीप प्रथम, आराध्या कौशल और रक्षित शौर्य कौशल



द्वितीय व अमायरा तृतीय स्थान पर रहे। पेंटिंग प्रतियोगिता में ऑरेंज ग्रुप से, अनाया प्रथम, अबनीत द्वितीय तथा प्राक्षी राणा तृतीय स्थान पर रही।

मैंगो ग्रुप से, अंशिका जसवाल और पीहू शर्मा प्रथम, समृद्धि पांडा द्वितीय तथा अराध्या भारद्वाज और मनमीत कौर तृतीय स्थान पर रहे। मैलन ग्रुप से मन्नत शर्मा प्रथम, जैस्मिन और श्रद्धा द्वितीय तथा अमोदिता भारद्वाज और तनीषा धीमान तृतीय स्थान पर रहे। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ट ने विजेता रहे छात्रों को बधाई दी।

स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों के भीतर छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आती हैं और उनका उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि विद्यालय द्वारा भविष्य में भी ऐसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहेगा।

## आग लगने की घटनाओं पर निगरानी रखकर सख्त कार्रवाई करे प्रशासन

**अनंत ज्ञान, बड़ूही**



गर्मी के मौसम के साथ ही अज्ञात तत्वों द्वारा आग लगाना शुरू कर दिया है। यह न केवल पर्यावरण के लिए नुकसानदेह है, बल्कि सैकड़ों जीव-जंतु भी इन आगजनी की घटनाओं का शिकार हो जाते हैं।

ताजा मामला टकारला पंचायत का है किसी अज्ञात व्यक्ति ने खाली पड़ी जगह पर आग लगा दी देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप धारण कर लिया। जहां आग लगी थी उसकी कुछ दूरी पर ही लोगों की गेहूं की फसल थी और साथ में गोशाला स्थित है। गनीमत यह रही की कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। पंचायत के लोगों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है इस प्रकार की घटनाओं पर कड़ी निगरानी रखकर इन अज्ञात तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके

### अज्ञात ने खाली पड़ी जगह पर लगाई आग

और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। स्थनीय लोगों का कहना है कि समाज के प्रत्येक नागरिक को जागरूक होना होगा, ताकि वे ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत प्रशासन तक पहुंचाएं और इस गंभीर समस्या से निपटने में मदद कर सकें। टकारला के उपप्रधान राजीव शर्मा का कहना है कि आग लगाना बहुत गलत है। लोगों को ऐसे काम करने से बचना चाहिए।

## कल रायपुर पहुंचेगी मोबाइल कैंटीन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए 9 अप्रैल बुधवार को सुबह 9.30 से 10 बजे तक मोबाइल कैंटीन, आकाश कैंटीन ऊना के तत्वाधान से पंचायत रायपुर मैदान के प्रांगण में पहुंचेगी। इस मोबाइल कैंटीन से पूर्व सैनिक और उनके आश्रित, आवश्यक किराना (ग्रोसरी) सामग्री, जिससे वे किफायती दरों पर गुणवत्तापूर्ण सामान प्राप्त कर सकेंगे। यह जानकारी देते हुए, मैनेजर आकाश कैंटीन ऊना, कमांडर विजय कुमार ने बताया कि यह सुविधा पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों (जिनके पास कैंटीन कार्ड हैं) उन्हीं की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए प्रदान की जा रही है। बिल भुगतान एटीएम के माध्यम से लिया जाएगा। इंडियन एक्स सर्विसेज लीग के चेयरमैन कैप्टन शक्ति चंद, वरिष्ठ वाइस चेयरमैन राजेंद्र शर्मा एवं वाइस चेयरमैन लेफ्टिनेंट एसपी शर्मा ने रायपुर मैदान और इर्द-गिर्द के सभी पूर्व सैनिकों से अपील की है कि वह इस का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करें और समय पर पंचायत प्रांगण में पहुंचकर इस सुविधा का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं।

## राज्यस्तरीय हरोली उत्सव के लिए कलाकारों के ऑडिशन आज से

**अनंत ज्ञान, ऊना**

राज्य स्तरीय हरोली उत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति के लिए स्थानीय कलाकारों के ऑडिशन आज से प्रारंभ हो रहे हैं। ये ऑडिशन लता मंगेशकर कला केंद्र, समूर कलां में आयोजित किए जाएंगे और प्रतिदिन 11 बजे से आरंभ होंगे।

8 और 9 अप्रैल को ऊना जिले के कलाकारों के लिए तथा 10 अप्रैल को अन्य जिलों के प्रतिभागियों के लिए ऑडिशन रखे गए हैं। इसके साथ ही, जिला भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा ऊना जिले के कलाकारों का ए व ए प्लस एवं बी व बी प्लस श्रेणियों में वर्गीकरण किया जाएगा। डीसी ऊना जतिन लाल ने बताया कि इच्छुक कलाकार एसडीएम कार्यालय, हरोली में आवेदन जमा कवा सकते हैं अथवा ईमेल के माध्यम से स्टेटलेवलहरोलीउत्सव एट दी रेट जीमेल डॉट कॉम पर आवेदन भेज सकते हैं। ऑडिशन के दिन मौके पर भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के विजेता अथवा ख्याति प्राप्त कलाकारों को ऑडिशन से छूट प्रदान की गई है।

हरोली के कांगड़ मैदान में 27 से 29 अप्रैल तक आयोजित होने वाले इस महाउत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित हस्तियां और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुतियों से आयोजन की शोभा बढ़ाएंगे। प्रशासन हिमाचली कलाकारों को अधिकतम मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। लगभग सात वर्षों के अंतराल के बाद पुन: आयोजित हो रहा यह उत्सव उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के दृढ़ संकल्प और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रत्यक्ष परिणाम है।

## भोलेनाथ की बारात की कथा सुनाई

**अनंत ज्ञान, जोल।** शास्त्री ने कहा कि गंगा में स्नान करने से मन स्वच्छ होता है, लेकिन संतों का समाज चलता-फिरता प्रयागराज है। इसका सत्संग मिल जाए, तो सारे कष्ट और दोष दूर हो जाते हैं।

उन्होंने कहा कि हम मंदिर में जाकर उन मूर्तियों की ओर देखते हैं, जिनको हमने बनाया, लेकिन घर में उन मूर्तियों की ओर नहीं देखते, जिन्होंने हमें बनाया है। शिक्षा में संस्कार, व्यापार से पहले व्यवहार और भगवान से पहले माता-पिता को पहचानकर जीवन की अधिकतर कठिनाइयों का हल कर देता है। कथा के दूसरे दिन राम कथा के मुख्य यजमान विवेक शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी पूजा शर्मा रहे। कथावाचक आचार्य शिवकुमार ने मां ब्रह्मचारिणी का स्मरण कर शिव वारात की कथा सुनाई। इस मौके पर आचार्य पुष्पेंद्र शास्त्री, दीपक शर्मा, मुकेश शर्मा, सुखदेव शर्मा, तरसेम लाल शर्मा, इंजीनियर रमन शर्मा, अनिल शर्मा, अंजली शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## घंडावल ने धुसाड़ा को 3 रनों से हराया

### खेलों में एकता व भाईचारे को मिलता है बढ़ावा : योगराज

**हीना पठानिया, बड़ूही**



खिलाड़ी जब किसी खेल प्रतियोगिता में भाग लेता है, तो उसका लक्ष्य जीत प्राप्त करने के साथ-साथ खेल भावना, प्रतिस्पर्धा, आपसी प्रेम व भाईचारा बनाए रखना भी होता है।

यह बात डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित महालक्ष्मी इंडस्ट्री के उद्योगपति एवं समाजसेवी और चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र लोअर के भाजपा के उपाध्यक्ष योगराज जोगी ने कही। इस दौरान खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ भी दिलाई गई। भाजपा के उपाध्यक्ष योग राज जोगी ने कहा कि हार, जीत का ख्याल किए बगैर खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए। योग राज जोगी ने कहा कि यदि खिलाड़ी स्वस्थ मन एवं स्वास्थ्य शरीर से मैदान में उतरेगा, तो उसकी सोच भी स्वस्थ रहेगी और वह खेल प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करेगा। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वह अपने खेलों का निरंतर अभ्यास करते रहें और नशे आदि व्यसनों से दूर रहें, ताकि शरीर रोग मुक्त रह सके।

डोगरा क्रिकेट कप प्रतियोगिता में जिला ऊना की पांचों विधानसभा क्षेत्रों की टीमें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर चुकी हैं और वहीं, मुख्यातिथि योगराज जोगी ने कहा कि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की टीम फाइनल मैच में विजेता रहती है तो उन्हें अपनी ओर से 2100 की राशि भेंट की जाएगी।

सोमवार को धुसाड़ा और घंडावल के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। धुसाड़ा की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। इसमें घंडावल की टीम ने 77 रन और जवाब में घुसाड़ा की टीम 74 रन पर ही सिमट गई। इसमें मैन ऑफ द मैच केशव और पांडु को दिया गया। (अनंत ज्ञान)

## जट्ट क्लब मैहतपुर हरियाणा टाइगर्स को हराकर बना वॉलीबाल चैंपियन



**अनंत ज्ञान, बड़ूही**

शिव शक्ति क्लब बेहड़ जसवां द्वारा एकदिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जो पूरे दिन भर चला।

इस टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनमें जट्ट क्लब मेहतपुर, हरियाणा टाइगर्स, बग्नोर साहिब और आगरा की टीमों ने सेमीफइनल में जगह बनाई। यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए एक रोमांचक अनुभव साबित हुआ। पहला सेमीफाइनल हरियाणा टाइगर्स और बग्नोर साहिब के बीच खेला गया। इसमें हरयाणा टाइगर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बग्नोर साहिब की टीम को हराया और फाइनल में अपनी जगह पक्की की। दूसरा सेमीफाइनल जट्ट क्लब मैहतपुर और आगरा के बीच खेला गया, जहां जट्ट क्लब मैहतपुर ने दमदार प्रदर्शन करते हुए आगरा की टीम को हराया और फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच देर रात तक चला और यह बेहद रोमांचक था। जट्ट क्लब में हतपुर और हरियाणा टाइगर्स के बीच खेले गए इस फाइनल मुकाबले में जट्ट क्लब मेहतपुर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हरियाणा टाइगर्स को हराया और टूर्नामेंट का कप अपने नाम किया। इस जीत ने जट्ट क्लब मैहतपुर को बहुत बड़ी उपलब्धि दिलाई। शिव शक्ति क्लब द्वारा करवाए गए टूर्नामेंट में मुख्य चीफ गेस्ट चिंतपूर्णी मंडल भाजपा के अनुसूचित जाति मोर्चा के जनरल सेक्रेटरी रामपाल द्वारा फाइनल में जीतने वाली टीम को 15,000 रुपए का नकद इनाम दिया गया, जबकि हारने वाली टीम, हरियाणा टाइगर्स को 11,000 रुपए का पुरस्कार प्राप्त हुआ। रामपाल ने क्लब बेहड़ जसवां की क्लब कमेटी को इस इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी और भविष्य में बड़े स्तर पर ऐसे खेल आयोजन करने के लिए प्रेरित किया।

**दौरा** बेलिंग मशीन, मटीरियल रिकवरी, श्रेडर और गीले कचरे से तैयार होगी खाद

# गगरेट में जल्द स्थापित होगा कूड़ा संयंत्र

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

अब तक गगरेट कस्बे का कचरा खुले में फेंकते आए नगर पंचायत गगरेट को जल्द निकट भविष्य में कूड़ा-कचरा कूड़ा संयंत्र स्थापित करने की उम्मीद प्रबल हुई है। सोमवार विशेष सचिव शहरी विकास विभाग सौरभ जस्सल ने नगर पंचायत गगरेट के लिए चिन्हित कूड़ा कचरा कूड़ा संयंत्र की जमीन का दौरा किया। बताया जा रहा है कि कूड़ा कचरा कूड़ा संयंत्र की स्थापना के लिए सारी औपचारिकताएं पूरी हो गई हैं। वन निगम द्वारा यहां से पेड़ हटाने के बाद कूड़ा संयंत्र की स्थापना का कार्य शुरू हो सकेगा।

इसके लिए नगर पंचायत ने 65 लाख रुपए का बजट रखा है। यहां कूड़ा संयंत्र के साथ बेलिंग मशीन, मटीरियल रिकवरी फेसिलिटी सेंटर, गीले कचरे से खाद तैयार करने के साथ सड़कों के लिए पालीथीन काटकर देने के लिए श्रेडर की स्थापना भी प्रस्तावित है। लंबे समय से नगर पंचायत गगरेट



कूड़ा संयंत्र की स्थापना के लिए भूमि का निरीक्षण करते विशेष सचिव शहरी विभाग सौरभ जस्सल।

में कचरे के निष्पादन के लिए कूड़ा संयंत्र की स्थापना प्रस्तावित है, लेकिन जमीन का उचित प्रावधान न हो पाने के कारण यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट लटकता जा रहा है।

अभी तक नगर पंचायत गगरेट कस्बे से निकलने वाले कचरे का निष्पादन खुले में ही कर रहा है, जिसे लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल भी कई बार तल्खी दिखा चुका है, अब नगर पंचायत गगरेट ने होशियारपुर रोड पर पांच कनाल की करीब सरकारी भूमि चिन्हित की थी, जिसे निदेशक शहरी विकास विभाग के नाम हस्तांतरित किया जा चुका है, लेकिन कई विभागों के अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने जरूरी थे, जिन्हें अब प्राप्त किया जा चुका है।

वन विभाग ने इसके लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी कर दिए हैं, लेकिन अब वन निगम ने यहां पर चिन्हित किए गए 28 पेड़ों के कटान के लिए लाट तैयार करना है, ताकि इनका कटान किया जा सके। यहां सिर्फ कूड़ा संयंत्र ही तैयार नहीं होगा, बल्कि एक ही स्थान पर नगर पंचायत कई अन्य गतिविधियां चलाकर अपनी आय बढ़ाने के प्रयास भी कर सकेगी। सौरभ जस्सल ने बताया कि कूड़ा संयंत्र की स्थापना के लिए सारी औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। विभाग का प्रयास है कि प्रदेश के सभी नगर निकायों में वैज्ञानिक तरीके से कूड़े का निष्पादन हो, ताकि इसे खुले में न फेंकना पड़े। इसके लिए संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर एसडीएम सौमिल गौतम व नगर पंचायत स्टाफ भी मौजूद रहा।

## नशा मुक्त अभियान शुरू



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ भाजपा मंडल ने भाजपा हाईकमान के नशा मुक्त अभियान यानि ड्रग फ्री समाज पर अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान की शुरुआत कुटलैहड़ के बसाल से भाजपा के जिला आयोजिक धर्मेंद्र राणा की अध्यक्षता में की गई।

इसमें कुटलैहड़ के भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने न केवल इस अभियान को समर्थन दिया, बल्कि युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने और अपनी खेलकूद में रुचि बढ़ाने की प्रेरणा भी दी। धर्मेंद्र राणा ने कहा कि आज के समय में नशे की लत समाज में एक गंभीर समस्या बन चुकी है। खासतौर पर युवा वर्ग इस समस्या से जूझ रहा है। नशे की प्रवृत्तियां युवा पीढ़ी को अपने जाल में फंसा कर उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रही हैं। ऐसे में भाजपा हाईकमान के दिशा-निर्देशों पर रविवार को डेरा बाबा रुद्रानंद भाजपा मंडल कुटलैहड़ ने यह अभियान शुरू किया, ताकि न केवल नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाई जा सके, बल्कि युवा वर्ग को एक सकारात्मक दिशा में प्रेरित किया जा सके। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कुटलैहड़ क्षेत्र के युवाओं को नशे से दूर रखने के साथ-साथ उन्हें खेलकूद और अन्य शारीरिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। वहीं, इस कार्यक्रम में देवेंद्र कुमार भुट्टो ने इस मौके पर युवाओं को नशे से बचने और खेलकूद में रुचि बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। भुट्टो ने कहा कि नशे की आदत को छोड़ने के बाद यदि युवा किसी खेल में अपनी ऊर्जा और समय लगाते हैं, तो न केवल उनका शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होगा, बल्कि मानसिक स्थिति भी स्थिर रहेगी।

# साहब! एक माह से नल में नहीं टपका पानी

## चौकीवासियों को बावड़ी से लाना पड़ रहा पानी, बोले- हो रही परेशानी, कई बार की शिकायत, नहीं हुआ कहीं से भी समाधान

कमलेश वर्मा, कुल्लू

सीएम साहब! एक माह से हमारे गांव में लगे नलों से पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी है, जिससे ग्रामीणों को दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। यह कहना है कुल्लू जिले की चौकी डोभी पंचायत के चौकी गांव के बाशिंदों का। सनद रहे कि जिला मुख्यालय कुल्लू के साथ सटी चौकी डोभी पंचायत के चौकी गांव में एक माह से पेयजल की आपूर्ति बाधित है। गांव में एक माह से पेयजल सप्लाई बंद होने के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार बार-बार शिकायतें करने के बावजूद समस्या हल नहीं हो रही, जिसके चलते ग्रामीणों में जलशक्ति विभाग के प्रति भारी रोष है। आलम यह है कि घरों में पेयजल आपूर्ति नहीं होने के कारण ग्रामीणों को बावड़ी से बर्तनों में पानी भरकर लाना पड़ रहा है। चौकी गांव के निवासी मनुज शर्मा, युवराज, सुनील, विवेक शर्मा, मीरा सहित अन्य का कहना है कि पानी की समस्या के कारण लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



उन्होंने बताया कि इस समस्या बारे जलशक्ति विभाग को कई बार अवगत करवाया गया है, लेकिन विभागीय अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। इसके चलते यह समस्या एक माह से जस की तस बनी हुई है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री सेवा संकल्प में भी इस संबंध में शिकायत की लेकिन वहां से भी कोई समाधान नहीं हुआ और तब भी समस्या वैसी ही है। ग्रामीणों के अनुसार पहले कुल्लू शहर की आपूर्ति सुचारु करने का विभाग ने बहाना लगाया, लेकिन उसके बाद भी अभी तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जलशक्ति विभाग जानबूझ कर समस्या का समाधान नहीं कर रहा और हर साल लिफ्ट मोटर ठीक करने में कोताही बरतता है। ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार से गुहार लगाई है कि जलशक्ति विभाग कुल्लू को शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुचारु करने बारे निर्देश दिए जाएं ताकि ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में पानी के लिए और दिक्कतें न झेलनी पड़ें। (अनंत ज्ञान)

### दुकान से पानी खरीदने को मजबूर एक परिवार

चौकी गांव में एक माह से पेयजल आपूर्ति न होने के कारण जहां ग्रामीण बावड़ी से अपने लिए और पशुओं के लिए पानी ढोकर ला रहे हैं। वहीं, एक परिवार ऐसा भी है जिनके घर में बुजुर्ग और बीमार हैं, जो इतने दूर से बावड़ी से पानी ढोकर लाने में असमर्थ हैं। इस कारण मजबूरन वह हजारों रुपए खर्च करके दुकान से मिनरल वॉटर खरीद कर उसे इस्तेमाल कर रहे हैं। ग्रामीण विवेक शर्मा ने बताया कि उनके गांव में एक परिवार मजबूरन दुकान से पानी खरीद कर पीने को मजबूर है साथ ही यह परिवार खाना खाने के लिए डिस्पोजल प्लेट व कप इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विभाग इस समस्या के समाधान को लेकर गंभीर नहीं दिख रहा जिसका खामियाजा चौकी गांव के बाशिंदों को झेलना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गर्मी लगातार बढ़ रही है, ऐसे में कब तक बावड़ी में पानी रहेगा कोई पता नहीं और कब तक लोग पानी की आपूर्ति नहीं होने के कारण दुकान से पैसे खर्च करके और डिस्पोजल प्लेट, कप इस्तेमाल करेंगे।

गांव में बोरवेल के माध्यम से मोटर लगाकर पेयजल सप्लाई करवाई जा रही है। बोरवेल से पानी कम आने के कारण बार बार मोटर जल रही है। समस्या उचित हल निकालने के टीम भेजी है और टेक्नीशियन को भी बुलाया है ताकि जल्द से जल्द समस्या को हल किया जा रहा है। जलशक्ति विभाग कुल्लू लोगों को सुचारू रूप से पेयजल आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है।
-अमित मिरुपा, अधिशाषी अभियंता जलशक्ति विभाग कुल्लू डिवीजन

# साहब! सुरक्षा दीवार लगाकर बाढ़ से बचा लो

## ग्रामीणों का छलका दर्द, बोले-हमारा दर्द भी समझो, बाढ़ में घर से भाग कर बचाई थी जान

अनंत ज्ञान, भुंतर

दो वर्ष पहले आई बाढ़ के जख्म भुंतर के जिया वालों के लिए आज भी हरे ही हैं। जिया निवासी राजू, निक्कू राम, पुने राम, दीपू, कांता, कृष्णा देवी आदि ने कहा कि 2023 की 9 व 10 जुलाई की वह दो भयानक रातें, जिया के बाशिंदों को याद हैं जो हमने अपने घरों से बाहर बिताई थीं। ब्यास व पार्वती नदी का रौद्र देख सभी ने घर से भाग कर अपनी जान बचाई और रिश्तेदारों के पास शरण ली थी।



वह दो दिन व रातें बहुत ही डरावनी थीं। आज भी उस मंजर को याद कर हमारे रोंगटे खड़े हो जाते हैं। यहीं नहीं जिया वालों के लिए 2024 में भी मुसीबतों का पहाड़ टूटा। मलाणा डैम फटने से फिर त्रासदी हुई। पार्वती नदी का उग्र रूप देख ग्रामीणों को फिर घर छोड़कर भागना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि बड़े दुख की बात है इतनी बड़ी त्रासदी की घटना के बाद भी जिया गांव के बाढ़ संभावित क्षेत्र में सुरक्षा दीवार तक नहीं लगी, जबकि हमने प्रशासन व सरकार से कई बार सुरक्षा दीवार लगाने की गुहार लगाई, लेकिन दो साल बीत जाने पर भी न सरकार का दिल पसीजा न ही प्रशासन का।

जिया वालों के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है जबकि जिया पोलिंग बूथ से विस चुनावों में कांग्रेस को ही लीड मिली है। अब फिर से बरसात आने वाली है। लोगों को वही मंजर याद आता है। बाढ़ से लोगों का भारी नुकसान भी हुआ था। अब जब भी बारिश शुरू होती है लोग भयभीत हो जाते हैं। रात को जागकर नदी की ओर झांकते हैं, कहीं नदी फिर से तबाही न मचा दे, क्योंकि बाढ़ ने नदी के किनारे कमजोर कर दिए हैं। जलस्तर बढ़ते ही अब तबाही होने में देरी नहीं लगेगी।

जनता सरकार व प्रशासन से पुनः आग्रह करती है कि जिया गांव के डेंजर जोन में शीघ्र कंक्रीट की दीवार लगाई जाए। वहीं, जिया का फुट ब्रिज भी बाढ़ की भेंट चढ़ गया था जिसे भी शासन व प्रशासन नहीं लगा पाया। किसानों-बागवानों व स्कूली बच्चों को पुल के बिना भी बड़ी मुसीबत है। कुल्लू के एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने कहा कि वन विभाग व अन्य संवंधित विभागों से बात कर मलबा हटाने की कार्रवाई शीघ्र शुरू करवाते हैं।

# शिक्षकों के मुद्दे पर तालमेल बनाकर होगा काम : जोशी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल शिक्षक महासंघ जिला कुल्लू के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष टीआर जोशी ने कहा है कि शिक्षकों के मुद्दे को लेकर प्रदेश सरकार के साथ तालमेल बनाकर हल किया जाएगा। जिला मुख्यालय कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा है कि शिक्षकों के कई ऐसे मसले हैं, जिसमें सार्वजनिक के साथ साथ व्यक्तिगत मसले भी शामिल हैं, निश्चित रूप से उन्हें हल करने का प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा है कि उन्हें हाल ही में जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ऐसे में आने वाले समय में शिक्षकों की समस्याओं को शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों और सरकार तक पहुंचाने का प्रयास कर उन्हें हल किया जाएगा। टीआर जोशी ने बताया कि हिमाचल शिक्षक महासंघ की जिला स्तरीय बैठक कुल्लू जिला के (लारजी) विश्राम गृह में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश प्रधान डॉ. प्रेम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुइ

# गर्मी से निजात पाने को सरेउलसर की ओर बढ़े सैलानियों के कदम

सीआर शर्मा, निरमंड

देशभर के कई राज्यों में अब गर्मी में बढ़ोतरी हो रही है, ऐसे में गर्मी से राहत पाने को सैलानी इन दिनों पहाड़ी ठंडे स्थलों का रुख कर रहे हैं। इसी कड़ी में कुल्लू जिले के आनी उपमंडल में एनएच 305 सड़क मार्ग के मध्य लगभग 10 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित जलोडी दर्रा और दर्रे से 3 किमी आगे स्थित प्राकृतिक सरेउलसर झील सैलानियों के लिए पसंदीदा सैरगाह बनी हुई है। कुल्लू जिले के आनी क्षेत्र में पर्यटन की आपार संभावनाएं हैं। पर्यटकों के लिए यह स्थान स्वर्ग से कम नहीं है।

आनी के जलोड़ी दर्रे से तकरीबन 3 किमी आगे सरेउलसर यात्रा शुरू होती है और यह ऐतिहासिक व धार्मिक झील एक किमी के दायरे तक फैली है। जलोड़ी दर्रे की बर्फ से ढकी उंची मनमोहक चोटियां पर्यटकों को आकर्षित करती हैं। देश-विदेश के पर्यटक इन दिनों इन अनछुए एवं खूबसूरत नजारों को देखने के लिए इन दिनों जलोड़ी दर्रे तथा सरेओल्सर पहुंच रहे हैं और यहां की अलौकिक सुंदरता और निर्मल झील का दीदार कर आनंदित हो रहे हैं। सरेउलसर झील चारों ओर से रैई खरशू आदि पेड़ों से घिरी है और इसके शीर्ष



पर नौ नाग देवताओं की माता बूढ़ी नागिन का मंदिर है।

मान्यता है कि नाग माता बूढ़ी नागिन सरेउलसर झील में वास करती है और क्षेत्र की जनता सुख समृद्धि की कामना के लिये झील के चारों ओर गाय के घी की धार से परिक्रमा करते हैं। ऐसा करने पर श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं भी पूरी करते हैं। इस निर्मल झील की सफाई पेड़ों पर बैठी आभी नाम की एक चिड़िया करती है, जो झील में गिरने वाले हर तिनके को अपनी चोंच में उठाकर झील से कई सौ मीटर दूर जाकर फेंक आती है और सफाई का संदेश देती है। आनी के जलोड़ी दर्रे और सरेउलसर का प्राकृतिक दृष्य यहां आने को मजबूर कर देता है।

# चंद्रा नदी में बहे पर्यटक की तलाश जारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

लाहौल-स्पीति के सिस्सू स्थित चंद्रा नदी में बहे झारखंड के पर्यटक की तलाश हादसे के दूसरे दिन भी जारी रही। सोमवार को भी पर्यटक का कोई सुराग नहीं लगा। सिस्सू से तांदी की ओर सर्च अभियान दिन भर जारी रहा। गौर रहे कि रविवार को मनाली से सिस्सू घूमने पहुंचे झारखंड के दो पर्यटक नदी में बह गए थे। पर्यटक सिस्सू में हेलीपैड के पास चन्द्रा नदी पर पुरानी टूटी हुई लोहे पुलिया पर चढ़े हुए थे, जिसके ऊपर से पानी का वहाब जा रहा था और अचानक एक पर्यटक का पैर फिसलने के कारण और दूसरा उसको बचाने के प्रयास में दोनों एक साथ चंद्रा नदी में गिर गए।

**दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग, दिन भर जारी रहा सर्च अभियान**

इसके बाद इन दोनों में से एक व्यक्ति पानी में डूब कर गायब हो गया जबकि दूसरा पानी के बहाव में बहता हुआ थोड़ा आगे तक गया, जिसका शव नदी से बरामद हो गया है लेकिन दूसरे पर्यटक का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग पाया। एक मृतक की पहचान अमर कुमार पुत्र संजय साहू, निवासी झारखंड, आयु 19 वर्ष के रूप में हुई। वहीं, दूसरे पर्यटक का नाम सामर्थ निवासी झारखंड है जोकि अमर कुमार का दोस्त है। डीएसपी केलांग राजकुमार ने बताया कि नदी में बहे दोनों पर्यटकों में से अमर कुमार का शव गत दिन ही बरामद कर लिया था, जबकि दूसरे का कोई अता पता नहीं लग पाया। सोमवार सुबह ही रेस्कयू टीम सर्च अभियान में जुट गई एयर शाम तक टीम ने सिस्सू से लेकर तांदी तक अभियान चलाया लेकिन नदी में बहे व्यक्ति का कोई सुराग नहीं लग पाया है।



### दूसरे दिन सर्च अभियान में सात टीमें जुटी रहीं

चंद्रा नदी में बहे पर्यटक की तलाश में दूसरे दिन सोमवार को कुल 7 टीमों का गठन किया गया है, जिनमें जिला पुलिस व क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) की 4 टीमें, बबेली की राफ्ट टीम,मनाली एडवेंचर सर्च एंड रेस्क्यू टीम तथा स्थानीय लोगों की एक टीम दिनभर सर्च अभियान में जुटी रही।

# प्रदेश सरकार हो चुकी है कंगाल : रिगजिन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** भाजपा लाहौल-स्पीति अध्यक्ष रिगजिन समफेल हायरपा ने कहा है कि प्रदेश सरकार आर्थिक तौर पर कंगाल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों ने 31 मार्च से पहले लाहौल स्पीति में हुए विकास कार्यों के भुगतान के बिलों को ट्रेजरी भेजे थे, लेकिन सरकार ने बिना पेमेंट किए इन बिलों को वापस संबंधित विभागों को भेज दिया है। इसमें लोनिवि के साढ़े पांच और जलशक्ति विभाग के डेढ़ करोड़ रुपए के बिल वापस हुए हैं। हायरपा ने कहा कि बिलों के भुगतान नहीं होने से ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति खराब हो चुकी है। उन्होंने कहा कि लाहौल में ही लोनिवि और जलशक्ति विभाग के साथ अन्य विभागों के लगभग 10 करोड़ के बिल फंसे हुए हैं। हायरपा ने कहा कि अब इन बिलों का भुगतान नए बजट के तहत होगा जिससे नए वित्त वर्ष ने कोई नया काम नहीं होने वाला है।



# पेंशनर्स के लंबित पड़े चिकित्सा बिलों का शीघ्र हो भुगतान : योगराज शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन भुंतर खंड की मासिक बैठक मालती गेस्ट हाउस पारला भुंतर में प्रधान योगराज शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक गायत्री मंत्रोच्चारण से शुरू हुई और शांतिपाठ से संपन्न हुई। यह नई कार्यकारिणी की पहली बैठक थी। बैठक में पेंशनर्स की विभिन्न मांगों, देनदारियों के संबंध में पेंशनर्स पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। इसमें प्रमुख रूप से संयुक्त सलाहकार समिति का गठन करना और बैठक बुलाना, महंगाई भत्ते की सभी किश्तें देना और उसका बकाया एक मुश्त देना, लंबित पड़े चिकित्सा बिलों का भुगतान करना आदि विशेष रूप से प्रमुख मुद्दे उठाए। बैठक में सभी पेंशनर्स पदाधिकारियों एवं प्रबुद्ध उम्रदराज पेंशनर्स विशेष रूप से आरएस राठौर, उत्तम राम ठाकुर, गंगा राम ठाकुर, छिमे अंगमों, आरएस थापा, टार्जन शर्मा, गिरधारीलाल, नंदलाल, योगराज शर्मा, मोहिंदर डोड, मोहर सिंह सीस, जिला महासचिव मौजूद रहे।



सिविल पेंशनर्स एंड सोशल वेलफेयर एसोसिएशन भुंतर खंड की मासिक बैठक आयोजित।

बैठक में एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला के अध्यक्ष सेस राम ठाकुर ने कार्यकारिणी के कार्यकलाप और आगामी कार्यवाही हेतु अपने विचारों से बैठक को संबोधित किया। बैठक में मुख्य रूप से उत्तम राम ठाकुर, खीमी राम वर्मा, तीरथ राम ठाकुर, छिमे अंगमों, अमरा ठाकुर, टीकम दासी आदि उपस्थित रहे। बैठक में विशेष मांग पर जोर दिया कि भुंतर पुल का निर्माण धीमी गति से चल रहा है, जिसमें तेजी लाई जाए। वहीं, पेंशनर्स ने बताया कि तिपहिया वाहनों वाले पुराने पुल से लेकर हाथीथान तक 40 रुपए के स्थान पर 70 रुपए ले रहे है जो तर्कसंगत नहीं है, जिसे ठीक किया जाए।

पेंशनर्स ने बताया कि इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा उचित पग उठाए जाने चाहिएं ताकि लोगों को राहत मिले। बैठक में प्रधान योगराज शर्मा ने अपने अध्यक्षीय भाषण में पेंशनर्स को संबोधित किया और विभिन्न मांगों व समस्याओं के समाधान को लेकर सरकार से गुहार लगाई।

# लाउड स्पीकर के माध्यम से पर्यटकों को जागरूक कर रही पुलिस

अनंत ज्ञान, केलांग

अटल टनल बनने के बाद लाहौल घाटी सर्दियों में भी पर्यटकों से चहक रही है। मनाली आने वाला हर पर्यटक लाहौल की वादियों में दस्तक दे रहा है। अप्रैल महीने में पर्यटन कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। लाहौल में नदी के खतरे के साथ साथ हिमस्खलन व भूस्खलन की घटनाएं होना आम बात है। हर पर्यटक चंद्रा नदी के पास जाना पसंद कर रहा है, जिससे जानी नुकसान भी हो रहा है।

जिला लाहौल-स्पीति पुलिस लाउड स्पीकर से पर्यटकों को नदी किनारे न जाने का आग्रह कर रही है। कोकसर से सिस्सू तक लगभग 14 किमी के क्षेत्र में नदी का खतरा अधिक है। पंचायत प्रधान सचिन ने कहा कि अप्रैल में एकदम से चंद्रा नदी का पानी बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है, लेकिन सभी पर्यटन कारोबारियों को भी पर्यटकों को नदी किनारे न जाने के लिए प्रेरित करना होगा।

**नदी के किनारे न जाने का किया जा रहा आग्रह जुर्माने का भी है प्रावधान**

जिला पुलिस लाहौल-स्पीति में आने वाले पर्यटकों का हार्दिक स्वागत करती है, साथ ही विनम्र निवेदन करती है कि घाटी में भ्रमण के दौरान नदियों, नालों एवं हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों से दूर रहें, क्योंकि इन स्थानों पर जाना अत्यंत जोखिम भरा हो सकता है। हाल ही की घटनाओं में ऐसे क्षेत्रों में जाने के कारण जानमाल की हानि हुई है। सुरक्षित रहें और सतर्क रहें।
-राजकुमार
पुलिस उपाधीक्षक केलांग

# स्वस्थ जीवनशैली को लेकर लोगों को करेंगे जागरूक

## कुल्लू अस्पताल में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर कर्मियों को दी जानकारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत अस्पताल में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को स्थापना दिवस के बारे में भी जानकारी दी गई। वहीं, सीएमओ कुल्लू डॉक्टर नागराज पवार इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। डॉ. नागराज पवार ने बताया कि हर साल 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।

यह दिन व्यक्ति को अच्छे स्वास्थ्य की अहमियत का अहसास करवाता है। इस दिवस को पहली बार साल 1950 में 7 अप्रैल को मनाया गया था परंतु इसकी शुरुआत साल 1948 में हुई थी क्योंकि इसी दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना की गई थी। इस दिन को मनाने का उद्देश्य लोगों को बीमारियों की रोकथाम, सेहतमंद जीवनशैली और सभी के लिए स्वास्थ्य सुविधा के बारे में जागरूक करना है।



उन्होंने बताया कि हर साल वर्ल्ड हेल्थ डे को मनाने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन एक खास थीम निर्धारित करता है। यह थीम उस समय की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होता है कि सभी लोगों को चाहे वह किसी भी देश, जाति, धर्म या आर्थिक वर्ग से हो उसे स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार मिले।

इस साल विश्व स्वास्थ्य दिवस 2025 की थीम- 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' रखी गई है। यह थीम माताओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य प्रेगनेंसी, डिलीवरी और पोस्टपार्टम केयर के समय उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं की जरूरतों पर जोर देना है।

# लोकगायक कुशल के नाम रही दुर्गाष्टमी रामनवमी मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या





अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

पतलीकूहल दुर्गाअष्टमी रामनवमी मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में प्रसिद्ध लोकगायक कुशल वर्मा कर नाम रही। वहीं, लोकगायिका सुनीता भारद्वाज ने भी खूब धमाल मचाया। दोनों ही कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक दमदार प्रस्तुतियां देकर माहौल जमाया। कुशल वर्मा ने जहां धाटु झेची रा बना, तेरा बिंदलू, मेरी विमानीय कुलवी और कई प्रसिद्ध फिल्मी गीत गाए, वहीं सुनीता भारद्वाज ने मेरे भेडा रे पाला, दीवानगी, मोहब्बतें, पगले शोरुआ गाने गाकर दर्शकों को खूब नचाया।

संध्या में उमड़े जन सैलाब से मेला ग्राउंड में पैर रखने तक की भी जगह नहीं बची। प्रथम संध्या में पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उनके साथ भाजपा मनाली मंडल अध्यक्ष जोगेंद्र मेहरा, महामंत्री देवेंद्र ठाकुर, राजेंद्र बोध भी उपस्थित रहे।

**दूसरी सांस्कृतिक संध्या में लोकगायक रमेश ठाकुर और रोहिनी डोगरा मचाएंगे धमाल**

आशियां ग्रुप पतलीकूहल के अध्यक्ष संजय अंगरूप और सदस्यों द्वारा गोविंद सिंह ठाकुर मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। पहली सांस्कृतिक संध्या में हलाण 2 पंचायत की प्रधान सीमा देवी, वार्ड सदस्य पूनम, सुनील, सोनम अंगरूप, रामलाल शर्मा, राम सिंह राणा, चंद्र शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। वहीं, दूसरी सांस्कृतिक संध्या में रमेश ठाकुर और रोहिनी डोगरा धमाल मचाएंगे।

**तैयारी** कुल्लू के डीसी ने मनाली में पर्यटन सीजन की बैठक कर तैयारियों के दिए निर्देश

# पर्यटकों को न हो कोई परेशानी, पुख्ता हों इंतजाम : तोरुल

अनंत ज्ञान, मनाली

पर्यटन सीजन-2025 शुरू होने से पूर्व आवश्यक तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को मनाली में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने की। बैठक में सभी विभागों के अधिकारी, सड़क सीमा संगठन तथा राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण के अधिकारी, टैक्सी एसोसियेशन, होटल एसोसियेशन तथा विभिन्न हितधारकों ने भाग लिया। उपायुक्त ने इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर बोर्डिंग- डीबोर्डिंग प्वाइंट चिन्हित कर समुचित रूप से स्थापित करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने भूतनाथ पुल के समीप वोल्वो बस स्टैंड तथा उसके ऊपर से फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए भी निर्देश दिए, ताकि पैदल चलने वाले यात्रियों के लिए सुविधा हो सके।

**यातायात प्रबंधन को पुख्ता करने के भी निर्देश :** उपायुक्त ने रोहतांग, सोलंग, मढी तथा मनाली शहर में यातायात प्रबंधन को पुख्ता करने के भी निर्देश दिए ताकि आगामी पर्यटन सीजन में पर्यटकों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि पर्यटन सीजन के दौरान यातायात को सुचारु व सुव्यवस्थित करने के लिए पूरे इतंजाम करें। सनद रहे कि हर वर्ष जिला प्रशासन के लिए चुनौतिपूर्ण बनी ट्रेफिक समस्या से निपटने के लिए नए-नए तौर-तरीके सुझाए जाते हैं, लेकिन कोई पुख्ता हल नहीं निकल पाता है। डीसी ने कहा पर्यटकों को पर्यटन सीजन में किसी भी तरह की यातायात संबंधी दिक्कत पेश आए इसके लिए उचित इंतज़ाम किये जाएं। उपायुक्त ने सीमा सड़क संगठन के 38 बीआरटीएफ को सड़क से बर्फ हटाने के निर्देश दिए।

**मढ़ी व रोहतांग में स्थापित करें मोबाइल टॉयलेट :** उपायुक्त ने रोहतांग में पार्किंग की सुविधा तथा रोहतांग पास को पर्यटकों के लिए खोलने, विभिन्न स्थानों पर मोबाइल टॉयलेट स्थापित करने तथा उनमें पानी की सुविधा प्रदान करने, गुलाबा तथा मढी बैरियर पर बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने, राष्ट्रीय राजमार्ग पर संकेतक स्थापित करने, पर्यटन विकास काउंसिल क्षेत्र में स्वच्छता सुनिश्चित करने, हामटा सड़क पर यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।



### रोहतांग सड़क मरम्मत के चलते सप्ताहांत रहेगी बंद

उपायुक्त ने रोहतांग पास सड़क का मरम्मत कार्य के लिए सप्ताहांत पर सड़क बंद रखने के भी निर्देश दिए ताकि मरम्मत कार्य को तीव्रता के साथ गति प्रदान कर पूर्ण किया जा सके। वहीं, बाहंग में सीमा सड़क संगठन के केफेटेरिया तथा नेहरू कुंड पुल के पास मनोरम कार्य में तेजी लाने व राष्ट्रीय राजमार्ग पर पतलीकूहल से मनाली के बीच क्षतिग्रस्त सड़क पर भी मरम्मत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट रांगड़ी की ली जानकारी

उपायुक्त ने रांगड़ी स्थित अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट के संबंध में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने मनाली तथा उसके आसपास के क्षेत्र में गैर कानूनी रूप से व्यापार कर रहे वेंडर्स पर भी नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### मनाली में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने मनाली में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपमंडल स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने उपमंडल स्तर पर सभी विभागों में सरकार द्वारा चलाई जा रही फ्लैगशिप स्कीमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों के जनहित कार्य योजनाओं के प्रत्येक लाभार्थी तक नियत समय में पहुंचने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी रमन शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# नदारद रहने वाले गुरिल्ला सदस्यों को 20 अप्रैल तक का अल्टीमेटम



एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन की मासिक बैठक का आयोजन किया गया।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला मुख्यालय ढालपुर में सोमवार को एसएसबी प्रशिक्षित गुरिल्ला संगठन की मासिक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की अध्यक्षता महिला अध्यक्ष धनवंती ठाकुर ने की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य उच्च न्यायालय में चल रहे मामले की सूची को अंतिम रूप देना रहा, लेकिन कुछ सदस्यों के नदारद रहने से सूची फाइनल नहीं हो पाई। ऐसे में नदारद रहने वालों को 20 अप्रैल तक का अल्टीमेटम दिया गया है।

इस मौके पर अखिल भारतीय गुरिल्ला संगठन के चेयरमैन प्रीतम सिंह ठाकुर ने कहा कि बैठक में नदारद रहने वाले गुरिल्ला स्वयं सेवी सुनिश्चित करें की उन्हें उच्च न्यायालय दिल्ली में चल रहे मामले का हिस्सा रहना है या नहीं। अगर वे मामला का हिस्सा रहने चाहते हैं, तो 20 अप्रैल तक सूची में अपना नाम दर्ज करवा दें। ऐसा न करने पर उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कुछ स्वयं-भू नेता अलग से याचिका लगा रहे हैं, जो गुरिल्लाओं के हक में नहीं है। उन्होंने स्वयं-भू नेताओं से ऐसा न करने का आग्रह किया है, ताकि गुरिल्लाओं के मामले में आपत्ति लगने से नुकसान हो सकता है। उन्होंने गुरिल्लाओं से अपील की है कि वे स्वयं-भू नेताओं के झांसे में न आए और संयम से काम लें। इस दौरान आंगमो देवी, अनूप राम, राम सिंह, मनसुख, पन्ना लाल, राम प्रकाश, सोभा राम, भुवनेश्वरी, दीप लता, वीन देवी आदि उपस्थित रहे।

## सृष्टि चौहान ने पास की एनएमएमएस परीक्षा



**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सनियोंदीदग की छात्रा सृष्टि चौहान ने एनएमएमएस योजना के तहत सिरमौर जिले में पांचवा स्थान प्राप्त कर अपने परिवार मे यह छात्रवृति प्राप्त करने वाली तीसरी बेटी बनी। इससे पूर्व दो बच्चों को पहले ही यह छात्रवृति मिल रही है। जेलग गांव की सुरेखा व अरुण चौहान की बेटी सृष्टि चौहान अपने विद्यालय से एक मात्र छात्रा रही। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्याम सिंह ने सृष्टि को बधाई दी है।

## भाजपा का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन आज

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** भारतीय जनता पार्टी अर्की मंडल के महासचिव यशपाल कश्यप ने बताया कि भाजपा अर्की मंडल, जयनगर मंडल व दाड़ला मंडल का सक्रिय सदस्यता सम्मेलन 8 अप्रैल को दाड़ला झरना में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में विशेष रूप से प्रदेश के पूर्व ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी, जिला भाजपा के अध्यक्ष रतन सिंह पाल व पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा भी भाग लेंगे।

## इटरनल विवि में लगा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन



**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** बड़ू साहिब स्थित इटरनल विश्वविद्यालय में 'भारत के सामाजिक-आर्थिक विकास में शोध की भूमिका' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में शिक्षा, नवाचार, उद्यमिता, पर्यावरणीय, सामाजिक और शासन पहल, वित्तीय समावेशन और ग्रामीण विकास जैसे विविध क्षेत्रों पर केंद्रित 10 तकनीकी सत्र आयोजित किए गए, जिसमें देश-विदेश से आए प्रख्यात शोधकर्ताओं, प्रोफेसरों, नीति निर्माताओं और युवा नवाचार वक्ताओं ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में कई गणमान्य विद्वानों ने अपने विचार रखे। इसके बाद 'भारत की शिक्षा प्रणाली में अनुसंधान और नवाचार की भूमिका' विषय पर पहला तकनीकी सत्र आयोजित हुआ। समापन सत्र में श्रेष्ठ शोधपत्रों को पुरस्कार वितरित किए गए और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस सफल आयोजन के लिए इटरनल यूनिवर्सिटी के कुलपति आयोजन समिति, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी।

## सोलन में तेंदुए की दहशत से सहमे लोग

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन के वार्ड -12 में तेंदुए दिखने से लोगों के होश उड़ गए। शहर के सन्नी साइड में सोमवार दोपहर को एक पेड़ पर तेंदुआ होने खबर से लोग सहम गए और घरों में दुबकने को मजबूर हुए। शहर के वार्ड क्षेत्र में तेंदुए होने से लोगों को घर से बहार निकलने में डर लग रहा है, साथ ही स्कूली बच्चों को भी तेंदुए के हमले का डर सताने लगा है। इससे पहले पिछली रात को सोलन के साथ लगते नागाली में भी तेंदुआ देखा गया। डीएफओ सोलन एचके गुप्ता ने बताया कि तेंदुए को पकड़ने की पूरी कोशिश की जा रही है तथा सर्च अभियान जारी है। यदि किसी को तेंदुआ दिखे तो तुरंत वन विभाग को सूचित करें।

## जिला प्रतियोगिता के लिए 25 खिलाड़ी चयनित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पांवटा साहिब में जिला सिरमौर महिला क्रिकेट टीम के चयन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस चयन प्रक्रिया का आयोजन जिला सिरमौर क्रिकेट संघ द्वारा किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आई कुल 35 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद वरिष्ठ कोच मोहन प्रकाश शर्मा और सतनाम सिंह की देखरेख में खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन कर 25 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन किया गया। इन खिलाड़ियों का चयन उनके बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण कौशल के आधार पर किया गया। महासचिव राजेन्द्र बब्बी ने जानकारी दी कि चयनित खिलाड़ियों के लिए 1 मई से 10 मई तक 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर विद्यालय के मैदान में ही आयोजित होगा, जिसमें कोच गोपाल सिंघटा खिलाड़ियों को क्रिकेट की रणनीतियों और तकनीकों का गहन प्रशिक्षण देंगे, जिससे वे आगामी प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें।

## विधायक को बताई पानी की समस्या



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** रौड़ी पंचायत के महिला मंडल बागा का प्रतिनिधिमंडल विधायक संजय अवस्थी से रौड़ी पंचायत की पंचायत सदस्य बागा मीना कुमारी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने गांव की पुरानी समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा। मीना कुमारी ने बताया कि गांव में पानी की कमी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा गांव के लोगों के लिए एक साझा स्थान बनाने के लिए सामुदायिक भवन के निर्माण से गांव के लोगों को एक साझा स्थान मिलेगा, जहां वे सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकेंगे। अधूरे पड़े सड़क निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए नौणी बागा सड़क के निर्माण से गांव के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और गांव का विकास होगा। अवस्थी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इन सभी कार्यों को शुरू करने के लिए संबंधित विभागों को आदेश जारी किए जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने गांव बागा महिला मंडल के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए दो लाख और सामान खरीदने के लिए ग्यारह हजार की राशि देने की घोषणा की।

### मेयर उषा शर्मा ने नगर निगम के लिए पेश किया 214 करोड़ का बजट, अनुमानित आय-व्यय के बाद दिखाया 9 करोड़ का घाटा

# सोलन नहीं रहेगा प्यासा, 8 करोड़ से बिछेंगी नई लाइनें



वित्त वर्ष 2025 -26 के लिए नगर निगम का बजट पेश करतीं मेयर उषा शर्मा।

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन ने वित्त वर्ष 2025 -26 के लिए 214 करोड़ का बजट पेश किया। मेयर उषा शर्मा का यह दूसरा बजट था। निगम का पिछला बजट 208 करोड़ पेश हुआ था, ऐसे में इस बार बजट में 7 करोड़ का इजाफा किया गया है। बजट का पूर्व डिप्टी मेयर राजीव कौड़ा ने अनुमोदन किया, जबकि पूर्व मेयर पूनम ग्रोवर ने इसका समर्थन किया।

आयुक्त एकता कापटा ने बजट सत्र की कार्यवाही का आगाज करते ही मेयर उषा शर्मा ने वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया। बजट में करीब 205 करोड़ की प्रस्तावित आय और करीब 214 करोड़ के व्यय दर्शाए गए। कुल मिलाकर बजट में करीब 9 करोड़ का घाटा दर्शाया गया। बजट भाषण समाप्त होते ही भाजपा पार्षदों ने मेयर को घेरते हुए इससे कॉपी पेस्ट बजट करार दिया। इसमें शहर के विकास के लिए योजनाएं बनाई गई हैं, जबकि निगम का यह अंतिम बजट है। पार्षद शैलेंद्र गुप्ता ने निगम को कटघरे में खड़ा करते हुए सरकार की तरफ से पानी की दरों में की गई चार गुना बढ़ोतरी को न घटाए जाने पर सवाल उठाए। पानी की दरें बढ़ने से निगम पर हर महीने जलशक्ति विभाग की 1 करोड़ की देनदारी बढ़ रही है।

मेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने दरों को कम करने का आश्वासन दिया है, जबकि निगम ने उपभोक्ताओं से पिछली दरों से ही बिल लेने का निर्णय लिया है। इससे पहले मेयर ने कहा कि वित्त वर्ष में शहर की पेयजल वितरण प्रणाली के लिए नया नेटवर्क और नए स्टोरेज टैंक का निर्माण होगा। इसके लिए करीब 8 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसी तरह शहर में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए सलोगड़ा में माइक्रो कंपोस्ट यूनिट का लगाने का प्रस्ताव है। शहर के सौंदर्यीकरण हेतु सामाजिक सहभागिता से बैंक, निजी संस्थानों, व्यवसायी वर्ग के सहयोग से पार्कों का जीर्णोद्धार होगा। इस कड़ी में चिल्ड्रन पार्क में एसबीआई की मदद से बैंच और रेलिंग लगाई गई है। इसी तरह सपरून में प्रस्तावित शहीद पार्क के निर्माण को शुरू करने के लिए 20 लाख रुपए की राशि मंजूर की गई।

### फुटपाथ के लिए बनी 10 करोड़ की डीपीआर

**मेयर** ने कहा कि निगम ने पुराने डीसी ऑफिस से शामती तक फुटपाथ निर्माण को करीब 10 करोड़ की डीपीआर बनाई है, जिससे मंजूरी के लिए सरकार को भेजा गया है। इसी तरह शहर के सार्वजनिक जगहों पर हाईमास्ट लाइट लगाने हेतु 25 लाख का प्रावधान किया गया है।

**ये रहे मौजूद:** हाउस में संयुक्त आयुक्त बिमला वर्मा सहित मनीष सोपाल, सुषमा शर्मा, रजनी बाला, संगीता ठाकुर, पूनम ग्रोवर, राजीव कौड़ा, शैलेंद्र गुप्ता, पूजा, ईशा सूद पराशर, संतोष ठाकुर, सीमा कुमारी, सरदार सिंह ठाकुर सहित मनोनीत पार्षद रजत थापा, गुरप्रीत और विजय ठाकुर मौजूद रहे।

### ई-संपत्ति बिल से जमा हुआ 7.18 करोड़ प्रॉपर्टी टैक्स

**उन्होंने** कहा कि निगम ने ई-संपत्ति के तहत प्रॉपर्टी टैक्स के ऑनलाइन बिल की सफल शुरुआत की है, जिससे 2022 से अब तक 10 करोड़ में से 7.18 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हो चुकी है।

### पार्किंग के लिए 4 करोड़ का प्रावधान

**बजट** में नगर निगम परिधि में पार्किंग निर्माण के प्रावधान के अलावा अग्निशमन सेवा केंद्र के नजदीक करीब 150 गाड़ियां पार्क करने की क्षमता की पार्किंग, निगम कार्यालय के प्रांगण में 4 करोड़ रुपए की लागत से पार्किंग का निर्माण, ओल्ड बस स्टैंड में सेना से जमीन का कब्जा लेकर पार्किंग निर्माण की योजना, प्रत्येक वार्ड में उपयुक्त स्थान मिलने पर पार्किंग का निर्माण, फोरलेन से सटे से वार्डों में निगम की तरफ से स्ट्रीट लाइटस लगाई जाएंगी।

### शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के होंगे प्रयास

**नगर** निगम ने शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के उद्देश्य से लोगों की जागरूकता के लिए स्वच्छ शहर समृद्ध शहर मुहिम के तहत प्रत्येक नागरिक को नगर निगम का सहयोग करना होगा कि कूड़े को खुले में नहीं फेंकेंगे। गीला और सूखा कूड़ा अलग-अलग देंगे और जल संरक्षण करेंगे। इसी तरह अपने घरों व सर्पाटियों का निर्माण नियम अनुसार करने की पहल करवाने की बात कही गई ताकि शहर में अवैध निर्माण पर रोक लगाई जा सके।

### मेयर का बजट शहर के संपूर्ण विकास के लिए अच्छा

**मेयर** उषा शर्मा ने शहर के विकास के लिए सभी वार्डों को 50-50 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने बजट को शहर के हित में बताया लेकिन वहीं पार्षद इस बजट को पुराने बजट का कॉपी-पेस्ट बता रहे हैं और आनन-फानन में जारी किया बजट बता रहे हैं। मेयर के मुताबिक बजट में शहर के विकास और सौंदर्यीकरण को लेकर काफी कुछ दिया है। 17 वार्डों में एक जैसा विकास करने की बात हुई है। वार्डों में सड़कों, रास्ते, नालों के मरम्मत और निर्माण कार्य के लिए 8.5 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

## नेगी ने बस सेवा को दिखाई हरी झंडी



**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने जनजातीय जिला किन्नौर के प्रवास के दौरान जिला के प्रवेश द्वार चौरा से रूपी गांव के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा आरंभ की गई चौरा-रुपी बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जगत सिंह नेगी ने बताया कि राज्य सरकार दुर्गम एवं दुरस्त क्षेत्रों में विकास को प्राथमिकता दे रही है और जनजातीय जिला किन्नौर में समान विकास बिना किसी राजनीतिक द्वेष से पूर्ण किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि जिला में संपर्क सड़कों को मुख्य सड़क से जोड़ने का कार्य लगभग पूर्ण होने वाला है तथा कंडों को संपर्क सड़कों से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। इस अवसर पर उपमण्डलाधिकारी निचार नारायण सिंह चौहान, उपपुलिस अधीक्षक भावानगर राजकुमार, अधिशाषी अभियंता लोनिवि आनंद शर्मा, खंड विकास अधिकारी कल्पा प्यारे लाल नेगी, निचार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बीर सिंह नेगी, कांग्रेस पार्टी के अधिवक्ता निर्मल चंद्र नेगी, पंचायत समिति सदस्य मंगला नेगी, रूपी पंचायत के प्रधान रामेश्वर नेगी सहित अन्य उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# हेड कांस्टेबल कैथल थाना में चल रहा था गैरहाजिर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हरियाणा पुलिस में कार्यरत कैथल के सीवन थाना में तैनात एक हेड कांस्टेबल को हिमाचल प्रदेश के सोलन में पुलिस ने नशा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया था। इस दौरान आरोपी के कब्जे से 157 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी।

हालांकि अभी तक यह पता नहीं लग पाया है कि वह नशा किस उद्देश्य से वहां लेकर गया। स्थानीय पुलिस का कहना है कि हिमाचल पुलिस ने सोलन सदर थाना में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पकड़े गए हेड कांस्टेबल की पहचान गांव बड़ी सीकरी निवासी प्रदीप के रूप में हुई है, जो इस समय सीवन थाना में मुख्य सिपाही है और इस थाने से गैरहाजिर चल रहा है। एएसपी सोलन राजकुमार चंदेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सोलन के दोहरी दीवाल दो व्यक्ति घूम रहे हैं। इनमें से एक व्यक्ति ने खाकी वर्दी पहन रखी है जो कि कोई नशीली वस्तु बेचने की फिराक में है, जिस पर सदर सोलन की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाईकरते हुए उक्त दोनों युवकों, जिनके नाम प्रदीप कुमार निवासी तहसील कलायत जिला कैथल हरियाणा उम्र 40 वर्ष व मोहित पुत्र सुशील कुमार निवासी डाकखाना व तहसी कलायत जिला कैथल हरियाणा उम्र 21 वर्ष मालूम हुए, को काबू करके कुल 157 ग्राम चिट्टा / हेरोइन सहित गिरफ्तार किया गया।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते एएसपी।

**हरियाणा पुलिस में कार्यरत हेड कांस्टेबल 157 ग्राम हेरोइन के साथ हुआ था गिरफ्तार**

बता दें कि हेड कांस्टेबल प्रदीप पहले हरियाणा आर्म्ड पुलिस में मधुबन में ट्रेनिंग ले रहा था। इसके बाद करीब 6 महीने पहले उसकी पोस्टिंग कैथल के सीवन थाना में हेड कांस्टेबल के पद पर हुई, तब से वह यहीं पर कार्यरत था। 1 अप्रैल से वह थाने में बिना सूचित के ही बिना बताए चला गया। हालांकि पुलिस ने उससे संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसके बारे में जानकारी नहीं मिली और वह अभी तक गैर हाजिर ही चल रहा है।

### हरियाणा पुलिस भी करेगी कार्रवाई

**इस** संबंध में सीवन थाना एसएचओ कुलदीप कुमार ने बताया कि उनके पास सूचना आई है कि प्रदीप के खिलाफ हिमाचल के सोलन में सदर थाना में नशा तस्करी का केस दर्ज हुआ है। इस संबंध में स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाएगी। वहां की पुलिस मामले की जांच कर रही है। कैथल में सीवन थाना में उक्त कर्मचारी की गैरहाजिरी लगाई गई है।

# भारत विकास परिषद की पांवटा शाखा चुनी प्रांतीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**



पांवटा साहिब के एवीएन रिसोर्ट में आयोजित भारत विकास परिषद की प्रांतीय बैठक में भारत विकास परिषद की शाखा पांवटा साहिब द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के आधार पर सर्वश्रेष्ठ शाखा घोषित किया गया। बैठक में मंचासीन क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव सोमनाथ शर्मा एवं क्षेत्रीय संपर्क संयोजक वीरेंद्र सहगल ने शाखा अध्यक्ष अनिल सैनी और नीरज बंसल के साथ दीप प्रज्वलित किया।

बैठक की मेजबानी करते हुए भारत विकास परिषद पांवटा साहिब के अध्यक्ष अनिल सैनी ने सभी का स्वागत और अभिनंदन किया। इसके पश्चात अशोक टंडन ने प्रांतीय कार्यकारिणी के कार्य पर प्रकाश डाला और नई कार्यकारिणी के चयन हेतु क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव सोमनाथ शर्मा को आमंत्रित किया।

इस अवसर पर सोमनाथ शर्मा ने अशोक टंडन को प्रांतीय अध्यक्ष, नरेंद्र खट्टर को प्रांतीय महासचिव, नीरज गोयल को प्रांतीय वित्त सचिव, सत्यम शर्मा और रमेश चोपड़ा को प्रांतीय उपाध्यक्ष, रामायण चौधरी को संपर्क संयोजक, दीप राम आर्य को सेवा संयोजक, दिनेश गोयल को संस्कार संयोजक, ओंकार जमवाल को संगठन संयोजक, डॉ. मुकेश प्रभाकर को पर्यावरण संयोजक और डॉ. भूपेश धीमान को प्रांतीय महिला सहभागिता के लिए चयनित किया। सभी नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्यों को प्रांतीय स्तर पर शपथ समारोह के माध्यम से दायित्व ग्रहण कार्यक्रम सुनिश्चित किया गया, वहीं विभिन्न शाखाओं के चयनित निर्वाचित प्रतिनिधियों को भी शपथ डिकर दायित्व ग्रहण प्रदान किया गया। सोमनाथ शर्मा ने सेवा सहयोग के माध्यम से स्वस्थ, संस्कारित और समृद्ध भारत बनाने के लिए सभी सदस्यों को प्रेरित किया।

इस दौरान नवनियुक्त प्रांतीय वित्त सचिव नीरज गोयल, प्रांतीय महासचिव नरेंद्र खट्टर और अध्यक्ष अशोक टंडन ने चयन के लिए धन्यवाद करते हुए अपने प्राथमिक उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में भारत विकास परिषद शाखा पांवटा साहिब के महासचिव नीरज उदवानी ने सभी का धन्यवाद किया।

## वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** जनजातीय जिला किन्नौर के अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कार्यालय पूह के सम्मेलन कक्ष में वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत तहसील पूह व उपतहसील हंगरंग के अंतर्गत आने वाली पंचायतों के प्रधानों, उपप्रधानों, पंचायत सचिवों व संबंधित पंचायतों के एफआरसी प्रधान, उपप्रधान व राजस्व तथा वन-विभाग के कर्मचारियों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला/जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस जागरूकता शिविर में विभिन्न पंचायतों के लगभग 100 जन-प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यशाला में कार्यकारी अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी पूह डॉ. मेजर शशांक गुप्ता तथा उपमंडलाधिकारी निचार नारायण सिंह चौहान ने वन अधिकार अधिनियम की बारीकियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर लोगों के विभिन्न संशयों को भी दूर किया गया तथा पंचायत जनप्रतिनिधियों से वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत पात्र लोगों को लाभान्वित करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित अन्य उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## उचित मूल्य की दुकानों के लिए 17 तक ऑनलाइन माध्यम से मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सोलन श्रवण कुमार हिमालयन ने कहा कि विकास खंड सोलन की पड़ग पंचायत के गाव पड़ग, विकास खंड कुनिहार की बागा पंचायत के गांव टोरटी निकट टोरटी मंदिर, वार्ड नंबर 3 तथा कोटलू पंचायत के गांव कोटलू, विकास खंड नालागढ़ की बारियां पंचायत के गांव महुआ, बायला पंचायत के गांव बायला तथा बहेड़ी पंचायत के गांव गुनाहखुर्द और विकास खंड धर्मपुर की जाबली पंचायत के गांव राजड़ी के वार्ड नंबर 5 में उचित मूल्य की दुकान खोलने के लिए इच्छुक व्यक्ति व संस्थाएं उपरोक्त स्थान पर नई उचित मूल्य की दुकान खोलने के लिए ऑनलाइन माध्यम से वांछित सूचना व अन्य दस्तावेज वेबसाइट ईएमईआरजीआईएनजीएच आईएमएसीएचएएलडॉटएचपीडॉटजीओवीडॉटआईएन (**emerginghimachal.hp.gov.in**) पर अपलोड कर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन वेबसाइट पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उचित मूल्य की दुकान खोलने के लिए अधिक जानकारी के लिए वांछित औपचारिकताओं के सम्बन्ध में इच्छुक व्यक्ति व संस्थान किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय आकर या कार्यालय दूरभाष नंबर 01792-224114 पर संपर्क कर सकते हैं।

# महिला वर्ग में इवांका और पुरुष वर्ग में रजनीश बने विजेता

**अनंत ज्ञान, सोलन**

बेंगलुरु में रहने वाले हिमाचली लोगों की संस्था हिमाचली इन बेंगलुरु कम्युनिटी की ओर से आपसी प्रेम व भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहले बैडमिंटन टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया गया। इसमें बेंगलुरु में रहने वाले 40 खिलाड़ियों ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और कुल 70 मुकाबले हुए।

हिमाचली इन बेंगलुरु कम्युनिटी सिर्फ खेल ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और रचनात्मक आयोजनों के माध्यम से लगातार यह प्रयास कर रही है कि बेंगलुरु जैसे महानगर में हिमाचलियों को एकजुट रखा जाए और अपनी संस्कृति से जोड़े रखा जाए। इस टूर्नामेंट के अंत में हिमाचली इन बेंगलुरु कम्युनिटी के संस्थापक दिनेश राणा, सनी शर्मा और अश्वनी शर्मा ने आयोजन समिति के सदस्यों आशीष कालिया, मनदीप सिंह और विनीत भारद्वाज के साथ मिलकर सभी विजेताओं को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए।



बेंगलुरु में हिमाचली इन बेंगलुरु कम्युनिटी ने किया बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन।

महिला एकल वर्ग में इवांका रजनीश राणा विजेता और आशिमा कटोच उपविजेता बनी। मिश्रित युगल मुकाबले में इवांका व रजनीश राणा की जोड़ी पहले, जबकि अंशु प्रिया व ईशांत की जोड़ी दूसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार पुरुष युगल मुकाबले में अरुण कुमार व सोनू की जोड़ी पहले और सुनील चौहान व विवेक कुमार की जोड़ी दूसरे स्थान पर रही। पुरुष एकल मुकाबले में रजनीश राणा विजेता और विजय राणा उपविजेता बने। सेमी फाइनलिस्ट का खिताब ऋषभ शर्मा व सुनील चौहान को दिया गया।

# शूलिनी विवि में खाद्य स्टालों और रचनात्मक पोस्टरों के साथ मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**अनंत ज्ञान, सोलन**



शूलिनी विवि में जैव अभियांत्रिकी और खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग ने विश्व स्वास्थ्य दिवस को बड़े उत्साह के साथ मनाया। समारोह के हिस्से के रूप में दो आकर्षक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनमें स्वस्थ भोजन के स्टॉल और एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्र समूहों द्वारा लगाए गए स्वस्थ भोजन के स्टॉल थे। खाद्य स्टालों को चार प्रमुख मानदंडों पर आंका गया, पोषण मूल्य, नवाचार और रचनात्मकता, प्रस्तुति और स्वच्छता, और स्वाद और अपील। 'वन ग्रुप' नामक खाद्य स्टाल ने अपने अनूठे शून्य-अपशिष्ट थीम वाले सेटअप के लिए पहला पुरस्कार जीता। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में, छात्रों ने हस्तनिर्मित पोस्टर के माध्यम से 'बेहतर भविष्य के लिए स्वस्थ जीवन' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में पोषण परामर्श स्टॉल भी शामिल थे, जहां छात्रों और संकाय सदस्यों ने स्वस्थ और संतुलित आहार बनाए रखने के बारे में बहुमूल्य सुझाव साझा किए।

## प्रशिक्षक बनने के लिए 15 अप्रैल तक करवाएं पंजीकरण : मीनू बारिया

**अनंत ज्ञान, सोलन।** यूको आरसेटी सोलन तथा आरसेटी राज्य नियंत्रक द्वारा भावी प्रशिक्षकों को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में कौशल प्रशिक्षक प्रमाणन कार्यक्रम के लिए 15 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है। यह जानकारी यूको ग्रामीण स्वरोज़गार प्रशिक्षण संस्थान सोलन की निदेशक मीनू बारिया ने दी। मीनू बारिया ने कहा कि डेयरी फार्मिंग और वर्मी कंपोस्ट बनाना, कृषि उद्यमी, औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती, सब्जी नर्सरी प्रबंधन और खेती, वाणिज्यिक बागवानी, पॉली हाउस और शेड नेट खेती, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, घर पर बना अगरबत्ती निर्माता, मुलायम खिलौने निर्माता एवं विक्रेता, जूट उत्पाद उद्यमी, वस्त्र चित्रकला उद्यमी (कढ़ाई और कपड़ा पेंटिंग), पोशाक आभूषण उद्यमी, मोमबत्ती बनाना, पापड़, आचार और मसाला पाउडर बनाना, महिला दर्जी, फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी, बांस एवं बेंत शिल्प बनाना, ब्यूटी पार्लर प्रबंधन, कंप्यूटरीकृत लेखा, एलएमवी मालिक चालक तथा दुकानदार प्रशिक्षण एवं प्रामणिकरण के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इच्छुक प्रतिभागी यूको आरसेटी के कार्यालय, समीप ज़िला कल्याण भवन (पुराना बस अड्डा से चंबाघाट मार्ग पर स्थित) में 15 अप्रैल तक अपना पंजीकरण करवा सकते है। उन्होंने कहा कि प्रमाणिकरण के लिए पात्र शैक्षणिक योग्यता तथा 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। मीनू बारिया ने कहा कि अधिक जानकारी के लिए ओवदक कार्यालय दूरभाष नंबर 01792-227936 तथा मो. नंबर 94592-60183, 94592-49459, 98171-54585 तथा निदेशक यूको आरसेटी के मोबाइल नम्बर 89884-39397 तथा ईमेल आईडी एसओएलएनडॉट आरएसईटीआईएटदरेटजीमेलडॉटकॉम(**solan.rseti @ gmail.com**) पर संपर्क कर सकते हैं।

**आयोजन** | तीन दिवसीय मां मनसा देवी मेले के समापन पर बोले राजेश धर्माणी–मेले, उत्सव एवं त्योहार हमारी सभ्यता के परिचायक

# अंतिम संध्या में दलीप सिरमौरी और संधू ने लगाया पहाड़ी–पंजाबी तड़का

**अनंत ज्ञान, सोलन**

नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा तथा व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि मेले, उत्सव एवं त्योहार हमारी सभ्यता के परिचायक हैं। राजेश धर्माणी सोलन के धर्मपुर में तीन दिवसीय जिला स्तरीय माता मनसा देवी मेले के समापन समारोह को जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।राजेश धर्माणी ने इससे पूर्व माता मनसा देवी मंदिर में पूजा–अर्चना की और सभी के सुख, स्वास्थ्य एवं समृद्धि की कामना की।





मेले के समापन पर सांस्कृतिक संध्या प्रस्तुत करते कलाकार, जिन्होंने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

उन्होंने कहा कि मेले, त्योहर व उत्सवों से लोगों के मध्य भाईचारा व मेल–जोल बढ़ता है। उन्होंने कहा कि मेले युवा पीढ़ी को हमारी पुरातन संस्कृति, परंम्पराओं व सभ्यता से रू–ब–रू करवाते हैं। मेलों व उत्सवों में व्यापारिक गतिविधियां भी बढ़ती हैं जिससे क्षेत्र की आर्थिकी को मजबूती मिलती है।

धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याणार्थ विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद भी प्रदेश के विकास में कोई कमी नहीं आने दी जा रही है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं, नीतियां व कार्यक्रम आरंभ कर राज्य के अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाया जा रहा है।

नगर नियोजन मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदेश को 'ग्रीन एनर्जी स्टेट' के रूप में विकसित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राइवेट बस, ट्रक ऑपरेटरों को ई–बस तथा ई–ट्रक क्रय करने के लिए 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है ताकि हिमाचल प्रदेश को हरित राज्य के रूप में विकसित किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पेड़–पौधों की संख्या और अधिक बढ़ाने के लिए महिला मंडल तथा युवक मंडल की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है ताकि ग्राम स्तर तक वन संरक्षण का कार्य हो सके।

राजेश धर्माणी ने कहा कि किसानों, बागवानों व पशुपालकों की आर्थिकी सुदृढ़ करने के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न कार्य कर रही है।

कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने सभी को माता मनसा देवी मेला व नवरात्रों की शुभाकामनाएं दी और सभी के सुखी जीवन की कामना की। इस अवसर पर पहाड़ी कलाकार दलीप सिरमौरी तथा पंजाबी कलाकार जोवन संधू सहित अन्य स्थानीय कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनको दर्शकों ने खूब सराहा।

कृषि उपज विपणन समिति सोलन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर, उपमंडलाधिकारी कसौली महेंद्र प्रताप सिंह, हिमाचल शहरी विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता सुरेंद्र वशिष्ठ, तहसीलदार कसौली जगपाल सिंह, महेश गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### 9 और 10 अप्रैल को जलापूर्ति होगी कम

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पीएसपीसीएल खरड़ द्वारा 220 केवी सब-स्टेशन खरड़ के अर्द्धवार्षिक रखरखाव और वाटर वर्क्स कजौली से वाटर वर्क्स सेक्टर 39, चंडीगढ़ तक 1200 मिमी व्यास वाली पीएससी पाइप लाइन फेज-3 में विभिन्न बिंदुओं पर लीकेज को रोकने के कारण, सक्षम प्राधिकारी द्वारा दो दिनों के लिए यानी 9 और 10 अप्रैल तक शटडाउन की अनुमति दी गई है। इस शटडाउन के दौरान 9 अप्रैल को प्रातः 9 से सायं 5 बजे तक वाटर वर्क्स कजौली फेज-1 से दो तक कच्चे पानी की पंपिंग नहीं की जाएगी और 9 से 10 अप्रैल तक फेज-3 से कच्चे पानी की पंपिंग नहीं की जाएगी।

### हरियाणाः 9वीं व 10वीं कक्षा में अब होंगे सात विषय

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा में 9वीं व 10वीं के विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में बड़ा बदलाव किया गया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी ने मान्यता प्राप्त सभी सरकारी व गैर-सरकारी स्कूलों में कक्षा 9वीं व 10वीं में त्रिभाषाई फार्मूला लागू कर दिया है। ऐसे में अब छात्रों को संस्कृत, पंजाबी और उर्दू में एक विषय पढ़ना अनिवार्य होगा। वे तीनों में से एक विषय अपनी इच्छा के अनुसार ले सकते हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत अब कक्षा 9वीं व 10वीं के विद्यार्थियों को छह अनिवार्य और एक वैकल्पिक विषय सहित सात विषय पढ़ने होंगे। उन्होंने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा नौवीं व दसवीं में शैक्षिक सत्र 2025-26 व 2026-27 से त्रि-भाषाई फॉर्मूला लागू करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि कक्षा नौवीं में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को पूर्व में लागू दो अनिवार्य भाषा हिंदी व अंग्रेजी के अतिरिक्त तीसरी भाषा के रूप में संस्कृत/उर्दू/पंजाबी में से किसी एक भाषा को अनिवार्य भाषा के रूप में चयन करना आवश्यक होगा। इस प्रकार अब विद्यार्थियों को छह अनिवार्य विषयों एवं एक वैकल्पिक विषय सहित कुल सात विषयों का अध्ययन करना होगा। वहीं, अगले शैक्षिक सत्र 2026-27 से कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को भी एक अतिरिक्त अनिवार्य विषय की पढ़ाई करनी होगी।

### प्रधानमंत्री मोदी 14 अप्रैल को आएंगे हिसार

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हिसार एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं का शुभारंभ करेंगे। पीएम के स्वागत में हिसार में भव्य रैली आयोजित की जाएगी। इसके लिए करीब 30 एकड़ में वाटरप्रूफ टैंट लगाया जा रहा है, जिसमें बैठने वालों के लिए कूलर व पंखे लगाए जाएंगे। मंच को वातानुकूलित बनाया जाएगा। दूसरी ओर एयरपोर्ट परिसर से वन्य प्राणियों को निकालने के लिए नगर निगम की टीम भी सहयोग में उतर रही है। वन्य प्राणी विभाग की टीम ने दो वन्य प्राणी पकड़े हैं। पीएम के आने से पहले 11 अप्रैल को प्रदेश के उड्डयन मंत्री विपुल गोयल हिसार पहुंचेंगे। 11 या 13 को सीएम नायब सिंह सैनी के आने का कार्यक्रम है, जिसमें सीएम खुद पूरे एरिया का निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा करेंगे। हिसार एयरपोर्ट की सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवालों पर सीएम खुद ब्योरा लेंगे। चेयरमैन विपिन कुमार सोमवार दोपहर तक एयरपोर्ट पर पहुंचे। यहां आने के साथ ही अधिकारियों के साथ चल रहे कार्यों की प्रगति को लेकर बैठक ली बैठक में एयरपोर्ट परिसर में आ रही वन्य जीवों की समस्या को लेकर भी विचार विमर्श किया गया कि कैसे जल्द से जल्द परिसर को वन्य जीवों से मुक्त किया जा सके। बैठक में वन्य प्राणी जीव विभाग के आला अधिकारी भी मौजूद रहे।

### पंजाब में बच्चा चोर गिरोह के 9 सदस्य गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, बरनाला। बरनाला पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए बच्चा चोरी के राष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले परिवार के 2 वर्षीय बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने एक महिला समेत नौ लोगों गिरफ्तार किया है। 4 अप्रैल को हुए अपहरण के मामले में पुलिस ने लुधियाना के एक अवैध अस्पताल से बच्चे को बरामद किया। अपहरणकर्ताओं ने बच्चे का सिर मुंडवा दिया था। जांच में पता चला कि आरोपी बच्चे को मध्य प्रदेश में एक तांत्रिक को 2 लाख रुपए में बेचने की योजना बना रहे थे। डीआईजी मनदीप सिंह सिद्धू ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी सहायता से आरोपियों का पता लगाया गया। पुलिस ने लुधियाना के एक डॉक्टर समेत कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के दो सदस्य लुधियाना में हुई 8 करोड़ रुपए की लूट में भी शामिल थे। डीआईजी ने बच्चे को उसके परिवार को सौंपते हुए घोषणा की कि पंजाब पुलिस बच्चे की 10वीं तक की पढ़ाई का खर्च उठाएगी।

### इंडिगो फ्लाइट में महिला की मौत, इमरजेंसी लैंडिंग




**छत्रपति संभाजीनगर।** इंडिगो एयरलाइंस की एक फ्लाइट में सवार 89 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इसके बाद विमान की महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मुंबई-वाराणसी फ्लाइट ने रविवार रात चिकलथाना एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की थी।

### हरिद्वार : केमिकल फैक्टरी में आग, दो की मौत

**हरिद्वार।** बहादराबाद क्षेत्र के इब्राहिमपुर मार्ग स्थित एक केमिकल फैक्टरी में रविवार देररात भीषण आग लग गई, जिसमें फैक्टरी मालिक समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। हरिद्वार के अग्नि सुरक्षा अधिकारी बीरबल सिंह ने बताया कि रात को आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। फैक्टरी में मौजूद रसायनों के कारण आग और भी तेजी से फैलती गई। सुबह करीब 6 बजे आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका।

### मुनव्वर राणा की बेटी सुमैया को नोटिस जारी

**उत्तर प्रदेश।** वक्फ अधिनियम को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच सुप्रीम कोर्ट में अब तक 10 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। उत्तर प्रदेश में विरोध प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई जारी है। समाजवादी पार्टी की प्रवक्ता सुमैया राणा को 10 लाख के निजी मुचलके का नोटिस पुलिस की तरफ से दिया गया है। वक्फ बिल को लेकर मचा घमासान खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है. ये बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों में पास हो चुका है, जिसको राष्ट्रपति की मंजूरी भी मिल चुकी है।

### बसपा नेता दद्दू प्रसाद हुए सपा में शामिल



**उत्तर प्रदेश।** बहुजन समाज पार्टी को बड़ा झटका लगा है। बसपा सरकार में मंत्री रहे दद्दू प्रसाद ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है. उन्होंने अब बसपा को अलविदा कह दिया है. दद्दू प्रसाद, यूपी विधानसभा चुनाव के दौरान मानिकपुर सीट पर सपा का चेहरा हो सकते हैं. प्रसाद यहां से पूर्व विधायक भी रह चुके हैं। लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता में अखिलेश ने कहा कि मैं दद्दू प्रसाद और उनके समर्थकों का स्वागत करता हूं। अखिलेश ने कहा कि सपा में बड़ी संख्या में लोग सदस्यता ले रहे हैं। दद्दू प्रसाद का मैं स्वागत करता हूं और उनके सभी साथियों का स्वागत है।

### मणिपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद



**इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले में प्रतिबंधित कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्ल्यूजी) संगठन के उग्रवादियों के साथ संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने एक उग्रवादी शिविर से हथियार और गोला-बारूद जब्त किए। पुलिस ने बताया कि हीरोक भाग-तीन क्षेत्र में सुरक्षाबल तलाशी अभियान चला रहे थे, तो उग्रवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई के बाद मुठभेड़ हुई और उग्रवादी मौके से फरार हो गए। सुरक्षाबलों ने उग्रवादियों के एक बड़े शिविर का पता लगाया, जहां से हथियार और गोला-बारूद का जखीरा जब्त किया गया।

# पीएम मोदी की नीतियों से 30 करोड़ लोग गरीबी रेखा से निकले बाहर : धामी

## बोले-भविष्य में अपनाई जाने वाली नीतियों का तैयार होगा रोडमैप

**जगदीश शर्मा, देहरादून**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार की नीतियों से बीते एक दशक में देशभर में करीब 30 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल चुके हैं। सोमवार को देहरादून में आयोजित केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दो दिवसीय चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के लिए गौरव का विषय है कि यहां सामाजिक न्याय जैसे महत्वपूर्ण विषय पर राष्ट्रीय स्तर का चिंतन शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह चिंतन शिविर बाबा साहेब अंबेडकर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे मनीषियों के चिंतन का विस्तार भी है। इस शिविर में आजोजित होने वाले संवाद से भविष्य में अपनाई जाने वाली सामाजिक सशक्तिकरण की नीतियों का रोडमैप तैयार होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में आज देश में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र के साथ कार्य किया जा रहा है। इससे पूर्व, चिंतन शिविर में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ वंचित समुदाय तक पहुंचाने में राज्यों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। चिंतन शिविर का उद्देश्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल बनाना ही है।

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति के तुरंत बाद चिंतन शिविर के आयोजन की खास वजह रही है। इस मौके पर केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले ने कहा कि हमारे पास एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। हम वंचित तबके को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते है। (अनंत ज्ञान)

## एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी पर एचएस लक्की ने की मोदी सरकार की निंदा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एचएस लक्की ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 50 रुपए की बढ़ोतरी करके आम आदमी पर एक बार फिर बोझ डालने के लिए मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की है, जिससे घरेलू बजट और भी संकट में आ गया है।

मूल्य वृद्धि को 'क्रूर और अनुचित' बताते हुए, लक्की ने कहा कि मोदी सरकार ने राजस्व सृजन के साधन के रूप में बुनियादी घरेलू जरूरतों का शोषण करना अपनी आदत बना ली है। रसोई गैस में यह 50 रुपये की बढ़ोतरी ऐसे समय में की गई है जब देश भर के परिवार पहले से ही महंगाई और नौकरी छूटने से जूझ रहे हैं। यह शर्मनाक और असंवेदनशील है।

लक्की ने कहा कि अच्छे दिन का वादा कहां है? लोगों को अब आवश्यक चीजों के बीच चयन करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन पर निर्भर महिलाओं और परिवारों को जलाऊ लकड़ी और केरोसिन पर धकेला जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस शोषणकारी शासन के खिलाफ भारत के लोगों के साथ एकजुट है। हम इस मुद्दे को सड़क से लेकर संसद तक उठाएंगे।

## सीएम ने फ्रांस में बसे हरियाणवियों को दी राम नवमी की शुभकामनाएं



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भगवान श्रीराम हमारी संस्कृति, परंपरा और 'भारतीयता' के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें सत्य, धर्म, कर्तव्य और मर्यादा का मार्ग दिखाता है। वे हमारे प्रेरणा के स्रोत हैं।

मुख्यमंत्री ने राम नवमी के अवसर पर फ्रांस के पेरिस में प्रवासी हरियाणवी समुदाय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद किया। यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के विदेश सहयोग विभाग द्वारा आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री ने इस पावन पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि पूरा देश भगवान राम के नाम से गुंजायमान है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक श्रीराम जन्मोत्सव की धूम है। चारों ओर भक्ति का अद्‌भुत वातावरण है। श्रीराम नाम की धुन और भजनों की गूंज हर दिशा में सुनाई दे रही है। केवल भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी करोड़ों श्रद्धालु इस पर्व को उत्साह और उमंग से मना रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राम नवमी हमें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों और जीवन मूल्यों को याद करने का अवसर देती है। भगवान राम से हम यह भी सीखते हैं कि अपने जन्मस्थान से जुड़े रहना चाहिए। उनका जीवन हमें यह सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी कैसे धैर्य रखते हुए सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चला जाए। उनका व्यक्तित्व हमें पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करना सिखाता है। उनके आदर्श हमारे लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी जन्मभूमि अयोध्या हर भारतीय के लिए ऊर्जा का स्रोत है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' का मंत्र भी रामराज्य के आदर्शों को साकार करने का प्रयास है। यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री 14 अप्रैल को हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या के लिए हवाई सेवा का भी उद्‌घाटन करेंगे।

## रक्तदान शिविर में 65 यूनिट रक्त किया एकत्रित



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

रोटरी क्लासिक चंडीगढ़ के सहयोग से सोमवार को सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सेक्टर 28 सी, चंडीगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें इस संस्थान के कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं द्वारा 65 यूनिट रक्तदान किया गया।

गुरप्रीत कौर बबला, मेयर, यूटी, चंडीगढ़ ने रक्तदान शिविर की शोभा बढ़ाई। उन्होंने समाज के लिए इस नेक काम के लिए प्रशिक्षुओं और कर्मचारियों की सराहना की और प्रशिक्षुओं को मानवता की सेवा करने के लिए अपने भविष्य के जीवन में इसी भावना को जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रशंसा प्रमाण पत्र, उपहार, मोमेंटो और जलपान प्रदान किया।

## यमुनानगर में छत पर लगाए थे अफीम के पौधे, आरोपी काबू

**अनंत ज्ञान, यमुनानगर।** पुलिस चौकी फर्कपुर की टीम ने 4.714 किलो ग्राम अफीम के पौधों सहित एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर कोर्ट में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता की जांच कर रही है।

सोमवार को चौकी इंचार्ज मनोज कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि नई नंदा कालोनी में एक व्यक्ति ने अपनी मकान की छत पर गैर कानूनी तरीके से काफी मात्रा में नशा पदार्थ अफीम के पौधों की खेती की हुई है। इस सूचना पर टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर घर के मालिक को आवाज लगाई। पूछताछ पर जिसने अपना नाम कृष्ण लाल बताया। टीम ने जब घर की छत की तलाशी ली तो वहां पर थर्माकोल के तीन डिब्बों में काफी मात्रा में अफीम के पौधे उगाए हुए थे। पौधों को उखाड़ कर जब इनका वजन किया तो इनका वजन 4.714 किलोग्राम था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आज कोर्ट में पेशकर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## ओजस अस्पताल में हुई फिजिशियन-मॉडिफाइड फेनेस्ट्रेटेड एंडोवैस्कुलर एनेयुरिज्म रिपेयर सर्जरी

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**



अल्केमिस्ट हॉस्पिटल्स की यूनिट ओजस हॉस्पिटल, पंचकूला में 73 वर्षीय महिला मरीज में जीवन के लिए खतरा बनी ऐऑर्टिक (महाधमनी) एन्यूरिजम का क्षेत्र की पहली फिजिशियन-मॉडिफाइड फेनेस्ट्रेटेड एंडोवैस्कुलर एनेयुरिज्म रिपेयर (ईवीएआर) सर्जरी दुवारा सफलतापूर्वक इलाज किया गया। यह जटिल, लेकिन मिनिमली इनवेसिव सर्जरी, वैस्कुलर केयर के क्षेत्र में एक बड़ा कदम है और ट्राईसिटी में अब तक की गई केवल पांच ऐसी सर्जरियों में से एक है।

डॉ अग्रवाल ने बताया कि यह अत्याधुनिक प्रक्रिया हमें ऑपरेशन टेबल पर ही स्टेंट में छोटी-छोटी फेनेस्ट्रेशन (होल) बनाकर उसे मरीज की स्थिति के अनुसार अनुकूलित करने की सुविधा देती है, ताकि मुख्य धमनी से निकलने वाली किडनी और आंतों की महत्वपूर्ण धमनियों में रक्त प्रवाह बना रहे।

श्स्टेंट शरीर के अंदर लगाने के बाद इन फेनेस्ट्रेशन के माध्यम से चार अतिरिक्त स्टेंट डाले जाते हैं ताकि आवश्यक अंगों तक निरंतर रक्त आपूर्ति बनी रहे। पूरी सर्जरी केवल 3 सेंटीमीटर की छोटी सी चीरा से की गई जो पारंपरिक ओपन सर्जरी में लगने वाले बड़े चीरे की तुलना में कहीं कम है, और मरीज को मात्र दो दिन बाद ही स्थिर स्थिति में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# देश-विदेश

## आरएसएस-भाजपा जातीय जनगणना नहीं चाहती, हम करवाकर रहेंगे : राहुल

**एजेंसी, बेगूसराय**



**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी सोमवार को बिहार दौरे पर पहुंचे। जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने मोदी सरकार और आरएसएस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने माय एक्सपेरिमेंटस् विथ ट्रुथ लिखा था। मोदी शायद माय एक्सपेरिमेंटस् विथ लाइज लिखेंगे।

**बोले- ट्रंप की वजह से शेयर बाजार में गिरावट**

शेयर बाजार में भारी गिरावट पर राहुल ने कहा कि अमेरिकी प्रेसिडेंट ट्रंप ने शेयर बाजार की धज्जियां उड़ी दी है। आज मार्केट धराशाई हो गया है। आरएसएस पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के संविधान में सावरकर की सोच नहीं है। इसमें महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू और अंबेडकर जैसे लोगों की सोच है। आज इस देश में आदिवासी, दलित सेकंड सिटिजन है। राहुल गांधी पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन में पहुंचे थे। इससे पहले उन्होंने बेगूसराय में कांग्रेस की पलायन रोको, नौकरी दो यात्रा में हिस्सा लिया। कन्हैया कुमार के साथ एक किलोमीटर पैदल यात्रा की।

## मणिपुर में भाजपा नेता का घर जलाने के बाद लिलोंग में निषेधाज्ञा लागू

**इंफाल।** वक्फ (संशोधन) अधिनियम का समर्थन करने पर भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष मोहम्मद असकर अली के घर में आगजनी की घटना के एक दिन बाद थौबल जिला प्रशासन ने सोमवार को पूरे लिलोंग विधानसभा क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी।

जिलाधिकारी की ओर से जारी आदेश में पांच या उससे अधिक लोगों के इकट्ठा होने और लोगों के आग्नेयास्त्र, तलवार, लाठी, पत्थर या अन्य घातक हथियार ले जाने पर रोक लगा दी गई है।

## इसराइल ने गाजा के 50 प्रतिशत हिस्से को अपने नियंत्रण में लिया

**एजेंसी, तेल अवीव**



**हमास** के खिलाफ पिछले महीने युद्ध फिर से शुरू करने के बाद से इसराइल ने गाजा पट्टी में अपने प्रभाव का तेजी से विस्तार किया है और अब वहां 50 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र उसके नियंत्रण में हैं। इसराइली सैनिकों और अधिकार समूहों ने बताया कि सेना की ओर से नियंत्रित सबसे बड़ा निकटवर्ती क्षेत्र गाजा सीमा के आसपास है, जहां सेना ने फिलिस्तीनी मकानों, कृषि भूमि और बुनियादी ढांचे को इस हद तक तबाह कर दिया है कि अब वहां रहना असंभव है।

हाल के सप्ताह में इस सैन्य 'बफर जोन' का आकार दोगुना हो गया है। इसराइल का कहना है कि उसकी यह कार्रवाई अस्थायी रूप से जरूरी है, ताकि सात अक्तूबर, 2023 को हुए हमले के दौरान बंधक बनाए गए शेष लोगों को रिहा करने के लिए हमास पर दबाव बनाया जा सके। हमास की ओर से सात अक्तूबर 2023 को किए गए हमले के बाद यह युद्ध शुरू हुआ था।

## सुप्रीम कोर्ट का लालू के करीबी की जमानत के खिलाफ ईडी की याचिका पर विचार से किया इनकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को भारतीय रेलवे में भूमि के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के करीबी सहयोगी और व्यवसायी अमित कत्याल को दी गई जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप नहीं करना चाहती। पीठ ने कहा कि कोई बड़ा आदमी नहीं। मुख्य लोग गिरफ्तार नहीं किए गए हैं। छोटी मछलियों के पीछे ही क्यों पड़ना? क्या आपको उन पर कार्रवाई से डर लगता है। आपने 11 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया?

## हज से पहले सऊदी अरब ने किया भारत-पाकिस्तान का वीजा रद्द

**एजेंसी, रियाद**


**सऊदी** अरब ने अस्थायी तौर पर 14 देशों के लिए वीजा देने की सर्विस को सस्पेंड कर दिया है। इन देशों में भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं। उमरा, बिजनेस और फैमिली विजिट के लिए मिलने वाले वीजा पर जून महीने के मध्य तक बैन रह सकता है। इसी दौरान मक्का में हज यात्रा होगी। जानकारी के मुताबिक, यह फैसला इसलिए लिया है, ताकि लोगों को बिना पूरे रजिस्ट्रेशन के हज करने से रोका जा सके। हालांकि, जिन लोगों के पास वीजा है, वे 13 अप्रैल तक सऊदी अरब पहुंच सकते हैं। हज यात्रा 4 जून से 9 जून तक रहेगी। प्रभावित यात्रियों से नए नियमों का पालन करने को कहा गया है, अगर कोई व्यक्ति इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो अगले पांच साल तक सऊदी अरब में उसकी एंट्री पर रोक लगाई जा सकती है।

## नेपाल के पूर्व डिप्टी पीएम लामिछाने को न्यायिक हिरासत में भेजा

**काठमांडू।** सहकारी घोटाले में नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री रवि लामिछाने की निचली अदालत से मिली जमानत हाईकोर्ट ने रद्द कर दी और उन्हें न्यायिक हिरासत में भैरहवा जेल भेज दिया है। बुटवल हाईकोर्ट ने रवि लामिछाने को जिला अदालत से मिली जमानत को रद्द करते हुए तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने का आदेश दिया था। अदालत के आदेश पर शुक्रवार की मध्य रात को रवि लामिछाने की गिरफ्तारी हुई थी। काठमांडू स्थित अपने निवास से गिरफ्तार किया गया था।

## सीमा की रक्षा के लिए इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली की जा रही तैनात : अमित शाह

**एजेंसी, जम्मू**



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि सरकार देश की सीमाओं की रक्षा के लिए इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली तैनात कर रही है और जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ को विफल करने के लिए सीमा के आसपास सुरंगों का पता लगाने एवं उन्हें नष्ट करने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया जाएगा।

कठुआ जिले के हीरानगर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास सीमा चौकी विनय के दौरे के दौरान बीएसएफ कर्मियों को संबोधित करते हुए शाह ने बल के योगदान की सराहना की और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए जवानों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हम सीमाओं पर इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली तैनात कर रहे हैं, जिसके दो मॉडल हैं...अगर कुछ भी होता है (दुश्मन की तरफ से), तो आप तुरंत जवाब दे सकेंगे। शाह ने कहा कि प्रौद्योगिकी से सुगमता बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। साथ ही भूमिगत सुरंगों की पहचान करने और उन्हें नष्ट करने के लिए तकनीकी साधन भी अपनाए जाएंगे। उन्होंने पूरे वर्ष सीमाओं की रक्षा करने में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के समर्पण और निष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि 'असली चुनौती तभी समझ में आती है जब कोई उस स्थान का दौरा करता है।'

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ठंड, बारिश या भीषण गर्मी में जब तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर जाता है, तो आप दुश्मन की गतिविधियों पर नजर रखते हुए अग्रिम चौकियों पर 365 दिन और 24 घंटे तैनात रहते हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ का इतिहास उज्ज्वल है और पूरा देश राष्ट्र की रक्षा में उनकी भूमिका जानता है। शाह ने कहा कि पाकिस्तान के साथ पिछले युद्धों में बीएसएफ का योगदान सेना के समान ही था।

## यमन में अमेरिकी हवाई हमलों में 4 लोगों की मौत

**दुबई।** हूती विद्रोहियों की ओर से नियंत्रित यमन की राजधानी सना में संदिग्ध अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। हूती संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। बहरहाल, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से साझा किए गए हमले के एक वीडियो से संकेत मिलता है कि हताहतों की संख्या हूती विद्रोहियों की ओर से बताई गई संख्या से अधिक है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि सना में एक मकान को निशाना बनाया गया। उसने बताया कि इन हमलों में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 16 अन्य लोग घायल हो गए। इससे पहले रविवार को ईरान समर्थित हूती व्रिदोहियों ने कहा कि संदिग्ध अमेरिकी हवाई हमलों में उनके गढ़ सादा में कम से कम दो लोगों की जान चली गई।

## पाकिस्तान सुरक्षाबलों ने किए आठ आतंकी ढेर



**एजेंसी, पेशावर**

**अशांत** खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर घुसपैठ की कोशिश कर रहे आठ आतंकवादियों को पाकिस्तान के सुरक्षाबलों ने मार गिराया और इस दौरान चार आतंकी घायल हो गए। सेना की मीडिया मामलों की शाखा ने यह जानकारी दी। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि उत्तरी वजीरिस्तान के हसन खेल के सामान्य क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा से घुसपैठ की कोशिश कर रहे खवारिज के एक समूह को देखा गया था, जिसमें बाद यह कार्रवाई की गई।

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**निकोलस पूरन**
201




पर्पल कैप
**नूर अहमद**
10



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
16

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली | 03 | 03 | 00 | 06 |
| 2. | गुजरात | 04 | 03 | 01 | 06 |
| 3. | बेंगलुरु | 03 | 02 | 01 | 04 |
| 4. | पंजाब | 03 | 02 | 01 | 04 |
| 5. | कोलकाता | 04 | 02 | 02 | 04 |
| 6. | लखनऊ | 04 | 02 | 02 | 04 |
| 7. | राजस्थान | 04 | 02 | 02 | 04 |
| 8. | मुंबई | 04 | 01 | 03 | 02 |
| 9. | चेन्नई | 04 | 01 | 03 | 02 |
| 10. | हैदराबाद | 05 | 01 | 04 | 02 |

## आईपीएल

### महेंद्र सिंह धोनी डेथ ओवरों में बड़े शॉट खेलने में नाकाम

# चेन्नई सुपरकिंग्स को पंजाब किंग्स से मिलेगी कड़ी चुनौती

**एजेंसी, मुल्लांपुर**

चेन्नई सुपरकिंग्स को इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले मैच से पूर्व जिस सबसे बड़ी समस्या का हल खोजना होगा, वह महेंद्र सिंह धोनी की डेथ ओवरों में बड़े शॉट खेलने में नाकामी है। सुपरकिंग्स ने आईपीएल सत्र की अपनी सबसे खराब शुरुआत में से एक करते हुए लगातार तीन मैच गंवाए हैं और वह भी लक्ष्य का पीछा करते हुए।

पंजाब किंग्स को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन मौजूदा फॉर्म के साथ कागजों पर श्रेयस अय्यर की टीम सुपरकिंग्स की तुलना में अधिक मजबूत दिख रही है। सुपरकिंग्स की टीम संयोजन की समस्या से जूझ रही है। अंतिम ओवरों में धोनी की मौजूदगी को एक समय वरदान माना जाता था, लेकिन अब यह 'येलो ब्रिगेड' के लिए अभिशाप बन रही है।



अपना 18वां आईपीएल सत्र (विराट कोहली और रोहित शर्मा के अलावा एकमात्र खिलाड़ी) खेल रहे धोनी का तेज हालांकि ऐसा है कि टीम में शायद कोई भी उनके पास जाकर उन्हें आईना नहीं दिखा सकता। 'ब्रांड धोनी' अब भी सुपरकिंग्स के प्रशंसकों के दिलों पर राज करते हैं और जब वह मैदान पर उतरते हैं, तो उनके नाम के नारे लगते हैं, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच निश्चित रूप से उनके समर्थकों के लिए आंख खोलने वाला था कि टीम में उनके 'प्यारे थाला' से कहीं अधिक चीजें हैं और शायद अब आगे बढ़ने का समय आ गया है।

विरोधी अब पहले बल्लेबाजी करने और किसी तरह 180 से अधिक का स्कोर बनाने की उम्मीद करते हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि शिवम दुबे के रन नहीं बनाने की स्थिति में सुपरकिंग्स के लिए इस लक्ष्य को हासिल करना कठिन होगा। दुबे आक्रामक बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाते हैं लेकिन उनकी सफलता की दर 50 प्रतिशत मानी जाती है।

इन सभी वर्षों में धोनी की महानता यह रही है कि वह समय का पूरा ध्यान रखते हैं, चाहे वह कप्तानी से विदाई लेना हो या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास। क्या वह एक बार फिर खुद फैसला करेंगे या किसी के इशारे का इंतजार करेंगे? धोनी के खराब प्रदर्शन के कारण सुपरकिंग्स मुश्किल स्थिति में है क्योंकि उसका शीर्ष क्रम लय में नहीं है और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को सलामी बल्लेबाज की भूमिका छोड़नी पड़ी है। अनुभव लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल के सुपरकिंग्स के खिलाफ महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है क्योंकि अपने पूर्व भारतीय कप्तान के खिलाफ उनका पलड़ा भारी रहा है। विभिन्न आईपीएल मैच में चहल और धोनी 10 मौकों पर आमने-सामने आए हैं और हरियाणा के लेग स्पिनर ने उन्हें पांच बार आउट किया है। इसके अलावा पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर और निहाल वढेरा भी अच्छी फॉर्म में हैं।

**▶▶ मैच : शाम 7.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**चेन्नई सुपरकिंग्स:** रुतुराज गायकवाड़, महेंद्र सिंह धोनी, रविंद्र जडेजा, शिवम दुबे, मथीशा पथिराना, नूर अहमद, रविचंद्रन अश्विन, डेवोन कॉनवे, सैयद खलील अहमद, रचिन रविंद्र, राहुल त्रिपाठी, विजय शंकर, सैम कुरेन, शेख राशिद, अंशुल कंबोज, मुकेश चौधरी, दीपक हुड्डा, गुरजनप्रीत सिंह, नाथन एलिस, जेमी ओवरटन, कमलेश नागरकोटी, रामकृष्णन घोष, श्रेयस गोपाल, वंश बेदी और आंद्रे सिद्दार्थ।

**पंजाब किंग्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, निहाल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बरार, विष्णु विनोद, मार्को यानसेन, लॉकी फर्ग्युसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य और अजमतुल्लाह उमरजई।

# कोहली की फिफ्टी, रॉयलस चैलेंजर्स ने दी बड़ी चुनौती

**एजेंसी, मुंबई**

मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। पहले बल्लेबाजी करने आए बेंगलुरु के फिल सॉल्ट और विराट कोहली ने मोर्चा संभाला, लेकिन फिल सॉल्ट को ट्रेंट बोल्ट ने मात्र 4 रन पर बोल्ड कर दिया। उसके बाद बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने कुछ देर कोहली के साथ पारी को संभाला और 22 गेंदों में 37 रन बनाकर विल जैक्स के हाथों कैच दे बैठे। समाचार लिखे जाने तक बेंगलुरु ने 11 ओवर में 2 विकेट के नुक्सान पर 123 रन बना लिए थे। विराट कोहली (60) और रजत पाटीदार (19) रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए थे।



# इशांत शर्मा पर उल्लंघन के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना

**एजेंसी, हैदराबाद**

गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा पर रविवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही एक डिमेरिट अंक उनके खाते में जोड़ा गया। इंडियन प्रीमियर लीग ने एक बयान में कहा, ''इशांत शर्मा ने नियम 2.2 के तहत लेवल एक के अपराध को स्वीकार किया और मैच रेफरी की सजा को स्वीकार किया।''



बयान के अनुसार, ''आचार संहिता के लेवल एक उल्लंघन के लिए मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।'' आईपीएल की आचार संहिता का नियम 2.2 'मैच के दौरान क्रिकेट उपकरण या कपड़े, मैदान उपकरण या साजो-सामान के दुरुपयोग' से संबंधित है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इशांत ने गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया और चार ओवर में बिना विकेट हासिल किए 53 रन लुटाए। कुल-मिलाकर उन्होंने तीन मैच में 107 रन दिए हैं और केवल एक विकेट लिया है।

## स्पोर्ट्स विंडो

### मेरे पास यह तय करने के लिए 10 महीने हैं कि मैं एक और साल खेलूं या नहीं: धोनी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी इंडियन प्रीमियर लीग में अपने भविष्य को लेकर बढ़ती अटकलबाजी से दूर रहे और कहा कि उनके करियर को खत्म करने का फैसला इस बात पर निर्भर करता है कि उनका शरीर शीर्ष स्तर के क्रिकेट की मांग पर कैसे प्रतिक्रिया देता है और उनके पास यह फैसला करने के लिए '10 महीने' हैं। मौजूदा आईपीएल में धोनी उस तरह का प्रभाव नहीं डाल पाए हैं जैसा कि वह आमतौर पर निचले मध्य क्रम में बल्लेबाजी करते हुए डालते हैं। शॉट में टाइमिंग की कमी और प्रभावहीनता चार मैच में उनके द्वारा बनाए गए 76 रन के दौरान साफ नजर आई जिसके बाद विशेषज्ञों ने कप्तान के रूप में दो विश्व कप जीतने वाले धोनी को आगे बढ़ने की सलाह दी। हाल ही में उद्यमी राज शमानी के पॉडकास्ट पर धोनी ने कहा, ''मैं अब भी आईपीएल खेल रहा हूं और मैं एक बार में एक साल पर ध्यान दे रहा हूं। मैं अभी 43 साल का हूं और इस आईपीएल सत्र के अंत तक मैं 44 साल का हो जाऊंगा।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए मेरे पास यह तय करने के लिए 10 महीने हैं कि मैं एक और साल खेलना चाहता हूं या नहीं और यह मुझे तय नहीं करना है क्योंकि यह मेरा शरीर तय करता है कि मैं खेल सकता हूं या नहीं।''



### तानिया भाटिया का बिंदास स्टाइल

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर तानिया भाटिया बेहद हॉट हैं। तानिया ने 2018 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे में पदार्पण किया। भाटिया खेल के साथ-साथ खूबसूरती में भी लोगों का दिल जीतने में सबसे आगे है।



### कपिल सेन ऑल इंडिया एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अर्की उपमंडल की ग्राम पंचायत चाखड़ के होनहार युवक कपिल सेन ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कपिल सेन का चयन हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड की टीम में ऑल इंडिया एथलेटिक्स एवं वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता आगामी दिनों में मुंबई महाराष्ट्र में आयोजित की जाएगी। कपिल सेन वर्तमान में हिमाचल प्रदेश बिजली बोर्ड में एसएसए के पद पर चमाकड़ीपुल में कार्यरत हैं। उनके चयन से न केवल परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि पूरे गांव और उपमंडल में भी गर्व की लहर है। स्थानीय लोगों और पंचायत प्रतिनिधियों ने कपिल की इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि क्षेत्र के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। कपिल की मेहनत और लगन ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा और समर्पण हो तो कोई भी मंजिल दूर नहीं।



# रुद्रांक्ष ने शूटिंग वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर राइफल में जीता गोल्ड

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष बलासाहेब पाटिल ने अर्जेंटीना में चल रहे आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्ड कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, भारत के ही अर्जुन बाबूता फाइनल में सातवें स्थान पर रहे। रुद्रांक्ष ने फाइनल की शुरुआत से ही बढ़त बना ली थी। पहले सीरीज में 53.2 अंक जुटाकर वह टॉप पर रहे और पूरे फाइनल के दौरान अपनी पकड़ बनाए रखी। हंगरी के इस्तवान पेनी एक बार उन्हें चुनौती देने की स्थिति में आए, लेकिन रुद्रांक्ष ने जल्द ही वापसी करते हुए गोल्ड मेडल पक्का कर लिया। पेनी को सिल्वर से संतोष करना पड़ा।

दूसरी ओर अर्जुन बाबूता का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। उन्होंने शुरुआती पांच शॉट्स में सिर्फ 50.4 अंक हासिल किए। हालांकि एक 10.5 स्कोर ने उन्हें पहले एलिमिनेशन से बचा लिया, लेकिन अगली सीरीज में वह बाहर हो गए और सातवें स्थान पर रहे।

चीन के वांग होंघाओ ने कई बार एलिमिनेशन से खुद को बचाया, लेकिन ब्रॉन्ज मेडल की दौड़ में वह अर्जेंटीना के एमजे गुटिरेज से पिछड़ गए। गुटिरेज ने घरेलू दर्शकों के सामने कांस्य पदक अपने नाम किया।

### क्वालिफिकेशन में भारतीयों का दबदबा

**इससे** पहले क्वालिफिकेशन राउंड में बाबूता और रुद्रांक्ष ने क्रमशः पहले और दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। बाबूता ने 634.5 और रुद्रांक्ष ने 633.7 स्कोर किया। किरण अंकुश जाधव ने भी टॉप आठ में जगह बनाई, लेकिन वह आरपीओ (रैंकिंग प्वॉइंट्स ओनली) के तहत खेल रहे थे, जिससे वह फाइनल में जगह नहीं बना सके। दिव्यांश सिंह पंवार (628.0, आरपीओ) और हृदय हजारिका (624.6) भी प्रतियोगिता में शामिल रहे।



# खेल के तीनों विभागों में बड़े **सुधार की जरूरत**, लेकिन विटोरी चिंतित नहीं

**एजेंसी, हैदराबाद**

सनराइजर्स हैदराबाद के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि आईपीएल में उनकी लगातार चौथी हार खेल के तीनों विभागों में खराब प्रदर्शन के कारण हुई और अगर उन्हें हार से उबरना है तो इसमें सुधार करना होगा। पिछले साल बेहद आक्रामक खेल दिखाकर फाइनल में जगह बनाने वाली सनराइजर्स की टीम मौजूदा सत्र में आक्रामक फॉर्म बरकरार नहीं रख पाई है। टीम के शीर्ष तीन खिलाड़ियों ट्रेविस हेड, अभिषेक शर्मा और इशान किशन के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी है। रविवार रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ हार के बाद विटोरी ने कहा, ''मुझे लगता है कि कमरे में मौजूद हर कोई व्यक्ति इसे समझता है और पिछले चार मैच में यह करीबी मुकाबला नहीं रहा है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन बेशक हमारे लिए चुनौती आगे बढ़ना है क्योंकि हर आईपीएल टीम किसी ना किसी चरण में हार का सामना करती है और अब हमारे पास टूर्नामेंट में अब तक बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे पंजाब के खिलाफ खेलने से पहले पांच दिन का ब्रेक है।'' विटोरी ने कहा, ''हमें उस मैच के लिए तैयार रहना होगा।'' हालांकि, घबराना या चिंतित होना विटोरी और कप्तान पैट कमिंस के स्वभाव में नहीं है। विटोरी को यह स्वीकार करने में कोई झिझक नहीं है कि उनकी टीम ने अपने सर्वश्रेष्ठ से बहुत निचले स्तर का प्रदर्शन किया है।न्यूजीलैंड के इस पूर्व स्पिनर ने कहा, ''हम पिछले चार मैच में से किसी में भी अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब नहीं पहुंच पाए और मुझे लगता है कि तीनों विभाग में ऐसा हुआ। मुझे लगता है कि अधिकांश टीम का स्तर उनके क्षेत्ररक्षण पर निर्भर करता है और हम क्षेत्ररक्षण में बहुत खराब रहे हैं। इसलिए अब और पंजाब के मैच के बीच में हमें इस पर काम करना होगा।''



## लीवरपूल हारा, साउथम्पटन का निचली लीग में खिसकना तय

**एजेंसी, मैनचेस्टर।** खिताब की दौड़ में सबसे आगे चल रहे लीवरपूल को रविवार को यहां इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में फुलहम के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दूसरी तरफ साउथम्पटन की टीम टोटेनहैमन के खिलाफ 1-3 की हार के साथ इंग्लैंड की शीर्ष लीग से रेलीगेट (निचली लीग में खिसकना) होने वाली पहली टीम बनी। अन्य मुकाबलों में मैनचेस्टर यूनाईटेड और मैनचेस्टर सिटी का मैच ओल्ड ट्रैफर्ड में गोल रहित ड्रॉ रहा, जबकि चेल्सी और ब्रेंटफोर्ड ने भी गोल रहित ड्रॉ खेला।

लीवरपूल की हार का मतलब है कि टीम ने दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल पर 14 अंक की बढ़त बनाने और रिकॉर्ड की बराबरी करने वाले 20वें ईपीएल खिताब के करीब पहुंचने का मौका गंवा दिया। लीवरपूल की टीम 31 मैच में 73 अंक के साथ शीर्ष पर है। दूसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल के इतने ही मैच में 62 अंक हैं। साउथम्पटन की टीम 31 मैच में सिर्फ 10 अंक के साथ 20 टीम की तालिका में अंतिम स्थान पर है।

# मुंबई इंडियंस ने दो बार डब्ल्यूपीएल जिताने वाली कोच चार्लोट एडवर्ड्स से नाता तोड़ा

**एजेंसी, मुंबई**



विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में दो बार मुंबई इंडियंस को चैंपियन बनाने वाली हेड कोच चार्लोट एडवर्ड्स अब इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की मुख्य कोच बन गई हैं। इस नई जिम्मेदारी के साथ ही उन्होंने मुंबई इंडियंस से अपने सफल सफर को विराम दे दिया है।

मुंबई इंडियंस ने सोमवार को एक भावुक संदेश के साथ उनके विदा होने की पुष्टि की। फ्रैंचाइजी ने कहा कि चार्लोट एडवर्ड्स, जिन्होंने तीन सीजन में टीम को दो डब्ल्यूपीएल खिताब दिलाए, उन्हें उनकी टीम की खिलाड़ी हमेशा याद करेंगी। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित किया और उनमें आत्मविश्वास भरकर उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए तैयार किया। मुंबई इंडियंस के प्रवक्ता ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि चार्लोट एक ऐसी नेता रही हैं, जिनके लिए सभी सदस्य अत्यंत सम्मान और प्रशंसा रखते हैं। तीन वर्षों में दो खिताब जीतना, खिलाड़ियों को निखारना और मुंबई की विरासत को आगे ले जाना उनके योगदान की मिसाल है।


## फुटबाल

### पहले टोरंटो ने मारा गोल, फिर लियोनेल मेसी ने दिलाई बराबरी

# इंटर मियामी को टोरंटो एफसी ने बराबरी पर रोका

**एजेंसी, फोर्ट लॉडरडेल (फ्लोरिडा)**

फोर्ट लॉडरडेल, फ्लोरिडा में रविवार रात लियोनेल मेसी की इंटर मियामी और फेडेरिको बेर्नार्डेस्की की टीम टोरंटो एफसी के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 से ड्रॉ समाप्त हुआ। मुकाबले में मेसी और फेडेरिको बेर्नार्डेस्की ने अपनी अपनी टीमों के लिए एक-एक गोल किए। इस ड्रॉ के साथ इंटर मियामी (4-0-2, 14 अंक) ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में पहले स्थान से फिसल गई, जबकि टोरंटो एफसी (0-4-3, 3 अंक) ने एक मुश्किल मुकाबले से अंक हासिल किया। इंटर मियामी की इस नाकामी को और निराशाजनक इसलिए भी माना जा रहा है, क्योंकि टीम में लियोनेल मेसी के साथ लुइस सुआरेज, जॉर्डी अल्बा और सर्जियो बुस्केट्स जैसे दिग्गज खिलाड़ी शुरुआत से ही मैदान पर मौजूद थे। बावजूद इसके टीम दो बार गोल करने के बाद भी स्कोरबोर्ड पर बढ़त नहीं बना सकी, क्योंकि एक गोल को ऑफसाइड और दूसरे को फाउल करार देकर खारिज कर दिया गया। दूसरे हाफ की शुरुआत में, 47वें मिनट में लोरेंजो इन्सिन्ये के क्रॉस पर बेर्नार्डेस्की ने शानदार कंट्रोल दिखाते हुए दो डिफेंडरों से घिरे होने के बावजूद गोल कर टोरंटो को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, मेसी ने हाफ टाइम से ठीक पहले पांचवें मिनट की इंजरी टाइम में जवाबी हमला करते हुए टेलास्को सेगोविया की पास पर बॉक्स के बाहर से बाएं पैर से शानदार गोल कर स्कोर 1-1 कर दिया। यह मेसी का इस सीजन एमएलएस में तीसरा और सभी प्रतियोगिताओं में कुल छठा गोल रहा।



# लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे जोकोविच

**एजेंसी, मैड्रिड**

महान टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच स्पेन की राजधानी में होने वाले लॉरेस विश्व खेल पुरस्कारों में आकर्षण का केंद्र होंगे। खिलाड़ियों को दिए जाने वाले पुरस्कारों की यह 25वीं वर्षगांठ है। यह लगातार दूसरा साल है जब पुरस्कार समारोह का आयोजन मैड्रिड में हो रहा है। ये पुरस्कार 21 अप्रैल को प्रतिष्ठित पैलेसियो डी सिबेल्स में दिए जाएंगे।

चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन और पांच बार के लॉरेस के साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जोकोविच ने कहा, ''लॉरेस विश्व खेल पुरस्कार की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए फिर से मैड्रिड आना रोमांचक है। मैंने पिछले साल मैड्रिड में अपना पांचवां लॉरेस खिताब जीतने की यादें संजोई हैं और सौभाग्यशाली हूं कि फिर इस समारोह के शामिल होने का मौका मिला है।'' महान क्रिकेटर स्टीव वॉ, छह बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन और जोकोविच के पूर्व कोच बोरिस बेकर, दिग्गज फुटबॉल काफू, लुई फिगो के अलाव महान जिम्नास्ट नादिया कोमानेची भी समारोह के दौरान मौजूद रहेंगे।

